4 रायपुर संभाग
कलार सिन्हा समाज का सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र...

6 अभिमत
वाहनों से प्रदूषण दिल्लीवासियों का संकट

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
वनांचल क्षेत्र की गर्भवती माताओं के लिए विशेष...

10 संस्कारधानी
आयुक्त अवकाश में. निविदा अटकी, 10 करोड़ के...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 26 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-95 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बिरला का सदस्यों से उच्चतम परंपरा के पालन का आग्रह



**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा के सभी सदस्यों से सदन में बहस और संवाद की उच्चतम परंपराओं का पालन करने का आग्रह किया है। बिरला ने लोकसभा की कार्यमंत्रणा समिति को आज संबोधित करते हुए सदस्यों से रचनात्मक तरीके से अपनी असहमति व्यक्त करने का आग्रह किया और कहा कि सदस्यों को विरोध के नाम पर सदन में हंगामा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, देश में संविधान लागू होने के 75 वर्षों का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में होने वाली उच्च गुणवत्तापूर्ण बहस की गौरवशाली परंपराओं को याद किया।

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को राज्य का दर्जा देने का वादा पूरा करने का आग्रह किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य का दर्जा बहाल करके अपने वादे को पूरा करने का आग्रह किया। कर्रा ने केंद्र सरकार को संसद और बाहर, साथ ही जम्मू-कश्मीर की भूमि से बार-बार दिए गए आश्वासनों की याद दिलाते हुए कहा कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कोई विरोध नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी का सैद्धांतिक रुख है।

### आदित्य ठाकरे बने शिवसेना विधायक दल के नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिव सेना (यूबीटी) के युवा नेता एवं विधायक आदित्य ठाकरे को विधायक दल का नेता चुना गया।



विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने यहां मीडियाकर्मियों को बताया कि ठाकरे जूनियर विधानमंडल के ऊपरी और निचले सदन में पार्टी के नेता होंगे।

### महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत से झूमा बाजार

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाले महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन झूम उठा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 992.74 अंक अर्थात 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ ढाई सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,109.85 अंक पर पहुंच गया।


# कांग्रेस का आरोप- अडानी 2000 करोड़ का घोटाला करके बाहर घूम रहे हैं

## अडानी और मणिपुर मामले पर जोरदार हंगामा, लोकसभा बुधवार तक के लिए स्थगित

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में अडानी और मणिपुर मामले पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण दो बार की बाधा के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी। दोपहर 12 बजे सदन के पुनः समवेत होते ही विपक्षी सदस्य खड़े होकर अडानी और मणिपुर मसले को लेकर शोरशराबा करने लगे और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने व्यवस्था बनाये रखने की अपील का असर होते न देख कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिये स्थगित कर दी। संविधान दिवस पर दोनों सदनों की विशेष बैठक होगी। सदन की बैठक दोबारा शुरू होने के बाद विपक्ष के शोरशराबे के बीच समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव यह कहते हुये सुने गये उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर उनकी पार्टी के सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने के लिये पूरे प्रदेश को हिंसा की आग में झोंक रहे हैं। इसी के साथ ही शोरशराबा करते हुये विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आने लगे। पीठासीन राय ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे हंगामा न करें और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें। शोरगुल शांत न होते देख उन्होंने विपक्ष से कहा, आप सदन की कार्यवाही चलाना नहीं चाहते। हंगामा बढ़ते देख राय ने सदन की कार्यवाही बुधवार (27 नवंबर) पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले शीतकालीन सत्र के पहले दिन आज सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा ने सदन के सदस्य रहे माननीयों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।



**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ जंतर मंतर पर भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। चिब ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने गौतम अडानी के घोटालों के खिलाफ अरेस्ट वारंट निकाला है लेकिन मोदी अपने मित्र पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस मजबूरी की वजह पूछी और कहा कि मोदी अपने मित्र अडानी को बचा रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मोदी और अडानी 'एक हैं तो सेफ हैं। चिब ने यह भी कहा कि मोदी और भाजपा के लोग कहते हैं एक है तो 'सेफ' है, लेकिन 'सेफ' सिर्फ एक ही आदमी है और वह मोदी के मित्र उद्योगपति अडानी? हैं। मोदी का काम सिर्फ अडानी को मुनाफा दिलाना है जबकि देश के युवा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से बेरोजगार घूम रहे हैं। उन्होंने कहा देश में मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जाता है और अडानी 2,000 करोड़ का घोटाला कर के बाहर घूम रहे हैं। क्योंकि मोदी उनकी रक्षा कर रहे हैं। अमेरिका की जांच में कहा गया है कि अडानी ने भारत और अमेरिका में अपराध किया है लेकिन भारत में अडानी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## फडणवीस मुख्यमंत्री, शिंदे बन सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com





भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नये मुख्यमंत्री बनने की संभावना है, जबकि एकनाथ शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री बन सकते हैं। भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने सोमवार को फडणवीस के नाम को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव को गठबंधन सहयोगियों - शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि पवार भी अपने साथी उपमुख्यमंत्री फडणवीस को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में हैं। महायुति के सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस के अलावा, शिवसेना और राकांपा दोनों के पास एक-एक उपमुख्यमंत्री होगा। महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 सीटें जीतीं है। इससे पहले पवार ने रविवार को अपने आवास पर नवनिर्वाचित राकांपा विधायकों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने फडणवीस के प्रति अपना समर्थन जताया। फडणवीस राज्य में भाजपा के सबसे प्रमुख चेहरे हैं , जिन्हें भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विश्वास प्राप्त है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उनके पक्ष में हैं।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज से अम्बेडकर चौक तक आयोजित पदयात्रा में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय पूर्वान्ह 11.50 बजे मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर पहुंचेंगे और दोपहर 12 बजे मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में कई अहम् मुद्दों पर चर्चा होगी और कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

## पौराणिक कथाओं से राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रधर्म को मजबूती : योगी

पायनियर संवाददाता ◄ वाराणसी
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पावन कथाओं ने साबित किया है कि देश धर्म की बात को सुन रहा है और भगवान वेदव्यास का सम्मान कर रहा है। व्यास पीठ सुनाने को तैयार है तो भक्त सुनने को भी तैयार हैं। इन पावन कथाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को संबल व राष्ट्रधर्म को मजबूती मिलती है। योगी ने कहा हमारा ध्येय अपने ईष्ट, देवी-देवताओं, समाज के प्रति होना ही चाहिए, लेकिन हम सबका लक्ष्य होना चाहिए कि राष्ट्र की एकता व अखंडता को कोई चुनौती न देने पाए, क्योंकि उसी में देश, धर्म, समाज, कथाओं की पावन परंपरा बची हुई है। मुख्यमंत्री सोमवार को वाराणसी के सतुआ बाबा गोशाला डोमरी में चल रहे श्रीशिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस कथा के व्यासपीठ पर पंडित प्रदीप मिश्र भक्तों को कथा का श्रवण करा रहे हैं। योगी ने पंडित मिश्र से कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म व भारत के लिए इसी वृहद रूप में बढ़ती रहे। समूचे उत्तर प्रदेश की शुभकामना आपके साथ है।

## बेअंत हत्याकांड में राजोआना की दया याचिका पर चार सप्ताह में फैसला करे केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या मामले में मौत की सजा पाए 28 वर्षों से जेल में बंद प्रतिबंधित बब्बर खालसा के सदस्य 57 वर्षीय बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर फैसला करने के लिए केंद्र सरकार को सोमवार को चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार के अनुरोध पर यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि इस मामले में कुछ संवेदनशीलता शामिल है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने भी कहा कि मामले में कुछ और जानकारी लेने की जरूरत है, इसलिए केंद्र सरकार द्वारा अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। शीर्ष अदालत ने 18 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया था कि वह राजोआना की दया याचिका पर दो सप्ताह में फैसला करने के अनुरोध के साथ उनके (राष्ट्रपति) समक्ष रखें। हालांकि, उसी दिन बाद में सॉलिसिटर जनरल के अनुरोध पर अदालत ने अपने उस आदेश पर रोक लगा दी थी। मेहता ने 18 नवंबर को भी शीर्ष अदालत के समक्ष कहा था कि उसके इस आदेश (राष्ट्रपति के समक्ष दो सप्ताह में विचार करने के का अनुरोध) को प्रभावी नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इस मामले में संवेदनशीलता शामिल है। उन्होंने अदालत से कहा था कि संबंधित दस्तावेज केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास है, न कि राष्ट्रपति कार्यालय के पास। शीर्ष अदालत ने 4 नवंबर को राजोआना की अंतरिम राहत पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## टामन सिंह सोनवानी और एसके गोयल 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर

**रायपुर।** सीजीपीएससी घोटाला मामले में पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और श्रवण कुमार गोयल को



सीबीआई ने 7 दिनों की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी को रायपुर की सेन्ट्रल जेल में रखा जाएगा।

## राष्ट्रपति ने पांच देशों के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किये



वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र पेश किये। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में इथियोपिया, जापान, कोरिया गणराज्य तथा रोमानिया के राजदूतों और ग्रेनेडा के उच्चायुक्त ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में इथियोपिया के राजदूत फेसेहा शॉवेल गेब्रे, जापान के राजदूत ओनो केइची, कोरिया के राजदूत ली सेओंग हो, रोमानिया की राजदूत सेना लतीफऔर ग्रेनेडा के उच्चायुक्त पसुपुलेटी गीता किशोर कुमार शामिल हैं।

### संसद का शीतकालीन सत्र शुरू, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अब बुधवार को

## मतदाता, संविधान, विश्व समुदाय की आशा पर खरे उतरें सांसद : पीएम मोदी


पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले विपक्ष से जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विश्व समुदाय की आशाओं पर खरा उतरने का आह्वान करते हुए अपील की कि उनके व्यवहार से मतदाता, लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संविधान के प्रति उनका समर्पण और संसदीय प्रक्रियाओं में उनके विश्वास की सार्थक अनुगूंज बाहर जानी चाहिए। मोदी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा शीतकालीन सत्र है और माहौल भी शीत ही रहेगा। 2024 का यह अंतिम कालखंड चल रहा है, देश उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है। संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है। जैसे-जैसे 2024 करीब आ रहा है, देश जोश और उत्साह से भर गया है और बेसब्री से 2025 का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संसदीय सत्र कई मायनों में खास है, जिसमें सबसे अहम पहलू हमारे संविधान की 75वीं वर्षगांठ है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए एक गौरवशाली मील का पत्थर है। संविधान सदन में सब मिलकर संविधान के 75वें वर्ष के उत्सव की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा संविधान निर्माताओं ने संविधान का निर्माण करते समय एक एक बिंदु पर बहुत विस्तार से बहस की है और तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई हैं - संसद और हमारे सांसद। संसद में स्वस्थ बहस होनी चाहिए और चर्चाओं में अधिकतम और उचित भागीदारी होनी चाहिए।

### सहकारिता ने भारत में विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण का सफर तय किया है

प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत में सहकारिता ने विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्ति करण तक का सफर किया है और यह भारत के लिए संस्कृति का आधार और जीवन शैली है। मोदी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के वैश्विक सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सहकार से समृद्धि के मंत्र पर चल रही है। उन्होंने कहा , हम सरकार और सहकार की शक्ति को एक साथ जोड़कर भारत को विकसित बनाने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य के विकास में सहकारिता की बहुत बड़ी भूमिका देखते हुए सहकारी समिति को बहुद्देशीय बनाने की दिशा में बढ रहा है।



# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को दिए फल, मिठाई और कंबल, बुजुर्गों के साथ केक काटकर अपने जन्मदिन की शुरुआत की





पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जन्मदिन पर परिवार सहित बिलासपुर के कल्याण कुंज वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। साव ने बुजुर्गों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके साथ समय बिताया। उन्होंने बुजुर्गों को कंबल, फल और मिठाई दिया। बुजुर्गों ने केक काटकर उप मुख्यमंत्री साव का जन्मदिन मनाया और उनकी अच्छी सेहत व दीर्घायु जीवन के लिए आशीष दिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रतनपुर पहुंचकर मां महामाया की पूजा-अर्चना की और राज्य की तरक्की, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में सफाई मित्रों का पैर पखारकर उनका सम्मान किया। साव की जन्मदिन की खुशी में लोगों ने वहां उन्हें लडडुओं से तौला और सभी का मुंह मीठा कराया। उप मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगति की ओर तेजी से अग्रसर है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को उनके पूर्ण आवासों की चाबी सौंपी। उन्होंने रतनपुर में करीब दो करोड़ रुपए के विकास कार्यों के साथ ही हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। इनमें 30 लाख रुपए के छह ई-रिक्शा भी शामिल हैं। साव ने कार्यक्रम में कहा कि ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की नगरी रतनपुर के पुराने वैभव को वापस लाने के लिए हम वचनबद्ध हैं। पिछले दस महीनों में यहां लगभग छह करोड़ रुपए के विकास कार्य किए गए हैं। आगे भी पूरी सक्रियता से यहां काम होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी। उप मुख्यमंत्री साव ने बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत में छह करोड़ 73 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोटा तेज गति से आगे बढ़े, इसके लिए हम लोग गंभीरता से काम कर रहे हैं। यहां की साफ-सफाई की व्यवस्था को और भी दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का काम अकेले नगर पंचायत का नहीं है। हम सभी को इसमें भागीदारी निभानी होगी। साव ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण के चेक वितरित किए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत हितग्राहियों को आवासों के स्वीकृति पत्र और पूर्ण हो चुके आवासों की चाबी भी सौंपी। बिलासपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री अरुण चौहान और कोटा नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती अमृता प्रदीप कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी इस दौरान मौजूद थे।

# श्री रामलला दर्शन योजना : रायपुर से 850 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-07 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस दौरान खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्री रामलला दर्शन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकले हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे हैं। रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन के लिए योजना की शुरूआत की है। अयोध्या के दर्शन हम जैसे लोगों के लिए असंभव था, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन संभव हुआ है। अयोध्या धाम की यात्रा को लेकर हमें बहुत खुशी हो रही है। अयोध्या में श्री रामलला के भव्य और सुंदर मंदिर बनाए गए है। यात्रा के दौरान हम सभी को काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का लाभ भी प्राप्त होगा।

# कलेक्टर पहुंचे माना स्थित पीएल होम निवासरत वृद्ध महिलाओं से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह माना स्थित पुर्नर्वास विभाग द्वारा संचालित पीएल होम पहुंचे। यहां पर शरणार्थी निराश्रित वृद्ध महिलाएं निवासरत हैं। डॉ सिंह ने वृद्ध महिलाओं के बीच स्वयं गए और उनसे मुलाकात की। कलेक्टर ने कहा कि यहां निवासरत बुजुर्ग माताओं के तकलीफें का समाधान किया जाएगा। उन्होंने हर महीने निर्धारित समय पर राशन और कैसडोल देने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि यहीं नहीं हर महीने इनके ईलाज के लिए चिकित्सक की सुविधा उपलब्ध होगी, जो इनका ईलाज समय में कर सके और दवाईयॉ भी उपलब्ध कराएं। डॉ सिंह ने मोबाईल मेडिकल यूनिट का समय समय पर वृद्धजनों के आवास में भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वृद्ध महिलाओं को शॉल भी वितरित किया। डॉ सिंह ने इन उक्त वृद्ध महिलाओं के आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आवास के आस पास नए भवन बनाएं जाऐगे जिसमें मंदिर, गार्डन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

# अपराधी राह चलते चाकू मार रहे, गोलियां चल रही, हत्याएं हो रही, पुलिस आंकड़ों का खेल खेल रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस के द्वारा राजधानी में अपराध के आंकड़े कम होने का दावा खारिज करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति बेलगाम हो चुकी है। अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाय पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है। नागरिक रोज चाकुओं से गोदे जा रहे, गोलियां चल रही, बस स्टैण्ड में महिला के साथ बलात्कार हो रहा, सिपाही की प्रताड़ना से आम आदमी आत्महत्या कर रहा, सूखे नशा करके अपराधी राह चलते चाकू मार रहे, पुलिस आंकड़ों का खेल खेल रही है। पुलिस के आंकड़े डरे सहमे शहरी के जले पर नमक छिड़कने वाले है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेलगाम हो गये है। आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। रायपुर शहर में नवंबर माह में 23 से अधिक हत्याएं हुई है। प्रदेश का हर नागरिक डरा हुआ है। महिलायें असुरक्षित है। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं बढ़ गयी है। एक ही दिन में राजधानी के विधानसभा के पास आमासिवनी में शराब दुकान के सामने दो-दो हत्याये हुई, पुरानी बस्ती थाने के चंद कदमों की दूरी पर पेट्रोल डालकर एक युवक को जिंदा जला दिया गया, तेलीबांधा में गवाह को धमकाने अपराधियों ने हमला कर दिया, दिनदहाड़े गोलियां चल रही है, गैंगवार हो रहे हैं। दीवाली के दिन ही राजधानी रायपुर में 9 हत्या हुई, दुर्ग में 4 हत्यायें हुई। रायपुर में रोज हत्याएं हो रही है लेकिन यह सरकार आपराधिक घटनाअें को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। राजधानी में 11 माह में 5 गोली कांड हुआ, अंतरराज्यीय गैंगस्टर रायपुर तक पहुंच गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सबसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले रायपुर के सेन्ट्रल जेल परिसर के सामने एक व्यक्ति को गोली मार दी गयी। गृहमंत्री के जिले से बेलगाम हुआ अपराध मुख्यमंत्री के गृह ग्राम तक पहुंच गया। राजधानी रायपुर में चला हत्याओं का गोलीबारी का खौफनाक मंजर पूरे प्रदेश में फैल चुका है।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा में निधि कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह नवंबर 2024 में निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में क्रमशः जनपद पंचायत बालोद, कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट ऑफिस बलौदाबाज़ार, जिला पंचायत बलरामपुर, एन एम डी सी स्टील प्लांट नगरनार जगदलपुर, जनपद पंचायत बेमेतरा, नेशनल हेल्थ मिशन बीजापुर, ईएसआईसी ब्रांच बिलासपुर, एनएमडीसी किरंदुल दंतेवाड़ा, जिला पंचायत धमतरी, ईएसआईसी राधिका नगर भिलाई-दुर्ग, जनपद पंचायत गरियाबंद, श्रम कार्यालय गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टर परिसर जांजगीर, जनपद पंचायत जशपुर, जिला पंचायत कबीरधाम (कवर्धा), कलेक्टर परिसर कांकेर, जनपद पंचायत छुईखदान खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, नगर पालिका निगम कोंडागांव, श्रम कार्यालय रामपुर कोरबा, नगर पालिका परिसद बैकुंठपुर कोरिया, जिला पंचायत महासमुंद, नगर निगम मनेन्द्रगढ़, जनपद पंचायत कार्यालय मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट परिसर मुंगेली, जिला पंचायत कार्यालय नारायणपुर, ईएसआईसी कार्यालय रायगढ़, ईएसआईसी कार्यालय चौबे कॉलोनी रायपुर, ईएसआईसी कार्यालय वर्धमान नगर राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, जिला पंचायत अंबिकापुर सरगुजा, नगर पालिका परिषद् सक्ती, नगर पालिका कार्यालय सुकमा, जिला पंचायत सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आज राजधानी में संविधान दिवस पदयात्रा

**रायपुर।** भारतीय संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर 26 नवंबर 2024 को सुबह 9.30 बजे राजधानी रायपुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पदयात्रा के प्रारंभ में पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय के सभागार में संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके बाद चिकित्सा महाविद्यालय कलेक्टोरेट परिसर अम्बेडकर चौक तक पदयात्रा निकाली जाएगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोक सभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब के साथ छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल होंगे।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने मनेंद्रगढ़ के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। जायसवाल ने धान खरीदी केंद्र रतनपुर, बरदर, खड़गंवा और बड़ाबाजार केंद्रों का निरीक्षण करते हुए धान खरीदी का जायजा लिया। जायसवाल ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए समितियों में धान खरीदी प्रक्रिया का भी जायजा लिया। इस दौरान जायसवाल ने समितियों में धान बेचने आए किसानों को माला पहनाकर और श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही समिति प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से ही धान खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर सभी जिलों में धान खरीदी का कार्य सुगमतापूर्वक चल रहा है।

# ओलंपियन दानिश को सम्मानित किया अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने

■ छत्तीसगढ़ में हॉकी खेल को प्रोत्साहन की आवश्यकता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा आए ओलंपियन दानिश मुजतबा को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने सम्मानित किया। वे हाकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के साथ ही उत्तरप्रदेश विद्युत कंपनीमें खेल अधिकारी के रूप में सेवारत हैं। उन्होंने सेवारत रहते हुए ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस मौके पर पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. यादव ने कहा कि मैं भी बचपन में लॉन टेनिस का अभ्यास करता था। आज मेरे गृहराज्य से आए दानिश को देखकर मेरा बचपन याद आ गया है। उन्होंने कहा कि खेल हमें अच्छी सेहत के साथ सम्मान दिलाता है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज व्दारा आयोजित 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा में उत्तरप्रदेश की टीम के मैनेजर के रूप में दानिश मुजतबा आए थे। उनके इस स्पर्धा में शामिल होने के सम्मान में अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण मंडल ने विशेष रूप से स्मृति चिन्ह भेजा गया था। साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने भी दानिश मुजतबा भी प्रतीक चिन्ह भेंट किया। वे उत्तरप्रदेश विद्युत मंडल में खेल अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं। उन्होंने विद्युतकर्मी रहते हुए दो बार ओलंपिक में भाग लिया है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उनकी पॉवर कंपनी के अधिकारी खेल को प्रोत्साहित करते हैं। उनकी विद्युत कंपनी में खेल के लिए अलग से विभाग ही है, जहां खिलाड़ियों को ही भर्ती किया जाता है। उन्हें विद्युत मंडल की सेवा में भर्ती के लिए विशेष कोटा प्रदान किया जाता है, ताकि उनके राज्य में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में खेल एक जूनुन है, जिसे पूरा करने वे पूरी ताकत लगा देते हैं। यही उनकी सफलता का राज है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हॉकी के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। अखिल भारतीय स्तर पर जूनियर टीम में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य सरकार को छत्तीसगढ़ में हॉकी को प्रोत्साहित करना चाहिए।

## हम बिजली ही नहीं देश के लिए खिलाड़ी भी पैदा करते है : डॉ. रोहित यादव


46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि राज्य विद्युत कंपनियों, मण्डलों, निगमों में खेल-कूद की गतिविधियों पर ध्यान दिया जाता है। जिसके कारण यहां की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर योगदान कर रही है तथा भारतीय टीम में भी जगह बनाने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम देश के लिए सिर्फ बिजली ही नहीं पैदा करते बल्कि खिलाड़ी भी पैदा करते है और सिर्फ बिजली आपूर्ति ही नहीं करते बल्कि देश के लिए खिलाड़ियों की आपूर्ति भी करते हैं। स्पर्धा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रोहित यादव ने कहा कि हमारे जीवन में खेल का बहुत अधिक महत्व है। नौकरी में आने के बाद सामान्यतः खेलना छूट जाता है लेकिन आप सभी खिलाड़ियों ने अपने बचपन के सपने को अभी भी जीवंत रखा है यह सराहनीय है। खेल से जहां एक तरफशरीर स्वस्थ रहता है वहीं दूसरी ओर यह काम-काज के तनाव को भी दूर करता है। खेल का यह अनुभव किसी किताब या किसी स्कूल में नहीं मिलेगा। यह पॉवर कंपनी के कर्मियों में एकता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।



# वन मंत्री के नाम पत्रकारों का खुला पत्र क्या ऐसे अफसरों के भरोसे आएगा सुशासन

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में काबिज भाजपा की सरकार को मोदी की गारंटी और सुशासन की सरकार की संज्ञा दी जाती है परंतु आपके ही विभाग में पदस्थ कुछ वन परिक्षेत्र अधिकारी सरकार की इस मानसा को मट्टीपलीत करते हुए नजर आ रहे हैं आपकी सरकार में पत्रकारों के साथ सिर्फ बदसलूकी ही नहीं हो रही है बल्कि उन पर फर्जी मामले भी बनाए जा रहे हैं हाल ही में बीजापुर जिले के भोपाल पटनम में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी विनोद तिवारी से जुड़ा एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां पर वे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने गए हुए पत्रकारों के साथ मां बहन की गाली देते और उनके साथ बदसलूकी करते हुए नजर आ रहे हैं पिछले तीन दिनों से यह खबर सोशल मीडिया,अखबारों और चैनलों में


प्रति

माननीय श्री केदार कश्यप जी

वन मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

विषय--वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा पत्रकारों के साथ गाली गलौच किये जाने के सम्बंध में

महोदय,

छत्तीसगढ़ में काबिज भाजपा की सरकार को मोदी जी की गारंटी और सुशासन की सरकार की संज्ञा दी जाती है परंतु आपके ही विभाग में पदस्थ कुछ वन परिक्षेत्र अधिकारी सरकार की इस मानसा को मट्टीपलीत करते हुए नजर आ रहे हैं आपकी सरकार में पत्रकारों के साथ सिर्फ बदसलूकी ही नहीं हो रही है बल्कि उन पर फर्जी मामले भी बनाए जा रहे हैं हाल ही में बीजापुर जिले के भोपाल पटनम में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी विनोद तिवारी से जुड़ा एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां पर वे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने गए हुए पत्रकारों के साथ मां बहन की गाली देते और उनके साथ बदसलूकी करते हुए नजर आ रहे हैं पिछले तीन दिनों से यह खबर सोशल मीडिया,अखबारों और चैनलों में सुर्खियां बनी हुई है परंतु अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई होता हुआ नजर नहीं आ रहा है इससे ऐसा लग रहा है कि वन विभाग में भ्रष्टाचार करने वाले अफसर को सरकार संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है उक्त रेंजर के खिलाफ पहले भी भोपालपटनम क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा भ्रष्टाचार के अलावा जंगलों को काटकर जमीन कब्जा करने जैसे शिकायत कर चुके हैं तो वहीं दूसरी ओर उन पर भोपालपटनम क्षेत्र में स्थित बेशकीमती इमारती लकड़ी और सागौन वृक्षों की कटाई और तस्करी में संलिप्त होने की खबरें भी आई थी बावजूद कार्रवाई न होने के कारण रेंजर विनोद तिवारी स्वयं को डीएफओ या सरकार से कम नहीं समझते हैं महोदय इस तरह के अफसर को आश्रय देना यानी कि सरकार के सुशासन पर और मोदी जी के गारंटी पर सवालिया निशान लगाना है। महोदय आपको पत्र लिखने के पीछे पत्रकारों की मंशा यह नहीं है कि हम विभाग के किसी अफसर की शिकायत कर रहे हैं परंतु हम यह चाहते हैं कि अगर प्रदेश में इस तरह के अफसर पर लगाम नहीं लगाया गया तो आगामी दिनों में यही अफ़सर आपकी सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

प्रेस क्लब
बीजापुर

उपस्थित सदस्य

सुर्खियां बनी हुई है परंतु अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई होता हुआ नजर नहीं आ रहा है इससे ऐसा लग रहा है कि वन विभाग में भ्रष्टाचार करने वाले अफसर को सरकार संरक्षण देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है उक्त रेंजर के खिलाफ पहले भी भोपालपटनम क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा भ्रष्टाचार के अलावा जंगलों को काटकर जमीन कब्जा करने जैसे शिकायत कर चुके हैं तो वहीं दूसरी ओर उन पर भोपालपटनम क्षेत्र में स्थित बेशकीमती इमारती लकड़ी और सागौन वृक्षों की कटाई और तस्करी में संलिप्त होने की खबरें भी आई थी बावजूद कार्रवाई न होने के कारण रेंजर विनोद तिवारी स्वयं को डीएफओ या सरकार से कम नहीं समझते हैं इस तरह के अफसर को आश्रय देना यानी कि सरकार के सुशासन पर और मोदी जी के गारंटी पर सवालिया निशान लगाना है। आपको पत्र लिखने के पीछे पत्रकारों की मंशा यह नहीं है कि हम विभाग के किसी अफसर की शिकायत कर रहे हैं परंतु हम यह चाहते हैं कि अगर प्रदेश में इस तरह के अफसर पर लगाम नहीं लगाया गया तो आगामी दिनों में यही अफ़सर आपकी सरकार को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# मोदी की गारंटी के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ से हो रही है धान खरीदी



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा हैं कि, विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2 हजार रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय हैं कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2 हजार 739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक धान खरीदी अनुमान है।

# आईटीबीपी द्वारा प्रशिक्षित कोंडागांव के बच्चों ने तीरंदाजी खेलों में जीते पदक



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

रायपुर में 24 नवंबर को आयोजित सीनियर स्टेट ओपन आर्चरी प्रतियोगिता में आईटीबीपी द्वारा प्रशिक्षित सुशीला नेताम ने इंडियन राउन्ड गर्ल्स स्पर्धा में ईंह लिया और 50 व 30 मीटर में स्वर्ण पदक जीता और सुशीला नेताम का चयन जमशेदपुर में खेली जाने वाली राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। वहीं कोंडागांव के चिंतन में 24 नवंबर को ही आयोजित बस्तर जोन की बनवासी राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी आईटीबीपी से प्रशिक्षण प्राप्त करण कोराम, जय किशन सोरी और दिपेश हिडको ने 30 मीटर स्पर्धा में क्रमश स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किए। इसी प्रतियोगिता के इंडियन राउन्ड में पूर्णिमा मंडावी ने 30 मीटर और दीकेहवारी उसेंडी ने 20 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया हैं। खुशी की बात हैं कि, कोंडागांव से 5 बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय वनवासी तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हो गया है. जो दिसम्बर माह में रायपुर छत्तीसगढ़ में खेली जाएगी।

# किरन्दुल केंद्रीय विद्यालय की छात्रा अनुश्री ने जापान में मनवाया अपना लोहा

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com




सकूरा साइंस हाई स्कूल प्रोग्राम के तहत भारत और जापान की जो सरकारें हैं उनके सहयोग से ये कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित होता हैं और इसमें केंद्रीय विद्यालय संगठन के आलावा देश भर के अन्य स्कूलों के विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं उनके वैज्ञानिक अभिरूचि के विकास के लिए और दोनों देशो के बीच साइंटिफिक प्रोग्रेस उसको जानने का ये बहुत अच्छा मंच हैं।केंद्रीय विद्यालय संगठन और भारत सरकार बधाई के पात्र हैं जो विद्यार्थियों की सोच को विकसित करने के लिए कृत संकल्प हैं। वर्तमान में भारत में केंद्रीय विद्यालय संगठन में कुल 1256 केंद्रीय विद्यालय हैं।इनमे से जो इस वर्ष पांचवां ग्रुप जापान की यात्रा करने गया था इसमें केंद्रीय विद्यालय के पूरे देश से 9 विद्यार्थी चयनित हुए थे और रायपुर संभाग से किरंदुल केंद्रीय विद्यालय की अनुश्री कृष्णा एक मात्र छात्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य को गौरन्वित करने का कार्य किया हैं। अनुश्री कृष्णा ने अपना जापान का अनुभव बताया।अनुश्री ने कहा कि हम जब दिल्ली पहुचे वहां हमसे मिलने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार आये।दिल्ली से निकलकर हम जापान पहुचे वहा हमको काफी कुछ देखने और सिखने को मिला।भारत और जापान की शिक्षा काफी अलग है वहाँ किताबों को ज्यादा महत्व नही दिया जाता प्रेक्टिकल पर ज्यादा जोर देते है।जापान में हम लोगों को कई यूनिवर्सिटी लेकर गए जहाँ हमको काफी कुछ सीखने को मिला हमने डीएनए टेस्ट करना भी सीखा किस प्रकार क्राइम करने वाले अपराधियों को पकड़ा जाता है।जापान में भारत के एम्बेसडर सीबीजोर्ग से मिले उनसे बात हुई उन्होंने भारत और जापान के मधुर संबंध के बारे मे बताया।अनुश्री ने कहा कि हम भारत के अलग अलग राज्यों से 47 बच्चे गए थे और छत्तीसगढ़ से सिर्फ अकेले मैं गई थी।किरंदुल केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक जिन्होंने अनुश्री को इस मुकाम तक पहुचाया और इस कामयाबी की बधाई दी उसमें प्रभारी प्राचार्य बलजींदर सिंह,शिक्षक जगदीश नारायण, विनोद कुमार, अनिता, अमित दहिया, अभिषेक सिंह,अनुश्री के पिता डॉ राम कृष्णा और माता मीनाक्षी चक्रवर्ती मुख्य रूप से शामिल हैं।

# अमृत सरोवर स्थलों पर आज होगा संविधान दिवस का आयोजन

**कोंडागांव।** जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थलों पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करना और कर्तव्यों के महत्व को समझना है। इसके साथ ही कार्यक्रम में ग्रामीण जन संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कर संविधान के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प लेंगे।

# जन अधिकार मोर्चा के द्वारा जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर रैंप के निर्माण के लिए स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



जन अधिकार मोर्चा के द्वारा महाप्रबंधक रेलवे मंडल विशाखापत्तनम के नाम जगदलपुर रेलवे स्टेशन प्रबंधक को रेलवे स्टेशन पर रैंप निर्माण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में कहा गया कि बस्तर संभाग के मुख्य रेलवे स्टेशन जगदलपुर में आज दिनांक तक रैंप का निर्माण नहीं किया गया है विदित हो कि जगदलपुर से अधिकांश यात्री जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित रहते हैं वे उपचार के नाम पर विशाखापत्तनम की शरण लेते हैं, चूंकि रैंप के न होने से विकलांग और अति पीड़ित मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तर के इतने बड़े भू-भाग में केवल एक मुख्य रेलवे स्टेशन जगदलपुर है और यहां पर रैंप का निर्माण न होना अत्यंत चिंता जनक विषय है जिसका जन अधिकार मोर्चा घोर विरोध करता है और यह मांग करता है कि अविलंब रैंप का निर्माण किया जाए। जिस बस्तर भू-भाग (किरंदूल, बचेली) से कच्चे लोहे का परिवहन बड़े जोर शोर से किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर उचित व्यवस्था न देना किसी भी स्थिति में न तो उचित है और न ही न्याय संगत है। रैंप का निर्माण यथाशीघ्र न होने की स्थिति में जन अधिकार मोर्चा जन हित में भविष्य में रेल रोको आंदोलन का मार्ग अपना सकता है जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी और विभाग की होगी। कृपया की गई कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करेंगे। इस अवसर पर जन अधिकार मोर्चा के प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन,प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह,प्रदेश महासचिव नितेश कुमार जैन,प्रदेश उपाध्यक्ष रवि तिवारी,प्रदेश संयुक्त सचिव दशमुराम सेठिया,प्रदेश सचिव अशोक जायसवाल,बस्तर संभाग उपाध्यक्ष जयंत साहू,बस्तर संभाग उपाध्यक्ष विनय मंडल,बस्तर संभाग उपाध्यक्ष सुनीता शोरी,जिला सचिव चंद्रिका प्रसाद देवांगन एवं अन्य पदाधिकारी गण शामिल रहे।

# किरन्दुल बीआईओपी स्कूल में मनाया गया एनसीसी दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौहनगरी किरन्दुल स्थित एनएमडीसी बीआईओपी स्कूल के बच्चो द्वारा रविवार धूमधाम से 76 वाँ एनसीसी दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ एनएमडीसी परियोजना के उप- महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष कार्मिक बी के माधव के द्वारा एनसीसी के झण्डे का ध्वजारोहण के साथ किया गया और फिर एनसीसी कैडेट के बच्चों ने झंडे को सलामी दी।इस अवसर पर बीआईओपी स्कूल के बच्चो द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत नृत्य भी पेश किया और साथ ही कैडेट के बच्चो ने परेड भी किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर कार्मिक विभाग अध्यक्ष उप-महाप्रबंक बी के माधव ने एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में बच्चो के लिए अपने भाषण में कहा की एनसीसी में बच्चो को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और इससे देशप्रेम और देश सेवा का भाव आता है। एनसीसी से बच्चो के शारीरिक विकास में भी मदद मिलती है।साथ ही बीआईओपी स्कूल प्राचार्य सुनील दुबे और एनसीसी प्रभारी अधिकारी प्रियंका महाजन ने भी इस दिवस पर अपना वक्तव्य बच्चो के साथ साझा किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसी तरह एनसीसी कैडेट टेग पर चलते हुए देश की प्रगति में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन में नवनियुक्त एनसीसी प्रभारी अधिकारी प्रियंका महाजन ने सेवानिवृत्त हुए एनसीसी अधिकारी राज नाथ को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## भानुप्रतापपुर के मुक्तिधाम का कायाकल्प

# सुंदर मुक्तिधाम के रूप में मिल रही पहचान

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत द्वारा मुक्तिधाम का कायाकल्प किया जा रहा है इसे अच्छे से संवार दिया गया है। सबसे सुंदर मुक्तिधाम के रूप में पहचान मिल रही है। मुख्य द्वार पर गेट निर्माण के साथ ही सीसी रोड़ गार्डन पेवर ब्लाक समेत बिजली पानी और विभिन्न निर्माण कार्य होने से इस मुक्तिधाम की तस्वीर बदल गई।

जिदगी के सफर का अंतिम पड़ाव के बाद जाने वाले मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण होने के बाद अब यहां पर चारों ओर आहता निर्माण के साथ ही कैंप्स के अंदर विभिन्न मार्गो पर सीसी सड़क का निर्माण किया गया है। शव के दाह संस्कार के लिए एक और नया शेड निर्माण किया गया है। खास बात यह है कि अब मुक्तिधाम में रोशनी होगी। इसके लिए विद्युतीकरण हेतु पोल एवं ट्रांसफार्मर लगाया जा चुका है। वही शव के दाह संस्कार के दौरान विभिन्न मौसमों में शोकाकुल परिवार को परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए छांव दार पेड़ पौधे और चबूतरा का निर्माण किया गया है। आपको बता दें परिसर में शव जलाने के लिए एक ही शेड था जो आग की लहपके की वजह से जलकर कर खराब हो जाता था। खासकर बरसात के मौसम में शवदाह के क्रम में कठिनाई होती थी। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अब यहां एक और शेड का निर्माण कराया गया है। साथ ही रोशनी पेयजल के साथ इसका सौंदर्यीकरण के कार्यारंभ पर है।

इस मुक्तिधाम में हरियाली से हरा भरा करने का श्रेय पहले ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ले चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान इस मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण समेत विभिन्न कार्य कराकर वाह वही ले चुके हैं। अब वर्तमान अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी इस मुक्ति धाम को चार चांद लगाने के लिए प्रयासरत हैं। लगभग 50 से 60 लाख की लागत से विभिन्न कार्य किया जा रहा है जिससे मुक्तिधाम बेहद ही आकर्षक रूप में दिखने लगा है।

पाढ़ी ने कहा शहरी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही प्राथमिकता है और जनहित के विषयों पर नगर क्षेत्र के पक्ष और विपक्ष को एकजुट होकर योजना में मुक्तिधाम को सजाया संवारा जा रहा है। मुक्तिधाम परिसर में शवदाह शेड के अलावा प्रतीक्षालय, लाईट, गार्डन कक्ष सहित अन्य सुविधाएं किया जा रहा है।जिससे मुक्तिधाम को विकसित किया जा सके। पहले मुक्तिधाम में लोग जाने से कतराते थे अब ऐसा नहीं है।मुक्तिधाम को एक सुंदर और शांतिपूर्ण स्थल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

# अमोड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा परख मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया गया



पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला अमोड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा परख मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया गया। साथ ही स्कूल के समस्त दस्तावेजों का सुक्ष्म निरीक्षण किया गया। सभी शिक्षकों का दैनंदिनी संधारित था। कमजोर बच्चों का उपचारात्मक शिक्षण कर पंजी संधारण करने कहा गया। प्राथमिक शाला एकल शिक्षकीय होने के कारण माध्यमिक शाला के शिक्षक संतोष साहू को प्राथमिक शाला में संलग्न किया है। माध्यान्ह भोजन में आज शिक्षक मनोज कुमार ध्रुव के सुपुत्री के जन्म दिन के उपलक्ष्य में न्योता भोजन दाल चावल और अंडा सब्जी बनाया गया था जिसे देखकर खंड शिक्षा अधिकारी बहुत खुश हुए। निरीक्षण के दौरान शाला में शाला के प्रधान अध्यापक अनिल कुमार दर्रो, शिक्षक मनोज कुमार ध्रुव, अमृता कुंजाम, लखमू राम उइके, संतोष कुमार साहू, प्राथमिक शाला की शिक्षिका तारिणी नायक भृत्य उर्मिला मंडावी उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध तालाब का लीज देने का आरोप, प्रदर्शन कल

**भानुप्रतापपुर।** नियम विरुद्ध मछली पालन के लिए तालाब लीज में देने का आरोप लगाया गया है। ग्राम करमोती में नियम विरुद्ध तालाब को लीज देने का आरोप है। पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा ने नेतृत्व में जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सामने 28 नवंबर को 11 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लीज महिला स्व सहयता समूह को देना है। यह गलत हुआ है।

# कलार सिन्हा समाज का सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अहम योगदान है: अंबिका

पायनियर संवाददाता < मगरलोड, धमतरी
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत मगरलोड में कलार सिन्हा डडसेना समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती बड़ी ही धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकालकर पूरे नगर के मुख्य चौक चौराहे बस स्टैंड, चंडी चौक, शीतला माता, गांधी चौक, गुरु घासीदास चौक, रामलीला मैदान होते हुए सामाजिक भवन में भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा आरती की गई। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। यह त्योहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण देवता हैं, जिन्हें सहस्त्रार्जुन या कार्तवीर्य अर्जुन के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को उनके हजार भुजाओं के कारण इस नाम से जाना जाता है। भगवान सहस्त्रबाहु की कथा महाभारत, वेदों पुराणों में है। भगवान सहस्त्र बाहु जयंती को मगरलोड कलार सिन्हा डडसेना समाज ने धूमधाम से मनाया। जिसमें सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना हवन और यज्ञ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की कथा का पाठ परशुराम की पूजा अर्चना व नगर मगरलोड में कलश शोभायात्रा निकाली गई। भगवान सहस्व बाहु जयंती न्यायए धर्म और शक्ति का प्रतीक है। मगरलोड कलार समाज ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, अध्यक्षता नरेश सिन्हा मंडलेश्वर मगरलोड, विशिष्ट अतिथि नीतू खिलावन अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, डीहू राम साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मगरलोड, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, वीणा सिन्हा सभापति पार्षद नगर पंचायत मगरलोड, नंदनी सिन्हा सिन्हा समाज महिला मंच सचिव धमतरी विशेष रूप से उपस्थित रही। पूजा अर्चना पश्चात सामाजिक बंधुओ ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का गुलाल, शाल श्रीफल से सम्मान किया। मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा ने सिन्हा समाज के सामाजिक बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा की भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन सहस्त्र भुजाओं वाले हैं और उसके छत्रछाया में सामाजिक जन आर्थिक, राजनीतिक, व्यापारिक क्षेत्र में देश एवं प्रदेश की सभी कार्यों में अहम योगदान दे रहे हैं। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की वंशज यह समाज अनुशासित है। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की उल्लेख पुराण में की गई है। उन्होंने सामाजिक बांधों को शिक्षा राजनीतिक व्यापारिक क्षेत्र में जागरूकता होने की बात कही। सिन्हा समाज सदैव देश एवं प्रदेश के कोई भी संकट के समय अपना बहुमूल्य योगदान दी है उन्होंने सिन्हा कलार समाज भवन मगरलोड के लिए 5 लाख रुपए शेड निर्माण के लिए प्रदान करने की घोषणा की तथा सभी सामाजिक लोगों को इस जयंती पर शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता के आसंदी पर मंडलेश्वर नरेश सिन्हा ने कहा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की कृपा से सिन्हा समाज सदैव आगे बढ़ रहा है। सामाजिक जनों में जागरूकता होने के कारण देश एवं प्रदेश में हमारे समाज के लोग आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि नीतू खिलावन अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड ने कहा की कोई भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए नशा पान से दूर होना चाहिए। प्रगतिशील समाज को आगे बढ़ाने के लिए नशा नाम की वस्तु बाधक बनती है जिससे हमें दूर रहने की अति आवश्यकता है। उन्होंने सिन्हा समाज के गौरवशाली इतिहास को बताया। कलार सिन्हा समाज को संबोधित करते हुए डीहू राम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड ने कहा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के हजार भुजओ के कारण सिन्हा समाज सहस्त्र प्रकार के लोक कल्याणकारी कार्य सिन्हा समाज द्वारा समय.समय पर की जाती है जिसे मैं भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं। इस समाज द्वारा लगातार दीन दुखियों की सेवा में तत्पर रहते हैं जो सदैव वंदनीय है। उद्बोधन पक्ष अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निधि द्वारा नवनिर्मित 5 लाख भवन का लोकार्पण अंबिका मरकाम सिहावा विधायक द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से राधेश्याम सचिव, मुकेश सिन्हा, दिनेश सिन्हा, डॉक्टर हरी विनायक सिन्हा, वन सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, पुरुषोत्तम सिन्हा, मुरली सिन्हा युवा मोर्चा सचिव धमतरी, डोषण सिन्हा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड, केजू राम सिन्हा, महेश, पूनऊ राम सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, संतोष सिन्हा, ओंकार सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, नारद सिन्हा, समाज प्रमुख चुम्मन लाल डडसेना, नरेंद्र सिन्हा शिक्षक सहित चंदन बाफना डाकवर साहू, मोहन चक्रधारी, एएसआई में तेजू राम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जनों द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती की सभा पूर्ण होने के बाद सभी अतिथियों एवं सामाजिक जनों का टोमन लाल सिन्हा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया मंच संचालन ओंकार सिन्हा एवं चूम्मन डडसेना द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने बड़ी संवेदनशीलता से सुनीं लोगों की समस्या, शिकायत और मांग



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्या, शिकायत एवं मांग को बड़ी संवेदनशीलता से सुनीं और उनके जल्द से जल्द निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में अतिक्रमण से मुक्त करने, कान के ऑपरेशन हेतु आर्थिक सहायता, शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण रोकने, पट्टा प्रदाय करने, पेंशन प्रकरण, सड़क मरम्मत कराने, मछली पालन के लिए लीज पर तालाब दिलाने, स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, शौचालय बनाने, डूब प्रभावितों को आर्थिक मदद, आयुष्मान कार्ड को क्रियाशील करने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

## आमदी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह अंतर्गत भाषाई सद्भावना दिवस आयोजित




**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत भाषाई सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है। कौमी एकता का मतलब है अनेकता में एकता। कौमी एकता दिवस धर्म निरपेक्षता, अहिंसा, भाषाई सौहार्द्र, कमजोर वर्गों के विकास और खुशहाली, अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उजागर करने के लिए आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर कौमी एकता दिवस मनाया जाता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा देश भाषाई विविधता का देश है। उन्होंने देश के सामुदायिक एकता के लिए भाषाई विविधता को अपनाना क्यों महत्वपूर्ण है, इस बात पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेश सिंह, मन्नू लाल साहू, रासेयो स्वयंसेवकों में छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप, तुलसी रानी, गजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# निर्धारित मापदंड के आधार पर स्टेकिंग व्यवस्था करें सुनिश्चित: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा समय सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर गांधी ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने पंजीयन के विरूद्ध धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के काटे गए टोकन, स्टेकिंग की व्यवस्था सहित बारदानों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित मापदंड के आधार पर स्टेकिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, रामकुमार कृपाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कमेटी गठित करने कहा। उन्होंने शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही छात्रों को जाति प्रमाण पत्र वितरण की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने वितरित आवेदन फॉर्म की संख्या, ऑनलाईन आवेदन, कुल जारी जाति प्रमाण पत्र और शेष के संबंध में पूछा तथा जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रगति लाने के लिए दिए। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों में भी जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रगति लाने कहा। जल शक्ति अभियान के तहत ऐसे गांव जहां रिचार्ज स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टर, ब्लॉक प्लांटेशन इत्यादि का कार्ययोजना बनाने कहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में बने शौचालयों और नये स्वीकृत शौचालयों की वस्तुस्थिति की जानकारी भी कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में ली। जिले में आगामी 3 से 6 दिसम्बर तक विकासखण्ड स्तर पर और 13 दिसम्बर को जिला स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए आवेदकों द्वारा 30 नवम्बर तक पंजीयन कराया जाएगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सभी विधाओं के लिए पंजीकृत कर आवेदन लेना सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जिले के 12480 किसान प्रत्यक्ष रूप से दे रहे फसल चक्र परिवर्तन में अपनी सहभागिता

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



पूरी दुनिया जल संकट के दौर से गुजर रहा है, जिससे हमारा प्रदेश और जिला भी अछूता नहीं है। जिले के अनेक गांव में ग्रीष्मकाल में नलकूप की धार कम हो जाती है, वहीं हैण्डपंप बंद होने लगता है। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा जिला धमतरी के विकासखण्ड कुरूद एवं धमतरी को सेमी क्रिटिकल जोन में रखा गया है। सेमी क्रिटिकल का आशय यह है कि अभी जल संरक्षण करें अन्यथा गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। जिले के बेन्द्रानवागांव, धौराभाठा, कुम्हारी, अंवरी, नवागांव थु, चिंवरी, मुल्हे तथा आमदी में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिले के श्रम साधक कृषकों द्वारा खरीफ एवं रबी के मौसम में बहुतायत रकबे में धान लगाई जाती है। इसलिए इसे धनहा धमतरी भी कहा जाता है। ग्रीष्मकालीन धान लगाने से अधिक भूजल का दोहन होता है। इस बात को ग्रामीण एवं कृषक भलीभांति जानते हैं। गर्मी के मौसम में सभी जगहों का भूजल सामान्य से नीचे चले जाती है। ऐसे परिस्थितियो में अधिक धान लगाने वाले ग्रामों में निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो जाना स्वाभाविक है तथा इन समस्या का सामना प्रति वर्ष करना पड़ता है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित कुछ ग्रामों के ग्रामीणों, ग्राम विकास समिति, ग्राम सुरक्षा समिति एवं प्रकृति प्रहरियों द्वारा स्वतंत्रता पूर्वक एक मत होकर स्वेच्छा पूर्ण निर्णय लिया गया कि ग्रीष्मकाल में अधिक जल मांग वाली धान फसल ना ले तथा कम जल मांग वाली दलहन तिलहन का उत्पादन करें। यदि कोई भी व्यक्ति ग्रीष्मकालीन धान लगाएगा तो ग्राम की निर्णय का उल्लंघन होगा। जिले के परसतराई, बगदेही, गुहाननाला, राँया, गुजरा, भोथीपार आदि ग्रामीणों द्वारा व्यापक रूप से ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर दलहन तिलहन को प्रोत्साहित किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि ग्रामीणों, ग्राम विकास समिति, ग्राम सुरक्षा समिति एवं प्रकृति प्रहरियों द्वारा स्वतंत्रता पूर्वक एकमत होकर स्वेच्छा पूर्ण निर्णय लिया जाना सराहनीय कदम है। कृषकों द्वारा लिये गए निर्णयों को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा पहल की गई है तथा इन ग्रामों में बहुतायत मात्रा में दलहन एवं तिलहन बीज उपलब्ध कराए गए है। जिले में 182 गांव में फसल चक्र परिवर्तन शिविर आयोजित किये गए है, वहीं 48 गांव में विशेष शिविर लगाये गए, जिले में संचालित उद्यानिकी, कृषि महाविद्यालयों के द्वारा 05 ग्रामों में कृषि कार्य अनुभव शिविर लगाये गए है।

# बलौदाबाजार में गूंजे जीत के नारे भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भाजपा कार्यकर्ताओं ने बलौदाबाजार जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया जहां कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जीत का उत्सव मनाया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने रायपुर दक्षिण में मिले ऐतिहासिक जीत का श्रेय कर्मठ कार्यकर्ताओं और जनता के अभूतपूर्व सहयोग को दिया और खुशी जाहिर की। पार्टी कार्यालय में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर जश्न मनाया, उनके हाथों में भाजपा के झंडे थे और वे भाजपा जिंदाबाद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की नीतियों की तारीफ करते हुए राज्य और केंद्र में बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, नीलम सोनी, सत्यभामा साहू, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम साहू, पोषण पटेल, द्वारिका वर्मा, कन्हैया सेन, शिवनरेश मिश्रा, भीम कन्नौजे, प्रणव अवस्थी, कृष्णा साहू, वेदांत रजक, बहादुर साहू उपस्थित थे।

# भाटापारा में सप्ताह में दो दिन लगेगा अपर कलेक्टर न्यायालय, अनुविभाग के प्रकरणों के निराकरण में आएगी तेजी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

कक्लेक्टर दीपक सोनी ने प्रशासनिक कार्यों में तेजी एवं कसावट लाने के लिए जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन किया है। जिसके तहत अब भाटापारा में सप्ताह में दो दिन सोमवार एवं गुरुवार को अपर कलेक्टर न्यायालय लगाया जायेगा। जहां पर सिमगा एवं भाटापारा अनुविभाग (राजस्व)के प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। जिससे प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएंगी साथ ही सिमगा के लोगो को अब बलौदा बाजार आने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। जारी कार्य विभाजन आदेशानुसार दिव्या अग्रवाल को जिला पंचायत सीईओ सहित अपर कलेक्टर (विकास) शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा, साक्षर भारत, कलेक्टर द्वारा समय-समय सौंपे गए अन्य कार्य, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते को तहसील बलौदाबाजार, लवन, पलारी, कसडोल, सोनाखान, टुण्डरा के राजस्व अपील/ पुनरीक्षण तथा पुनर्विलोकन प्रकरणों का पंजीयन एवं निवर्तन, सिलिंग प्रकरणों (छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6), 165 (6) अ, 170 (ख), 237 (2) 243 एवं 247 को छोड़कर) का निराकरण, जिला विवाह अधिकारी, जनसूचना अपीलीय अधिकारी, कालोनी/ टाउनशीप के विकास की अनुज्ञा (एकल खिडकी प्रणाली), प्रभार क्षेत्र से संबंधित ऋण मुक्त अधिनियम एवं छग कृषि खातों, उच्चतम सीमा अधिनियम 1974 के अंतर्गत अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निपटारा, जिला दण्डाधिकारी, जिले की कानून व्यवस्था का पर्यवेक्षण एवं कानून व्यवस्था, नागरिकता प्रभार क्षेत्र के एस.डब्ल्यू. शाखा, लायसेंस (प्रभार क्षेत्र), प्रभारी अधिकारी वित्त एवं स्थापना (आहरण एवं संवितरण अधिकारी), लिपिक 1, 2, 3, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास, भू-अर्जन (प्रभार क्षेत्र), नजूल शाखा (प्रभार क्षेत्र), कृषि, उद्यानिकी, भूपेन्द्र अग्रवाल अपर कलेक्टर को तहसील भाटापारा, सिमगा, सुहेला के राजस्व अपील, पुनरीक्षण तथा पुनर्विलोकन प्रकरणों का पंजीयन एवं निर्वतन, सिलिंग प्रकरणों का (छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6), 165(6) अ, 170 (ख), 237(2), 243 एवं 247 को छोड़कर) का निराकरण लिंक कोर्ट भाटापारा (प्रभार क्षेत्र) सर्व अनुविभाग के लिए राजस्व कार्यों हेतु समन्वय एवं नियंत्रण अधिकारी, जिला न्यायालय से समन्वय प्रभार क्षेत्र से संबंधित ऋण मुक्त अधिनियम एवं छ.ग. कृषि खातों, उच्चतम सीमा अधिनियम 1974 अंतर्गत अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य /स्थानीय निर्वाचन) ,खनिज,जिला कोषालय/नगर सेना एंव रेडकास,खाद्य विभाग,लायसेंस (प्रभार क्षेत्र) भू-अर्जन (प्रभार क्षेत्र,नजूल शाखा (प्रभार क्षेत्र),चिप्स,कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिले की कानून व्यवस्था का पर्यवेक्षण (प्रभार क्षेत्र के), नागरिकता (प्रभार क्षेत्र के), अभिषेक गुप्ता अपर कलेक्टर अतिरिक्त

## अधिकारियों के मध्य हुआ कार्य विभाजन,कलेक्टर ने जारी किया आदेश

जिला दण्डाधिकारी,कौशल विकास उन्नयन, कोचिंग/पीएससी ग्रंथालय, केन्द्रीय/ नवोदय विद्यालय, खेल विभाग, जिला शहरी विकास अभिकरण, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी, आदिवासी विकास, श्रम विभाग, समाज कल्याण, महिला बाल विकास विभाग, नोडल अधिकारी संपर्क केन्द्र कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य, मिथलेश डोण्डे अपर कलेक्टर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, भू-अभिलेख (आहरण एवं संवितरण अधिकारी), नाजरात शाखा, जनसंपर्क निधि, प्रभारी अधिकारी न्यायालय कलेक्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं च्वाईस परियोजना,लोक सेवा गारंटी, विभागीय जांच राहत एवं आपदा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य, बी.आर.ध्रुव संयुक्त कलेक्टर को अभिलेख कोष्ठ, शिकायत शाखा/ पीजीएन/ पीजी पोर्टल, 20 सूत्रीय, समय-सीमा, प्रतिलिपि (नकल) शाखा, जनगणना शाखा, प्रपत्र एवं स्टेशनरी, अधीक्षक शाखा, आवक जावक, कलेक्टर द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य, अरुण सोनकर डिप्टी कलेक्टर खादी एवं ग्रामोद्योग, परीक्षा शाखा, सूचना का अधिकार, अल्प बचत, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणों की घोषणा, जिला अंत्यावसायी, कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य देवाशीष कुर्रे डिप्टी कलेक्टर (प्रशिक्षु) को सहायक जिला सत्कार अधिकारी कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य शामिल है।

इसी तरह सीमा ठाकुर संयुक्त कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी पलारी, डीएमएफ, शासकीय आवास एवं ट्रांजिट हास्टल आबंटन, अमित कुमार गुप्ता संयुक्त कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बलौदाबाजार, जिला सत्कार अधिकारी, रामरतन दुबे,संयुक्त कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, गिरौद/ कसडोल, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सिमगा, डिप्टी कलेक्टर नितिन तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, भाटापारा की जिम्मेदारी दी गई हैं। इसी तरह लिंक अधिकारी बनाए गए है जिसमें दिव्या अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत की प्रथम लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, अपर कलेक्टर दिप्ती गौते का अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता का अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते का अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोण्डे का संयुक्त कलेक्टर बी.आर.ध्र्रुव, संयुक्त कलेक्टर बी.आर.ध्रुव का संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर ठाकुर का संयुक्त कलेक्टर बी.आर.ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर का संयुक्त कलेक्टर बी.आर.ध्रुव, अनुविभागीय बलौदाबाजार अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पलारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पलारी का अनुविभागीय बलौदाबाजार अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गिरौद, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गिरौद का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भाटापारा का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भाटापारा को बनाया गया है।

# घर हो रहा है रोशन, आर्थिक बचत के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को मिल रहा है बढ़ावा: ऋषि अग्रवाल

## पीएम सूर्य घर योजना से मिल रहा है तिगुना लाभ

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस कड़ी में बलौदाबाजार भाटापारा जिले में भी पीएम सूर्य घर योजना का लाभ आमजन को मिलने लगा है। जिससे हितग्राही बहुत ही गदगद है। ऐसे ही भाटापारा शहर के गोकुल नगर निवासी ऋषि अग्रवाल ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से मुझे तिगुना लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया की एक ओर जहां सौर ऊर्जा से घर रोशन हो रहा है वहीं दूसरी और आर्थिक बचत भी हो रही है।इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मैने अखबार में पीएम सूर्यघर योजना के बारे में पढ़ा। यह योजना मुझे पसन्द आया तो मैने अपने पास के बिजली विभाग कार्यालय में जाकर इसके बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिसके पश्चात मैने ऑनलाइन इसके लिए फॉर्म भरा। फॉर्म भरने के कुछ दिनों पश्चात ही पीएम सूर्यघर योजना के तहत मेरे घर में 3 किलोवाट का सोलर चलित बिजली कनेक्शन लगा। अब मैं शून्य बिजली बिल के साथ निश्चिंत होकर परिवार के साथ जीवन यापन कर रहा हूं। मुझे गर्व होता है कि मैं बिना पर्यावरण को प्रदूषित करे बिजली का उपयोग कर रहा हूं। मैं इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करता हूं। साथ ही सभी ने अपील करता हूं कि अपने घर में पीएम सूर्यघर योजना के तहत कनेक्शन लगवाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दें।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

भारत शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 78000 तक की अधिकतम सब्सिडी तथा सस्ते ब्याज पर लोन भी प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना हेतु हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 01 से 02 किलोवॉट तथा 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपये की राशि का अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट तथा 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत होने पर 60 हजार से 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 03 किलोवॉट तथा 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी। जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही प्रधानमंत्री सूर्य घर डॉट जीओवी डॉट इन या प्रधानमंत्री सूर्य घर ऐप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के ईच्छुक हितग्राही बिजली ऑफिस अथवा क्रेड़ा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## चयनित विद्यार्थियों को 26 नवम्बर तक प्रवेश लेने कहा गया

**धमतरी।** युवा कैरियर निर्माण योजना के तहत प्री मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्राक्रयन परीक्षा बीते 10 नवम्बर को आयोजित किया गया था, जिसके आधार पर छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची तैयार कर विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in पर अपलोड किया गया है।

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने प्राक्रयन परीक्षा में धमतरी जिले से चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आगामी 26 नवम्बर तक मेसर्स कैरियर पॉइन्ट लिमिटेड, चिन्तामणी हनुमान मंदिर के सामने, चौबे कॉलोनी रायपुर में अनिवार्य रूप से प्रवेश लेने कहा है।

# सत्र के सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

## जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों सहित पदाधिकारियों ने माना सभी का आभार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी सहित विभिन्न विभागों के सभापति एवं सदस्यों का सम्मान किया गया। पहली बार ऐसा हुआ कि सामान्य सभा की बैठक में किसी भी प्रकार से कोई हंगामा नही हुआ। सत्र के आखिरी सामान्य सभा की बैठक सम्मान समारोह के रूप में खत्म हुआ। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे के विशेष पहल पर जिला पंचायत बालोद के पदाधिकारियों के कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में उनके उल्लेखनीय कार्यों के सम्मान में आयोजित इस सम्मान समारोह के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. कन्नौजे के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी सहित सभी पदाधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्यों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम, सहयोग एवं सद्भावना तथा पूरे कार्यकाल के दौरान जिला प्रशासन सहित जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग की भी भूरी-भूरी प्रशंसा






करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सामान्य सभा के अलावा जिला पंचायत के सभी बैठकें शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसकी मुक्तकंठ से सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे के पहल पर आयोजित इस सम्मान समारोह की भी सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी सहित सभी सदस्यों का शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

**आयोजित सम्मान समारोह की सराहना की-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा हमारे कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में हम सभी पदाधिकारियों के सम्मान के अभिनव परंपरा शुरूआत की गई है वह वास्तव में अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे पूरे कार्यकाल के दौरान जिला पंचायत के सभी सभा, सम्मेलन एवं आयोजन एक पारिवारिक वातावरण में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जिला पंचायत के पदाधिकारियों के सम्मान में सम्मान समारोह के आयोजन के लिए जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी ने आयोजित सम्मान समारोह की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि हम सभी जिला पंचायत के पदाधिकारीगण आपसी समन्वय एवं भाईचारा के साथ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के बदौलत जन सेवा के पूनीत कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

**पदाधिकारियों के द्वारा भाईचारा, प्रेम, सौहार्द्र का मानक स्थापित किया गया-** वही सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने संपूर्ण कार्यकाल के दौरान जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के उल्लेखनीय कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आप सभी से मिल सहयोग की बदौलत हम सब अधिकारी-कर्मचारी शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के पदाधिकारियों के द्वारा आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द्र का जो मानक स्थापित किया है। वह आने वाले समय के लिए मिल का पत्थर बनकर सभी को प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, होरीलाल रावटे, ललिता पिमन साहू, कृतिका साहू, चंद्रप्रभा सुधाकर, मधु सुकृत साहू सहित विभिन्न विभागों के सभापति, सदस्यों के अलावा बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित कर पूरे कार्यकाल को यादगार एवं चिरस्मरणीय बताया। इस अवसर पर उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# वनरक्षक के 20 पदों के लिए वन विभाग ने प्रतिभागियों के लिए की पूरी तैयारी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में वनरक्षक के 20 पदों के लिए सोमवार से सीधी भर्ती की शुरुआत हो चुकी है। नगर के सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में वन विभाग ने प्रतिभागियों के लिए पूरी तैयारी की है। यहां पर विभिन्न श्रेणियां में खेल स्पर्धाओं को भी शामिल किया गया है। 20 वनरक्षक के पद के लिए 10 हजार 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इन्हीं संख्या के हिसाब से यहां पर व्यवस्थाएं वन विभाग द्वारा की गई है। आने वाले 5 दिनों तक यहां पर वनरक्षक की भर्ती अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं अतिरिक्त 1500 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, जो विशेष रूप से शारीरिक दक्षता के लिए होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जो परीक्षा दुर्ग में होती थी वो पहली बार बालोद में हो रही है। इस भर्ती में दौड़, गोला फेक, लंबी कूद की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके लिए कैमरे भी लगा दिए गए हैं। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को 200, 800 मीटर की दौड़, लंबीकूद व गोला फेंक होगा। वनरक्षक भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा को शांति पूर्ण तरीके से कराने लगभग 200 से अधिक बालोद व दुर्ग वन विभाग एवं सुरक्षा टीम भी तैनात है। वही अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं।

**अभ्यर्थियों के लिए फर्स्ट एड कीट, नींबू पानी, ग्लूकोज, पेयजल की व्यवस्था**-डीएफओ बलभद्र सरोटे ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया को सोमवार को कुल 679 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिसमें 410 महिला व 269 पुरूष हैं। अभ्यर्थियों का सबसे पहले सीने के माप किया गया, उसके बाद 200 और 800 मीटर की दौड़, फिर गोला फेंक व लंबी कूद हुआ। उन्होने बताया कि दो-दो घँटे के अंतराल में अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है, दोपहर 4 बजे तक परीक्षा ली जा रही है। पहले दिन किसी भी प्रकार से कोई समस्या सामने नही आई। अभ्यर्थियों के लिए फर्स्ट एड कीट, नींबू पानी, ग्लूकोज, पेयजल की व्यवस्था की गई हैं। डाक्टरों की टीम भी है। वही जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है उनके लिए चाय नाश्ता भोजन का इंतेज़ाम हैं।

# भीमराव अम्बेडकर कालेज में प्राचार्य पद पर के के तिवारी ने किया कार्यभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग छ ग शासन के प्राचार्य पदोन्नति आदेश के तहत डॉ के. के. तिवारी ने डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। डॉ तिवारी इसके पूर्व शासकीय महाविद्यालय भाटागांव रायपुर में रसायन शास्त्र विषय के प्रोफेसर



थे।वर्तमान प्राचार्य अनिता पटेल द्वारा कार्यभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पूरे महाविद्यालय परिवार कमला दीवान, किरण कुमारी, जितेंद्र पटेल, गजानंद नायक, रमेश पटेल, एंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, माधुरी प्रधान, रितुराज भोई, प्रेरणा प्रधान, विद्यकांत कश्यप, मुकेश प्रधान, विनोद मिर्धा, दुर्योधन, सूर्यकांति ने शुभकामनाएं प्रेषित किए। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात प्राचार्य डॉ तिवारी द्वारा सभी कक्षाओं को भ्रमण कर बच्चों से भेंट किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई, शुभकामनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, आज़ादी के बाद भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने एवं भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए एक मजबूत आधार की जरुरत थी। जिसे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के नेतृत्व में संविधान निर्माताओं ने पूरा किया। डॉ. महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, हमें गर्व है की भारतीय संविधान के निर्माण में छत्तीसगढ़ के अनेक विभूतियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई भारत के आज़ादी के बाद नागरिको और देश को आगे ले जाने के लिए एक सशक्त दस्तावेज के रूप में 26 नवंबर 1949 की संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय प्राचार्य के कार्य प्रणाली पर उठे सवाल

## एनएसयूआई ने बलरामपुर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य एन. के. देवांगन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रुपेश यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन बलरामपुर कलेक्टर के नाम सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है, कार्रवाई नहीं करने के उपरांत सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध की करेंगे। बलरामपुर कलेक्टर के नाम सौंप गए ज्ञापन में कहां गया है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्रचार एन. के. देवांगन 19 नवंबर को आयोजित ऑडिटोरियम भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर गले में भगवा गमछा पहने हुए शिरकत कर रहे थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहां की आखिर भारतीय विद्यार्थी परिषद सबसे अच्छा संगठन है। और उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों के लिए सदा संघर्ष करती हैं। उनके द्वारा आप लोगों को अवसर प्रदान कर किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आप लोग कार्यक्रम के दौरान जो गीत को सुना है उसी में सारा मूल उद्देश्य छुपा हुआ है उसी के आधार पर आगे की रणनीति को तय करना है। इसी बात का विरोध करते हुए एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रूपेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष जीत गुप्ता, नगर अध्यक्ष राजा साहू, हबीबुल्लाह अंसारी, अवधेश यादव, हामिद अंसारी, रोशन मिंज, आयुष खलखो के द्वारा बलरामपुर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की गई है यदि जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो सड़क






पर उतरकर आंदोलन करने की भी बात कही गई है। उक्त संबंध में जिला अध्यक्ष रुपेश यादव ने कहा कि एक शासकीय सेवक को इस तरह का बयान बाजी करने से छात्राओं के बीच मतभेद पैदा हो सकता है? जब की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिंदू राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध रखता हैं और एक दक्षिणपंथी और स्वतंत्र अखिल भारतीय छात्र संगठन है। अब उक्त संबंध में जिला प्रशासन को यह तय करना होगा कि शासकीय सेवक अपने मूल उद्देश्य से भटक कर किसी संगठन का प्रचार प्रसार कर रहे हैं उन पर क्या कार्रवाई होनी चाहिए अब यह जिला प्रशासन को तय करना है जांच के समय उनके द्वारा बोले गए ऑडियो वीडियो सब उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि जिला प्रशासन को कार्रवाई करने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें न आए। वहीं यादव ने कहा कि बलरामपुर जिले में लंबे समय से जमे हुए प्राचार्य एन. के. देवांगन आखिर किस भारतीय जनता पार्टी के नेता के इशारे पर सारे नियम कानून को तक पर रखकर संगठन को बढ़ावा देने का कार्य खुलेआम मंच से कर रहे हैं?

# पीएमश्री भानुप्रतापपुर स्कूल में भी एनसीसी दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री भानुप्रतापपुर स्कूल में भी एनसीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आर्मी के जवान गिरधारी नरेटी ने कहा एनसीसी हमें अनुशासन और एकता सीखाता है। इसके बदौलत हम अपने देश की प्रति समर्पित होकर देश के लिए कुछ घर गुजरने का जज्बा हमें पैदा होती है। एनसीसी के कैडेट्स को थल, जल और वायु सेना में जब भी भर्ती होती है तो एनसीसी को पहले प्राथमिकता दिया जाता है। आप इस एनसीसी में है। इसे लगन से अपने कार्यों को करते रहें आगे इसका फल जरूर मिलेगा। आगे कहा मैं भी एनसीसी का छात्र रहा हूं और इसी के बदौलत में इंडियन आर्मी में चयनित हुआ था। कार्यक्रम का अध्यक्षता जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा, हेम सोनवानी, एनसीसी के जिला संयोजक भागीरथी नायक, व्याख्याता हुई कमल विनायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रत्येक छात्र को कानून के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है




पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विद्यार्थियों को प्रत्येक क्षेत्र में अपना योगदान देना होगा, प्रत्येक छात्र को कानून के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। जिससे छात्राएं अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके। उक्त बाते अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार गुप्ता एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आनंद बोरकर ने नवीन पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में विद्यार्थियों के बीच संबोधित किया। उन्होने जागरूकता अभियान के द्वारा कानून तथा अपराध के बारे में अवगत कराया गया और उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में सीखना ही एकमात्र लक्ष्य होता है कि कुछ न कुछ हमें सीखने को मिलता रहे। जो बच्चे 18 वर्ष की आयु पार कर चुके है वह गाड़ी चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाए। कानून का पालन करना हम सबका कर्तव्य है। बिना लाइसेंस वाहन चलाना कानूनी अपराध है। वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। इसी के साथ ही उन्होने किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने को कहा। हमें कानून के बारे में पता होगा तो खुद को जागरूक रहेंगे दूसरों की मदद भी कर पाएंगे। इससे कानून का उल्लंघन भी नहीं करेंगे। कोई व्यक्ति कानून की अज्ञानता या अनभिज्ञता का कारण बताकर बचाव नहीं कर सकता।

# जिला तथा राज्य स्तर के खिलाड़ियों के लिए अदाणी फाउंडेशन ने प्रदान किया स्पोर्ट्स किट

- कबड्डी के 22 खिलाडी जो जिला और राज्य स्तर पर खेल रहे है उन्हें प्रोत्साहित करने के हेतु स्पोर्ट्स किट का वितरण किया जिसमे टी शर्ट, लोअर और स्पोर्ट्स जूते शामिल थे

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





तमनार अंचल के उरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ रहे और कबड्डी के राज्य तथा जिला स्तर के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने अदाणी फाउंडेशन ने किट का वितरण किया। कुल 22 छात्रों ने जिला तथा राज्य स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों को और सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा बीते एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अदाणी फाउंडेशन द्वारा जिले के तमनार और पुसौर ब्लॉक में पारंपरिक खेल कबड्डी सहित अन्य खेलों को प्रोत्साहित कर स्थानीय खिलाड़ियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराता है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्थायी आजीविका, और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में सामाजिक पहलों के जरिए नागरिकों के जीवन को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। किट वितरण दौरान सभी खिलाड़ियों को उपस्थित अतिथियों ने प्रोत्साहित किया और अदाणी समूह की समाज के प्रति और देश के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अदाणी नेचुरल रिसोर्सेस के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर संजय कुमार खजांची थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सीइओ ऑफिस प्रमुख दिलीप के.वी ने की। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि गारे पेल्मा 2 और 3 के चीफ ऑफ क्लेस्टर मुकेश कुमार सहित उरबा ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, शाला समिति के अध्यक्ष और विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


## राजस्व विभाग की अबतक की सबसे बड़ी सर्जरी... 25 साल से जशपुर में पदस्थ गोविंद सोनी का बगीचा तबादला


# एक साथ एक ही दिन में 42 लोगों को कलेक्टर व्यास ने किया इधर से उधर

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सबसे अधिक समय तक एक ही स्थान में नौकरी करने वालों की सबसे अधिक तादाद राजस्व विभाग में देखी जाती है. लंबा वक्त गुजर जाने की वजह से शासन प्रशासन में उनकी पैठ भी कुछ इस कदर बन जाती है कि चाह कर भी उसे हटाया नहीं जाता है. लेकिन इस बार जशपुर जिले में कुछ अलग और अनोखा हुआ है. लंबे समय से या कहें 25 साल से एक जगह पर काबिज राजस्व निरीक्षक और अन्य कर्मचारियों को कलेक्टर रोहित व्यास ने तबादला कर दिया है. जिले के 8 राजस्व निरीक्षकों की सूची में सबसे ऊपर जशपुर तहसील में विगत 25 वर्षों से पदस्थ वर्तमान में







पृ.क्रमांक/ 790 /भू.अभि./स्था./2024 जशपुर, दिनांक 25/11/2024

कलेक्टर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

आरआई गोविंद सोनी का नाम दर्ज है. इसके बाद दूसरे तहसीलों के उन लोगों का नाम दर्ज है जिन्हें एक स्थान में 18 साल हो गए.

**लंबे वक्त से जमें 8 खास लोग -**

1. गोविंद सोनी जशपुर 25 वर्ष, नवीन पदस्थापना बगीचा
2. रोहित कुमार सुकरा कुनकुरी 15 वर्ष, नवीन पदस्थापना पत्थलगांव
3. शशिभूषण मिश्रा दुलदुला 18 वर्ष, नवीन पदस्थापना पत्थलगांव
4. चन्द्र विजय साय कुनकुरी 12 वर्ष,नवीन पदस्थापना फरसाबहार
5. मिखैल एक्का पत्थलगांव 10 वर्ष, नवीन पदस्थापना दुलदुला
6. संगीता भगत पत्थलगांव 06 वर्ष, नवीन पदस्थापना कुनकुरी
7. राजेन्द्र कुमार खुंटे बगीचा 06 वर्ष, नवीन पदस्थापना कुनकुरी
8. कन्हैयालाल डेल्की फरसाबहार 06 वर्ष, नवीन पदस्थापना जशपुर

**कलेक्टोरेट और तहसील में बड़ी सर्जरी**-जशपुर कलेक्टोरेट परिसर में पदस्थ कर्मचारियों के साथ ही तहसीलो में पदस्थ कुल 34 कर्मचारियों के प्रभार में परिवर्तन करते हुए तबादला किया गया. इस तबादले से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है.

**पदस्थापना पर उठते रहे सवाल**-सरकार बदलने के बाद सिर्फ पटवारियों का तबादला किए जाने के मामले को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे. लोगों का कहना था कि सिर्फछोटे कर्मचारियों का ही तबादला किया जाता है अंगद की पांव की तरह जमें लोगों का क्यों नहीं? उनके सवालों का ज़वाब कलेक्टर व्यास की कार्यवाही से मिल गई.

# वृहत्ताकार सहकारी समिति सेलूद में प्राधिकृत अधिकारी टामन साहू ने पदभार ग्रहण किया



**उतई।** वृहत्ताकार सहकारी समिति सेलूद में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी टामन साहू के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन सेलूद मंडी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं भगवान बलराम के तेलचित्र में माल्यार्पण कर किया गया।पदभार ग्रहण समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर थी। विशेष अतिथि जिला भाजपा महिला मोर्चा दिव्या कलिहारी, भाजपा मध्य पाटन मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, सरपंच खेमीन साहू सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।हर्षा चंद्राकर ने कहा भाजपा ने चुनाव पूर्व जो घोषणा किए थे उसी मंशानुरूप धान खरीदी की जा रही है। समस्याओं की समाधान के लिए प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। जिनके माध्यम से किसानों को सुविधा मिल सके। कृषि कार्य में लागत कम करने के लिए जैविक खेती करने की बात कही। मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू ने कहा शासन द्वारा किसानों के प्रतिनिधि के रूप में प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति किया गया है।

## संपादकीय

### वाहनों से प्रदूषण दिल्लीवासियों का संकट

नवंबर आते ही राजधानी दिल्ली एक गैस चैंबर में तब्दील हो जाती है, जहां प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंच जाता है। अक्सर किसानों को पराली जलाने और हवा के कारण धुएं को दिल्ली तक ले जाने के लिए दोषी ठहराया जाता है। लेकिन यह सच नहीं है। कई अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में वाहन इसके लिए मुख्य दोषी हैं। इसलिए कुछ नहीं किया जाता और जब तक हवा इसे दूर नहीं कर देती, तब तक शहर पर धुंध छाई रहती है। इस साल भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। दिल्ली का वायु प्रदूषण भयावह स्तर तक बढ़ गया है, वायु गुणवत्ता सूचकांक अक्सर 500 के आसपास खतरनाक क्षेत्र को पार कर जाता है। इस सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल ने राज्य और केंद्र सरकारों के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को बढ़ावा दिया है, जिसमें पड़ोसी राज्यों में किसानों द्वारा पराली जलाने को अक्सर प्राथमिक कारण बताया जाता है। हालांकि, शोध और वैज्ञानिक अध्ययन एक अलग कहानी बताते हैं- दिल्ली की जहरीली हवा के पीछे असली दोषी पराली जलाना नहीं बल्कि शहर में वाहनों से होने वाला अत्यधिक उत्सर्जन है। वाहनों के आवागमन को लगातार दिल्ली में प्रदूषण के प्रमुख स्रोत के रूप में पहचाना जाता है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद द्वारा 2019 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वाहनों की वजह से दिल्ली में हानिकारक कणों का एक तिहाई से दो तिहाई हिस्सा बनता है। यह खतरनाक योगदान शहर में वाहनों के स्वामित्व में हुई तीव्र वृद्धि से जुड़ा है।



1990 से 2018 के बीच, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पंजीकृत वाहनों की संख्या में पाँच गुना वृद्धि हुई। अकेले दिल्ली में 11.8 मिलियन से अधिक वाहन हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत कार और दोपहिया वाहन हैं। वाहनों की आवाजाही की मात्रा ने राजधानी को प्रदूषण का हॉटस्पॉट बना दिया है, जहाँ परिवहन उत्सर्जन के कारण पूरे साल वायु गुणवत्ता में गिरावट आती है।

इसके विपरीत, पराली जलाना, जिसे अक्सर दिल्ली के प्रदूषण की कहानी में मुख्य खलनायक के रूप में चित्रित किया जाता है, बहुत छोटी भूमिका निभाता है। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि पराली जलाने की वजह से दिल्ली के वार्षिक कण पदार्थ में 3 प्रतिशत से भी कम योगदान होता है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर के मध्य से नवंबर की शुरुआत तक के अपने चरम मौसम के दौरान भी, फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत तक सीमित है। दिल्ली का अधिकांश प्रदूषण स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होता है जिसमें वाहनों का सबसे बड़ा योगदान होता है। यह पैटर्न तब और भी स्पष्ट हो जाता है जब पराली जलाने का मौसम समाप्त होने के बाद भी वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं होता है। इन निष्कर्षों के बावजूद, सार्वजनिक चर्चा और नीतिगत प्रतिक्रियाएँ असंगत रूप से पराली जलाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इस गलत फोकस के वास्तविक परिणाम हैं। जबकि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सब्सिडी जैसे हस्तक्षेपों ने खेत की आग को कम किया है, दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता खराब बनी हुई है क्योंकि परिवहन उत्सर्जन और अन्य स्थानीय स्रोत बड़े पैमाने पर अनसुलझे हैं। दिल्ली के वायु प्रदूषण संकट को दूर करने के लिए प्राथमिकताओं में तत्काल बदलाव की आवश्यकता है। निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का विस्तार और सुधार करना महत्वपूर्ण है। उत्सर्जन मानकों के सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ स्वच्छ ईंधन और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस वास्तविकता को पहचानना और उसके अनुसार कार्य करना अनिवार्य है। तब तक, राजधानी की हवा स्वास्थ्य के लिए खतरा बनी रहेगी।

# विश्व कौशल के अनुरूप शिक्षा

**पैसे कमाने, बचाने और प्रबंधित करने के व्यावहारिक पाठों को एकीकृत करके, शिक्षा छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार कर सकती है।**



विनयशील गौतम
(लेखक, स्तंभकार हैं)



**जरूरत है इसे एक व्यावहारिक अभिविन्यास देने और फील्डवर्क के माध्यम से लोगों को वित्त के मूल्य और मानव जीवन में इसकी केंद्रीय भूमिका सिखाने की। अधिकांश कक्षाएँ सोच के उस चरण या उस तरह की सोच तक नहीं पहुँची हैं जिसका सीधा सा मतलब है कि अधिकांश लोग वित्त की अनिवार्यताओं और जीवन की नींव के बीच संबंध को समझे बिना ही अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर लेते हैं। स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब कोई कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर से स्नातक होता है और फिर जब तक कोई वित्त में कोई विशिष्ट पाठ्यक्रम नहीं करता है, तब तक वह स्कूल में वित्त के बारे में जो कुछ भी सीखा है, उससे आगे कभी कुछ नहीं सीख सकता है।**

यह कहना एक सत्य है कि दुनिया एक जटिल समस्या बनती जा रही है और इससे निपटने के तरीकों को संरचित और समझने की आवश्यकता है। केवल यही बात दुनिया में मामलों के काम करने के तरीके पर बढ़ते दुख और घबराहट से बचाएगी। वित्त के क्षेत्र से एक उदाहरण स्थिति को स्पष्ट कर सकता है। यह इंगित करना एक स्पष्ट बात है कि जीवित रहने के लिए सभी को वित्त की आवश्यकता होती है और यदि कहीं से कमाया नहीं जाता है तो वित्त प्राप्त करना ही पड़ता है। वित्त या कमाई को समझने के इस व्यवसाय के लिए यह समझने की क्षमता की आवश्यकता होती है कि वित्त क्या है और इसे कैसे कमाया जा सकता है।

वित्त कई रूपों और रंगों में आता है। सभी वित्त में एक सामान्य कारक यह है कि यह किसी के प्रयास को मौद्रिक मूल्य देता है और यह किसी सिस्टम को चालू रखने के लिए किए गए काम की प्रतिपूर्ति है। वित्त प्रयास और उसके प्रतिपूर्ति के बीच समीकरण निर्धारित करता है और वित्त बदले में खरीद और खरीद से परे जीवन की जरूरतों को प्राप्त करने दोनों के लिए एक उपकरण बन जाता है। ऐसा करने के लिए, किसी को मुद्रा, उसकी समतुल्यता और मुद्रा को प्रयास में कैसे मापा जाता है, यह समझने की आवश्यकता है।

यह हमारे प्रचलित स्कूल और कॉलेज प्रणाली की पहेली में से एक है कि इन मामलों को शायद ही कभी पाठ्यक्रम के माध्यम से या औपचारिक स्थिति में समझाया जाता है। वित्त के बारे में बहुत कुछ अवलोकन और घरेलू वातावरण के माध्यम से सीखा जाता है जिसमें कोई बड़ा हुआ है, जिसे परिचालन जीवन में लेन-देन में बदल दिया जाता है और किसी के जीवन में काफी पहले ही यह सीख लिया जाता है कि पैसे कमाने और इसलिए वित्त से निपटने के लिए उसके पास क्षमताएँ होनी चाहिए। प्रत्येक प्रणाली में प्रयासों और मुआवजे के बीच समतुल्यता के अपने तरीके होते हैं और इसे निर्धारित करने वाली शक्तियों को अक्सर बाजार की शक्तियाँ कहा जाता है। यह अपने आप में एक कला है जिसे जीवन कभी-कभी सरलता से और अक्सर परीक्षण और त्रुटि के माध्यम से सिखाता है। इस प्रकार, यह है कि वित्त न केवल पेचीदा है, बल्कि यह समझने की ओर ले जाता है और फिर भी यह किसी के जीवन की आधारशिलाओं में से एक है। बातचीत को आगे बढ़ाते हुए, यह महसूस करने की आवश्यकता है कि वित्त के कुछ बुनियादी घटक हैं जैसे कमाई, बचत, निवेश, मूर्त संपत्ति में परिवर्तित करना और बहुत कुछ। प्रत्येक क्षेत्र समय के साथ सीखने और वास्तव में किसी के अस्तित्व की खुशी या अन्यथा का एक विशेष क्षेत्र बन गया है। स्कूल की उच्च कक्षाओं में वित्त में कुछ ताकतें हैं जहाँ कुछ बुनियादी अवधारणाओं को समझाया जाता है और वित्त पर कुछ आवश्यक आधारभूत विचार साझा किए जाते हैं। जरूरत है इसे एक व्यावहारिक अभिविन्यास देने और फील्डवर्क के माध्यम से लोगों को वित्त के मूल्य और मानव जीवन में इसकी केंद्रीय भूमिका सिखाने की। अधिकांश कक्षाएँ सोच के उस चरण या उस तरह की सोच तक नहीं पहुँची हैं जिसका सीधा सा मतलब है कि अधिकांश लोग वित्त की अनिवार्यताओं और जीवन की नींव के बीच संबंध को समझे बिना ही अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर लेते हैं। स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब कोई कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर से स्नातक होता है और फिर जब तक कोई वित्त में कोई विशिष्ट पाठ्यक्रम नहीं करता है, तब तक वह स्कूल में वित्त के बारे में जो कुछ भी सीखा है, उससे आगे कभी कुछ नहीं सीख सकता है। यह एक नुकसान है क्योंकि, जैसा कि ऊपर बताया गया है, स्कूल में वित्त के बारे में जो पढ़ाया जाता है, वह वित्त के अभ्यास में बहुत दूर तक नहीं जाता है। हर किसी को यह जानने की जरूरत है कि कौशल और जानकारी को संभालने में किसी के मूल्य और पर्यावरण द्वारा वित्तीय रूप से इसकी भरपाई कैसे की जाती है, के बीच संबंध क्या है। यह अपने आप में एक पेचीदा प्रस्ताव है और जैसा कि पहले सुझाया गया है, इसके लिए फील्डवर्क की आवश्यकता है। फिर वित्त के अंतिम क्षेत्र हैं जिन्हें व्यावहारिक दुनिया से अवगत कराए बिना नहीं सीखा जा सकता है और यह ऐसा विषय नहीं है जिसे कक्षा में लाया जा सके। साथ ही, एक सामान्य शिक्षा प्रणाली में, फिर से अंतराल होते हैं जहां यह सीखना डिफ़ॉल्ट रूप से होता है और लोगों को परीक्षण और त्रुटि के माध्यम से खुद के लिए भुगतान करने के लिए छोड़ दिया जाता है। इससे न केवल बहुत सी समस्याएं पैदा होती हैं, बल्कि कई तरह की जटिलताएं भी पैदा होती हैं। किसी को धोखा दिया जा सकता है या उसे यह नहीं पता हो सकता है कि कई मामलों में, किसी तरह के मुआवजे के बिना सेवाएं प्रदान नहीं की जा सकती हैं और वह मुआवजा अक्सर पैसे के रूप में ही दिया जाता है। लोगों को पैसे, वित्त और प्रयास के बीच के संबंध को समझाना एक सार्थक दृष्टिकोण होगा।

ऐसा दृष्टिकोण न केवल स्कूलों बल्कि कॉलेजों के पाठ्यक्रम को भी सार्थक और व्यक्ति के अपने जीवन में अधिक व्यावहारिक बनाने में मदद करेगा। जैसा कि मामला है, अगर कोई भौतिकी, रसायन विज्ञान, इतिहास, मनोविज्ञान, भूगोल या किसी अन्य विषय में विशेषज्ञता हासिल करता है, तो उसे शायद ही यह एहसास हो कि तथाकथित विशेषज्ञता से परे, उसे एक सामान्य शिक्षा की आवश्यकता है। यह सामान्य शिक्षा दूसरों के प्रति व्यवहार, स्वयं का प्रबंधन, आय को समझना, व्यय को समझना, बचत को समझना आदि हो सकती है। इसे सरल शब्दों में कहें तो वयस्कता में प्रवेश करने और आर्थिक रूप से व्यवहार्य इकाई बनने से पहले सीखने की सीमा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसा कि पहले बताया गया है, यह सब परीक्षण और त्रुटि के माध्यम से हो रहा है, एक विधि को अपनाना; जो कुछ मामलों में काम करती है लेकिन अन्य में नहीं। औपचारिक इनपुट के माध्यम से वास्तविक जीवन में समायोजन के लिए खजाने को कम करने की स्पष्ट आवश्यकता है, इससे पहले कि कोई वयस्कता में स्नातक हो और खुले समुद्र में फेंक दिया जाए- जैसे कि खुद की देखभाल करना।

# झूठे आख्यानों का खतरा : गलत सूचना किस प्रकार अलगाव को बढ़ावा देती है

**आज** के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया संचार, कनेक्शन और सूचना साझा करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरा है। लेकिन जितना यह फायदेमंद है, उतना ही इसमें निहित खतरे भी हैं, खासकर जब गलत सूचना की बात आती है। कई युवाओं, खासकर मुस्लिम युवाओं के लिए, गलत सूचना अलगाव, आक्रोश और चरम मामलों में हिंसा के उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकती है। युवा लोग ऑनलाइन उपलब्ध सूचनाओं के विशाल समुद्र के प्रति विशेष रूप से असुरक्षित हैं। त्वरित संचार और डिजिटलइंटरैक्शन के युग में पले-बढ़े, वे अक्सरव्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और एक्स (पहले ट्विटर) जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से समाचार और रुझानों के तेजी से उपभोग में आकर्षित होते हैं। ये प्लेटफॉर्म तेजी से प्रतिध्वनि कक्ष बनते जा रहे हैं, जहाँ एल्गोरिदम उस सामग्री को प्राथमिकता देते हैं जिससे उपयोगकर्ता जुड़ने की संभावना रखते हैं, एक ऐसा चक्र बनाते हैं जो कुछ विश्वासों और कथाओं को पुष्ट करता है। विशेष रूप से मुस्लिम युवा खुद को एक अनिश्चित स्थिति में पाते हैं। ऐसे समाजों में रहना जहाँ अल्पसंख्यक पहले से ही पहचान, अपनेपन और प्रणालीगत भेदभाव के मुद्दों से जूझ रहे हैं, गलत सूचना - चाहे विकृत समाचार, भ्रामक शीर्षक या लक्षित प्रचार के माध्यम से - विशेष रूप से शक्तिशाली हो सकती है।

**गलत सूचना कई रूप ले सकती है :** उत्पीड़न की अतिरंजित कहानियाँ, ऐतिहासिक अन्याय के वीडियो जिन्हें संदर्भ से बाहर कर दिया गया है, या धार्मिक या जातीय समूहों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने वाले षड्यंत्र के सिद्धांत। ऐसी सामग्री को अक्सर बिना तथ्य-जांच के, जल्दी से साझा किया जाता है और कमज़ोर युवाओं के बीच जंगल की आग की तरह फैलती है। जब युवा मुस्लिम, जो पहले से ही हाशिए पर होने की भावना से जूझ रहे हैं, को इन झूठी कहानियों का लगातार आहार दिया जाता है, तो यह उनके हमले के तहत होने की धारणा को पुष्ट करता है। उनकी स्थिति की वास्तविकता और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत किए गए संस्करण के बीच का अंतर बढ़ता जाता है, जिससे वे जिस समाज में रहते हैं उससे अलगाव की भावनाएँ पैदा होती हैं। कई मामलों में, उन्हें लग सकता है कि वे चाहे जो भी करें, उन्हें कभी भी समान नागरिक के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह अलगाव भावनात्मक और शारीरिक दोनों हो सकता है, जिससे युवा लोग मुख्यधारा के सामाजिक और नागरिक जीवन से अलग हो जाते हैं। इस खतरनाक प्रक्रिया में अगला चरण अलगाव से कट्टरपंथ की ओर संक्रमण है। गलत सूचना का सबसे बड़ा प्रभाव यह होता है कि यह समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है।

धारणाओं को इस हद तक विकृत करने की शक्ति कि युवा हिंसा को न्याय प्राप्त करने या कथित खतरों से खुद को बचाने के लिए एक वैध साधन के रूप में देखने लगें। जब मीडिया का हर टुकड़ा जो वे देखते हैं, वास्तविक या काल्पनिक उत्पीड़न की ओर इशारा करता है, तो हिंसा ही जवाब देने का एकमात्र तरीका लग सकता है। युवा मुसलमान खुद को ऑनलाइन स्पेस में पा सकते हैं जहाँ कट्टरपंथी विचारों को सामान्य माना जाता है। चरमपंथी समूह वंचित युवाओं को भर्ती करने के लिए गलत सूचना का उपयोग करने में माहिर हैं। वे कमज़ोरियों का फायदा उठाते हैं, उन लोगों को उद्देश्य और अपनेपन की भावना प्रदान करते हैं जो अलग-थलग महसूस करते हैं। ये समूह युवाओं से वादा करते हैं कि हिंसा या कानून की अवहेलना के माध्यम से, वे न्याय, सम्मान या बदला भी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन वास्तव में, यह रास्ता अक्सर त्रासदी की ओर ले जाता है - व्यक्तियों के लिए और व्यापक समुदायों के लिए जिससे वे संबंधित हैं।

गलत सूचना का बढ़ता खतरा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती को उजागर करता है, खासकर समुदाय के नेताओं, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के लिए। युवाओं में मीडिया साक्षरता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देकर झूठे आख्यानों के प्रसार का सक्रिय रूप से मुकाबला करने की जिम्मेदारी उन पर है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों को अपने पाठ्यक्रम में मीडिया साक्षरता को शामिल करना चाहिए, छात्रों को यह सिखाना चाहिए कि स्रोतों को कैसे सत्यापित किया जाए, जानकारी की क्रॉस-चेकिंग कैसे की जाए और वे ऑनलाइन क्या देखते हैं, इसके बारे में गंभीरता से सोचें। इससे युवाओं को गलत सूचना की पहचान करने और उसके जाल में फंसने से बचने में मदद मिलेगी। समुदाय के नेताओं और धार्मिक विद्वानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें मुस्लिम युवाओं से जुड़ना चाहिए, उन्हें संवाद और खुली चर्चा के लिए जगह देनी चाहिए जहाँ वे अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सकें, सवाल पूछ सकें और सच्चाई पर आधारित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। गलत सूचना अलगाव में पनपती है, इसलिए समावेशी समुदायों को बढ़ावा देने से हानिकारक विचारों के प्रसार को रोका जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सरकारों और सोशल मीडिया कंपनियों को गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए सहयोग करना चाहिए। तथ्य-जांच सेवाएँ, सख्त सामग्री मॉडरेशन नीतियाँ और प्लेटफॉर्म को जवाबदेह बनाने वाले कानूनी ढाँचे गलत सूचना के प्रभाव को कम करने की दिशा में आवश्यक कदम हैं। जबकि गलत सूचना का खतरा वास्तविक है, यह अजेय नहीं है। शिक्षा, खुले संवाद और आलोचनात्मक सोच के माध्यम से मुस्लिम युवाओं को सशक्त बनाना इसके नकारात्मक प्रभावों का मुकाबला करने की कुंजी है। हमें इन युवाओं को विभाजन और भय के बजाय समावेश, समझ और सशक्तिकरण पर आधारित कथा प्रदान करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए। गलत सूचना अलगाव को बढ़ावा दे सकती है, लेकिन सही उपकरण और मार्गदर्शन यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं कि युवा मुस्लिम जुड़ाव और सकारात्मक बदलाव के मार्ग पर बने रहें। एक ऐसे भविष्य का निर्माण करके जहां सभी युवा महसूस करते हैं कि वे कहां हैं, जहाँ उनकी आवाज़ सुनी जाती है, और जहाँ वे झूठ से सच को पहचानने के लिए सुसज्जित हैं, हम उन्हें झूठी कथाओं के खतरों से बचा सकते हैं। यह एक ऐसा समाज बनाने के लिए आवश्यक है जो न केवल न्यायपूर्ण और निष्पक्ष हो बल्कि विभाजनकारी और भ्रामक सूचनाओं का सामना करने में लचीला हो।

– **लव मिश्रा,** दिल्ली

## आप की बात

### सत्ता का खेल

सत्ता के इस परिदृश्य में साम, दाम दंड, भेद सब जायज है पर इतने वर्षों की राजनीति की रंगत में निखार आने से ज्यादा बदरंग क्यों होती जा रही है। कहीं जो इसका फायदा उठाते हैं उनके वारे-न्यारे हो हो जाते हैं। इसमें मध्यमवर्गीय परिवार ही का नुकसान होता है जो ईमानदारी से आम नागरिक का फ़र्ज़ निभाता है। राजनीति रेवड़ी का यह क्या खेला हो रहा है हर तरफ खैरात बांटने वाले राजनेताओं की भीड़ लगी हुई है। कहीं लाड़ली लक्ष्मी हैं कहीं लाड़ली बहना कहीं मुफ्त इलाज मुफ्त अनाज सभी के लिए यह समझ से परे है? मेहनतकश जनता जब अपना हक मांगेगा तो यह सरकारें नहीं दे पाएंगी। जिस प्रकार से कोई भी समान्य सी मिठाई को हर कोई लेना चहता है पर राजनीति के क्षेत्र में यह बहुत कामन बात हो गई है। हर राज्य में पूरे देश में इस के बिना मझधार पार होना वर्तमान समय में बहुत मुश्किल हो गया है। तभी तो हर एक पार्टी व राजनीतिक दलों को उनके मुखिया इस रेवड़ी कल्चर को बढ़ावा देने में सभी आगे हैं। अगर इसके लिए उन्हें सरकार का खाजाना खाली करना पड़े तो भी इसकी चिंता किसी को नहीं है। वर्तमान समय में हर कोई इस मुफ्त की रेवड़ी की मिठास में घिरे जा रहे हैं। क्योंकि यह एक फार्मूला है जनमत को पाने का सस्ता व सुलभ संसाधन इसे कह सकते हैं। इस पर सभी दलों को पुनर्विचार करना चाहिए।

–हरिहर सिंह चौहान, इन्दौर

### जलवायु परिवर्तन

जलवायु परिवर्तन का दंश इस पृथ्वी के तमाम जीवों पर पड़ना शुरू हो चुका है। बावजूद इसके, दुनिया भर के देश, राजनेता इस पर आजतक खानापूर्ति ही कर रहे हैं। कोई भी गंभीर नहीं है। विकसित देशों ने इस सम्मेलन में एक बार फिर विकासशील देशों को झुनझुना दिखा दिया। जलवायु शिखर सम्मेलन अतिरिक्त समय तक चलने के बावजूद, समझौते के मसौदे में प्रस्तावित किया गया था कि विकसित देश 2035 तक वार्षिक जलवायु वित्त में 250 बिलियन प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे, जिसकी सभी पक्षों ने आलोचना की और इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया गया। नागरिक समाज के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में मौन मार्च निकाला, जिसमें उन्होंने 2035 तक वार्षिक जलवायु वित्त को बढ़ाकर मात्र 250 बिलियन डॉलर करने के विकसित देशों के प्रस्ताव की निंदा की। उन्होंने विकासशील देशों से इस अपमानजनक और अन्यायपूर्ण सौदे को अस्वीकार करने का आह्वान किया। विकासशील देश अपनी बढ़ती जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए 2025 से शुरू होने वाले सालाना कम से कम 1.3 खरब डॉलर की मांग कर रहे हैं। जो 2009 में वादा किए गए 100 अरब डॉलर से 13 गुना अधिक है। उन्होंने कहा है कि इस 1.3 खरब डॉलर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विकसित देशों से सीधे सार्वजनिक वित्त पोषण में आना चाहिए। –जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

### अडानी पर आरोप

अमेरिकी नियामक एजेंसी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन ने अडानी ग्रुप पर भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के ठेके हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। अमेरिका की एजेंसी द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद दुनिया भर में हलचल मच गई। लोकसभा चुनाव परिणाम के वक्त भी और इस बार भी निवेशकों का अरबों रुपया डूब गया। हमारी भारतीय नियामक संस्थान ऐसे मामलों क्या सो रही थी क्या? एक और तो भारतीय शेयर बाजार नित नई ऊंचाइयां प्राप्त कररहा है, तो दूसरी ओर ऐसे मामले निवेशकों के विश्वास को धक्का पहुंचाते हैं। हमारे देश में भ्रष्टाचार के चलते कुछ भी संभव है। मगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को धक्का पहुंचा है। और यदि यह अमेरिकी संस्थाओं की साजिश बताई जा रही है तो विश्व की तीसरी आर्थिक पोजीशन वाले देश को ऐसे नियम बनाने चाहिए कि कोई विदेशी संस्थान देश की अर्थव्यवस्था को इतना भारी धक्का नहीं पहुंचा सके। आगे ऐसा न होने पाए इसके पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। भारत एक उभरती हुई शक्ति है और उसको ऐसा अवश्य करना चाहिए कि राष्ट्रीय हितों को विदेशी शक्तियों द्वारा नुकसान न पहुंचे।

सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### चुनाव परिणाम

23 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव एवं विभिन्न राज्यों के 47 विधानसभाओं के उप चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। महाराष्ट्र की जनता ने एनडीए को और झारखंड में इंडिया ब्लॉक को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मौका दिया है। यह स्थित भारतीय लोकतंत्र के लिए भी अच्छी है। अब पूर्ण बहुमत की सरकार जनता के हितों पर काम करेंगे और दीर्घकालिक और लघु योजना के माध्यम से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। महाराष्ट्र की जीत पर कांग्रेस के नेताओं ने उपभोक्ता संस्कृति की जीत बताया है। वास्तव में यहां भाजपा ने जहां रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन किया और उसके सहयोगियों ने भी अपना जलवा कायम रखा। वहीं कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार को बड़ा झटका लगा है। दूसरी ओर झारखंड में हेमंत सोरेन का जलवा कायम रहा। भाजपा के द्वारा चंपई सोरेन और सीता सोरेन को शामिल करने के बावजूद भी झारखंड उनके हाथ में नहीं आया है, यह भाजपा के लिए चिंता का सबब रहेगा। फिर भी जो भी सरकारें बनें, उनके लिए जनता का हित सर्वोपरि होना चाहिए।

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# केंद्रों में बारदानों का आभाव, किसान खुद तौल रहे धान, ठेकेदारों के मजदूर गायब

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़ियां और गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। घीना, मुड़िया, हड़गहन और अहिवारा नवागांव खरीदी केंद्रों में पहुच धान खरीदी की व्यवस्था देखी, और किसानों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मुड़िया खरीदी केंद्र में किसानों को धान तौलता देख समिति प्रबंधक की क्लास लगाई और केंद्र में मौजूद ठेकेदार से मजदूरो के बारे पूछा, क्योकि केंद्र में ठेकेदार के लेबर नदारद मिले। तो ठेकेदार द्वारा बताया गया कि आज मंगलवार से मजदूर आएंगे। तो वही केंद्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था नही होने पर राज्य सरकार पर निशाना साधा, धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू रुप से नही किये जाने का आरोप भी लगाया। विधायक अनिला भेड़ियां ने बताया कि डौडीलोहारा ब्लॉक के धान खरीदी केंद्रो में अव्यवस्था को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखा गया है। कई धान खरीदी केंद्रो में बारदाने के अभाव में खरीदी बंद होने की आशंका है। किसानो की शिकायत पर केंद्रों की व्यवस्था देखने पहुचे है। वही इस दौरान खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों ने अव्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया। विधायक अनिला भेड़ियां एवं कुंवर सिंह निषाद ने किसानों की मांग का समर्थन किया।



### बाजार में बारदाना नहीं है : किसान

मुड़िया, कोसमी तथा गारका के किसान पंचु रावटे, सियाराम गंधर्व व नरोत्तम रावटे ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में बारदाना उपलब्ध नहीं है। किसानों को बारदाना लाने के लिए कहा जाता है। बाजार में बारदाना नहीं है। किसान भूखन रावटे, अनूपचंद बढई, चंद्रकुमार देशलहरे ने बताया कि टोकन की भी व्यवस्था नहीं है। जिन किसानों ने धान बेचा है। उनके खाते में 2 हजार 300 की दर से भुगतान आया है। सरकार किसानों के साथ न्याय नहीं कर रही है। मुड़िया सोसायटी मे भी तक 86 किसानो से 3 हजार 825 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। लगभग यही स्थिति सभी सोसाइटियों में है।

### व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसान समिति में लगाएंगे ताला

पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़ियां ने प्रशासन से कहा है कि धान खरीदी केंद्रों में शीघ्र ही व्यवस्था सुधार कर किसानों के साथ न्याय करें, अन्यथा मजबूर होकर किसान सोसाइटी में ताला जड़ देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की साय सरकार किसानों को परेशान न करें। अन्यथा परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। पहली बार ऐसा हुआ है कि 1 नवंबर से खरीदी शुरू न कर 14 नवंबर से खरीदी शुरू की गई है, ऊपर से बारदाने नही है, किसानों को बारदाने खरीदने कहा जा रहा है, मिलर्स अनुबंध नही करा रहे है, कई केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान की मात्रा का स्टॉक है। ऐसी स्तिथि रही तो धान खरीदी बन्द हो जाएगी।

# नशेड़ी पुत्रों ने अपाहिज पिता को उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

उतई पुलिस ने हत्या के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। दो सगे बेटों ने पिता की हत्या की थी। थाना उतई टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपीगणों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। एसडीओपी पाटन हरीश पाटिल ने बताया कि प्रार्थिया अंकलहीन बाई निवासी ग्राम परेवाडीह ने उतई पुलिस को बताया कि 22 नवंबर को रात्रि 10 बजे करीबन इनके दोनों बेटों शशी कुमार ठाकुर एवं दशरथ लाल ठाकुर ने शराब के लिए दिये पैसे से शराब लेकर नही आने से तु तु मैं मैं होते हुए लड़ाई झगड़ा करने लगे। बीच बचाव करने आई प्रार्थिया एवं उसके पति को भी लात मुक्का व घुसा से मारने लगे। प्रार्थिया के पति जो दोनों पैरो से अपाहिज है, अपने दोनों बेटों का लड़ाई-झगड़ा को छुड़ाने के लिए उनके पैरों को पकड़ लिया जिसे आरोपी शशी कुमार ठाकुर ने हाथ मुक्का लात से मारपीट कर गले को घुटने से दबा दिया और छोटे बेटे ने दशरथ लाल ठाकुर अपने पिता के छाती में चढ़कर लात घुसा से मारपीट करने लगा। लगातार



दबे रहने एवं लात घुसों की मारपीट से आई अंदरूनी चोंट के कारण पिता भगवान सिंह ठाकुर की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 357/2024 धारा 103, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के पूर्व शाम करीबन 06.00 बजे से मृतक का छोटा लड़का दशरथ शराब पीया हुआ था। बड़े लड़का रात करीबन 10.00 बजे घर आया तो छोटे लड़के दशरथ ने अपने बड़े भाई को शराब के लिए दिए पैसों से शराब लाने की बात पुछने पर दोनों के बीच तुतु मैंमैं होने लगा जो लड़ाई का रूप ले लिया और आरोपी शशी कुमार ठाकुर ने अपने छोटे भाई दशरथ को पास में पड़े लकड़ी से सिर में मार दिया जिससे से सिर में चोंट आई जिसे देखकर प्रार्थिया एवं उनके पति भगवान सिंह ठाकुर बीच बचाव करने आए। दोनों आरोपी जो पहले से गुस्साये थे अपने पिता को धक्का देने से गिर गया। जिसके गले एवं छाती को घुटने से दबा कर मृतक के उपर बैठ गए थे जिससे मौके पर ही मृतक की मृत्यु हो गई। प्रकरण के आरोपियों को आज हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर दोनों भाई आरोपियों द्वारा अपने पिता भगवान सिंह ठाकुर की हत्या करना स्वीकार करने से आरोपी गण शशी कुमार ठाकुर पिता भगवान सिंह ठाकुर उम्र 30 वर्ष, दशरथ लाल ठाकुर पिता भगवान सिंह ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम परेवाडीह थाना उतई जिला दुर्ग को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# राईस मिल पहुंच हम्मालों के साथ डॉ. सौरभ निर्वाणी ने सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 116 वे एपिसोड को सुनने डॉ सौरभ निर्वाणी राईस मिल में कार्यरत हम्मलो के बीच पहुंचे, डॉ निर्वाणी ने उनके साथ मन की बात का रेडियो प्रसारण सुना, डॉ. निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने से छोटी छोटी बातों को करते हुए भी राष्ट्र सेवा की जा सकती है यह पता चलता है, आज मन की बात में मोदी जी ने देश के लोगों खासकर बुजुर्गो को जागरूक करते हुए बताया कि देश मे या किसी भी राज्य में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कार्यवाही नही होती ऐसे ठगी से जागरूक होकर बचना चाहिए, वहीं



कचरे से कंचन की दो बहनों की कहानी ने भी प्रेरित किया, एन सी सी कैडेटस के अनुशासन की बात से छात्र युवाओ को एन सी सी को लेकर प्रोत्शाहन भी दिया, मोदी ने बताया कि किस तरह एक पेड़ मां के नाम अभियान ने देश के बाहर गयाना जैसे देशों को प्रभावित किया है और वहां भी इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण और अपनो की स्मृति को चीर स्थाई बनाने युवा आगे आये हैं। राईस मिल के श्रमिकों ने मन की बात का छत्तीसगढ़ी अनुवाद भी सुना, रेडियो प्रसारण के दौरान राईस मिल की ध्वनि को देखते हुए 1 घण्टे के लिए मिल को बंद कर दिया गया था, मिल श्रमिकों ने बहुत ही तन्मयता से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना।

# संगठित समाज से ही व्यक्ति का विकास होता है : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

कोसरिया यादव समाज के द्वारा ग्राम महकाखुर्द मे श्री राधा कृष्ण की मूर्ति एवं मंच लोकार्पण समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा, ग्राम भ्रमण गाजा बाजा राउत नाचा के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आशीष वर्मा, जवाहर वर्मा, अध्यक्षता अर्चना यादव महिला प्रकोस्ठ अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज, विशिष्ट अतिथि बोधन यादव जिला कोसरिया यादव अध्यक्ष, रामचंद्र यादव पाटन अध्यक्ष, बरातु यादव कोडिया अध्यक्ष,गुमेंद्र यादव खाड़ा अध्यक्ष, चेला राम यादव कातूरबोर्ड अध्यक्ष, हरीश यादव उपाध्यक्ष, प्रीतम यादव युवा अध्यक्ष विक्की





यादव, नागेंद्र यादव, दादू अहीर, किशन यादव, लक्षी यादव रानीतरई अध्यक्ष, नारायण यादव सचिव, मालती यादव जिला महिला सचिव, सुलोचना यादव, रामेश्वरी यादव, अनिता यादव, दीपाली यादव, ओमकुमारी यादव महामंत्री, कांता यादव पूर्व सरपंच, सुरेंद्र गायकवाड सरपंच, लतेश्वरी सोनवानी पंचायत सचिव, धर्मेन्द्र सिन्हा रोजगार सहायक शामिल हुए। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन मे समाज को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। श्री कृष्ण जी के विकराल स्वरुप के बारे मे समाज को बताया, अहंकार रूपी व्यक्तित्व को त्याग कर परम आनंद की प्राप्ति की प्राथमिकता को समाज गंगा बताया। कार्यक्रम मे पाली अध्यक्ष अरुण यादव, गौटिया रामाश्रय यादव महकाखुर्द, ईश्वर यादव पहण्डोर, रामधार यादव, राजेंद्र यादव महका कला, तिहारु यादव पचपेडी, धनसिंह यादव गनियारी, प्रदीप यादव सोमनी, युवा अध्यक्ष प्रवीण यादव रितेश यादव, नील कुमारी यादव, चंद्रिका यादव, प्रमिला यादव राधिका यादव, नूतन यादव, शकुन यादव, ममता यादव, सतरूपा यादव, मंजु यादव, उर्मिला यादव, बसंती यादव, सरोज यादव, साथ ही जिला कोसरिया यादव महासभा के पदाधिकारी गण भी शामिल हुए, सांसद निधि से बने भवन का लोकार्पण विजय बघेल लोकसभा सांसद, के द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में प्रिज्म पब्लिक स्कूल के संचालक रूपेश गुप्ता, असीम साहू, ख्याति साहू, सखी आनदम् के संचालक देवेंद्र क्षितिजा, चिंतामणि यादव समाज सेवी सेवा निर्वित विद्युत विभाग की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। भजन कीर्तन के पश्चयात महाभोग हुआ। मंच संचालक खिलेश यादव के द्वारा किया गया। रात्रि कालीन आयोजन अखाड़ा बोहारडीह वालों के द्वारा दिखाया गया, महाआरती के पश्चयात कार्यक्रम के समापान की घोषणा की गई।

# एथेनॉल प्लांट बंद कराने की मांग को लेकर आंदोलनकारियों ने राजस्व मंत्री से मिलकर बताई परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनॉल प्लांट बंद कराने की मांग को लेकर आंदोलन कारियों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मिलकर परेशानी से अवगत कराया। आंदोलन कारियों में से प्रमिल तिवारी, अजिताभ मिश्रा, सिद्दीक खान, श्यामलाल साहु ने राजस्व मंत्री वर्मा को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं प्लांट विस्थापन आंदोलन का 63 वां दिन जनपद पंचायत बेरला के सदस्य सिद्दीकी खान ने बताया कि प्लांट प्रारंभ होने से पहाड़ पीसने की तरह भीषण ध्वनि प्रदूषण, पथर्रा, बसनी के ग्रामीणों का आरोप रात भर आवाज में सो नहीं पाए। इथेनॉल प्लांट का विस्थापन आंदोलन अब अपने टर्निंग पॉइंट पर पहुंच चुका है। प्लांट के ट्रायल होने से उत्पन्न भारी आवाज और बदबू की शुरुआत ने आंदोलन को उग्र रूप में जाने



का रास्ता साफ कर दिया है। प्लांट की आवाज से बसनी और पथर्रा के ग्रामीण सड़क पर निकल आए, स्थिति को भांपते हुए, प्लांट का ट्रायल प्रबंधन द्वारा रोका गया। प्लांट की आवाज से भारी बेचैनी गांव वालों में देखी गई। ग्राम पंचायत द्वारा लगातार भारी वाहन प्रवेश ग्रामीण पगडंडी पर नहीं करने का बोर्ड लगाया गया था। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा लगातार उल्लंघन से परेशान होकर रोड में भारी वाहन ग्रामीण क्षेत्र में प्रवेश से रोकने बाढ़ लगाई गई है, जो कि पंचायत के अधिकार क्षेत्र में है। इस बीच बेमेतरा प्रवास पर पहुंचे राजस्व मंत्री से आंदोलन कारियों ने भेंट कर व्यथा बताई है। राजस्व मंत्री ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह प्लांट लगाने और लगातार गैरकानूनी गतिविधियां संचालन पर आश्चर्य व्यक्त किया। करते हुए इस प्लांट की अनियमितता पर कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर बेमेतरा को निर्देश देने की बात कही। वहीं फैक्टरी मालिक पर आरोप लगाते हुए बताया गया है कि अपने साथियों के साथ श्याम लाल साहू के घर जाकर आंदोलन नहीं करने और प्लांट के कार्य को बाधित नहीं करने के लिए चेताया और धरना स्थल नहीं जाने के लिए धमकाया गया है। जिसे ग्रामीणों का गुस्सा भारी रूप से बढ़ गया है, जो कभी भी आक्रोश का बड़ा रूप ले सकता है, और प्लांट प्रबंधन पर कार्यवाही के लिए प्रशासन को बाध्य करेगा।

# चोरी के सोने चांदी जेवरात व मोबाइल सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** चोरी गये सोने चांदी के जेवरात व मोबाइल सहित 03 आरोपी गिरफ्तार, 02 आरोपी चोरी का सामान खरीदने वाले शामिल हैं पुलिस ने बताया कि 18.08.2023 को प्रार्थी निखिल कुमार सोनी पिता भुपेन्द्र कुमार सोनी उम्र 39 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 04 रेस्ट हाउस चौक बेमेतरा थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा जिला बेमेतरा ने हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15/08/2023 के शाम करीब 06 बजे मेरा बड़े भाई नितिन कुमार सोनी अपने परिवार के साथ अपने किराये के मकान में ताला लगाकर बहन के पर कोटा (राजस्थान) गये है। 16 अगस्त 2023 के सुबह 07 बजे बड़े भाई नितिन कुमार घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था घर अंदर जाकर देखा तो कमरा अंदर रखे आलमारी गोदरेज का लाकर टूटा हुआ था उसमें रखे सामान कमरा अंदर बिखरा हुआ था। तब फोन कर बड़े भाई नितिन कुमार सोनी एवं भाभी को घटना के बारे में बताया जो बताये कि गोदरेज के अंदर एक जोड़ी सोने का झुमका पुरानी इसोमाली, एक नग सोने का चौन पुरानी इस्तेमाली, एक नग सोने का बिंदिया पुरानी इस्तेमाली, एक नग चांदी का कर्तन पुरानी इस्तेमाली, एक नग चांदी का जेहर, 05 जोही चांदी का पायत छोटा बड़ा पुरानी इस्तेमाली कुल कीमती करीब 70,000 रुपये एवं दो नग मोबाइल ओप्पो कंपनी का कीमती करीच 8,000 रुपये एवं नगदी रकम 10,000 रूपये।



# सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक साहू बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेवे मे कलार (सिन्हा) समाज द्वारा आयोजित भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने धर्मपरायण राज्य की स्थापना कर लोककल्याणकारी का रास्ता दिखाया, हमारी सरकार भी इन्हीं कल्याणकारी रास्तों पर आगे बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ के लोगों के भलाई, सुख समृद्धि के लिए काम कर रही है। साहू ने कलार समाज को समृद्ध और शिक्षित समाज बताते हुए कहा कि आज समाज के युवा उच्च पदों पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प रखा है। छत्तीसगढ़ भी इस विकसित भारत के मुहिम में शामिल होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा





है। विधायक साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में मोदी की गारंटी को लागू किया गया है। सरकार बनते ही किसानों के धान को 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल में खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी, दो साल का बकाया बोनस का भुगतान, छत्तीसगढ़ की माताओं को महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रति माह 1000 रूपये की भुगतान, तेंदूपत्ता पारिश्रमिक दर को प्रति मानक बोरा 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5,500 रुपए कर दिया गया। साहू ने कार्यक्रम स्थल पर युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजन के लिए भी समाज प्रमुखों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे अनेक परिवार आपस मे मिलेंगे एवं नए सम्बंध की शुरुआत करेंगे। सिन्हा समाज जनसंख्या की दृष्टि से भले ही कम हो लेकिन समाज मे एकता के क्षेत्र मे सिन्हा समाज हमेशा आगे रही है। साथ ही कार्यक्रम छोटे छोटे बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिनको विधायक साहू द्वारा सम्मान राशि भेंटकर सम्मानित किया गया।

## नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

# हमने बनाया है हम ही संवारेंगे के मूलमंत्र को लेकर सपने हो रहे साकार : खेमलाल साहू

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित सेलूद, सांतरा, सोनपुर एवं केसरा में राज्य सरकार द्वारा नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सेलूद सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी टामन साहू, सांतरा सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी बुद्धदेव चंद्राकर, सोनपुर सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी शशिधर साहू एवं केसरा सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी अंगेश सिन्हा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल पाटन, विशिष्ट अतिथि लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल पाटन, पोसूराम निर्मलकर पूर्व मंडी सदस्य, हरिशंकर साहू महामंत्री मध्यमंडल पाटन, चन्द्रिका साहू जिला मंत्री महिला मोर्चा दुर्ग, खेमिन साहू सरपंच





सेलूद, भागवत सिन्हा सरपंच केसरा, चंद्रशेखर कोसरे सरपंच सांतरा, महेश्वर बंछोर की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर खेमलाल साहू ने कहा कि किसानों एवं शासन को जोड़ने की कड़ी के रूप में सेवा प्रदान करने राज्य सरकार ने सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी के रूप मनोनीत किया है। केंद्र में माननीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं राज्य मे विष्णुदेव की सुशासन की डबल इंजन की सरकार आप समस्त किसानों के आशीर्वाद से निरंतर कार्य कर रही है। घोषणा पत्र के संयोजक के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग द्वारा घोषणा पत्र में जो हमने कहा है, वह हमारी सरकार ने पुरा किया है। सरकार बनते ही किसानों के धान को प्रति एकड़ 21 क्विन्टल एवं एकत्तीस सौ रुपये में खरीदने का वादा को पुरा किया। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सीधे उनके खाते में राशि प्रदान किया जा रहा है। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति कर किसानों के विषय को हल करने आप किसानों के बीच से नियुक्ति किया गया है। हमने बनाया है हम ही सवारेंगे के मूलमंत्र को हमारी सरकार साकार कर रही है, सभी वर्गो एवं सभी क्षेत्रों में विकास का कार्य कर रही है। लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल पाटन ने कहा कि किसानों के एक एक दाना को खरीदने का कार्य सोसाइटी के माध्यम से डॉ. रमनसिंह की सरकार ने प्रारम्भ किया। बीच में पांच वर्ष दूसरे पार्टी की सरकार बनी जिनके कार्यकाल में किसानों को धान बेचने हेतु रातभर टोकन के लिए जागना पड़ता था, इनके आलावा सोसायटी मे बारदाना की उपलब्धता कराने में भी असमर्थ रहा है। इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसानों को अपने धान बेचने हेतु स्वयं के बारदाने खरीद कर बेचने मजबूर हुए थे और किसानों को उनके बारदाने की राशि भी नहीं दिया गया। हरिशंकर साहू महामंत्री मध्य मंडल पाटन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों की आय में वृद्धि हो इसके लिए नित नए योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने विकसित छत्तीसगढ़ राज्य के सपने को साकार करने का कार्य केंद्र में नरेंद्र मोदी एवं राज्य में विष्णु देव की डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर रूपसिंह सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति बेल्हारी, संजय चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति गाड़ाडीह, राजू चंद्राकर, डॉ सुरेश साहू, रमेश देवांगन, बाबूलाल ठाकुर, अरुण चंद्राकर, मोहन साहू, अर्जुन साहू, बल्ला चंद्राकर, हिम्मत चंद्राकर, मेघनाथ चंद्राकर, दीपक बारले, डॉ यशवंत साहू, गजेंद्र सिन्हा, देवनारायण साहू, डाकवर साहू, यतेश्वर गोस्वामी, तेजेन्द्र सिन्हा, छगन साहू, डोमेश सिन्हा, खोरबाहरा साहू, धनेंद्र धृतलहरे, वेदराम साहू, संतोष सिन्हा, मुन्ना पाल, नारद सेन, घना राम सिन्हा, गुलशन यादव, परमेश्वर निषाद, ताकेश्वर सिन्हा, खिलु पटेल, राजेश निषाद, विष्णु निषाद एवं समिति के प्रबंधक, कर्मचारियों सहित किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# भक्ति का पता विपत्ति में ही चलता है : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दिव्य आयोजन में ग्राम झिरिया जिला बेमेतरा यदु परिवार द्वारा तृतीय दिवस की कथा आयोजन में कथा व्यास पंडित झम्मन शास्त्री ने प्रहलाद चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई साथ ही राजा बलि की कथा गाते हुए कहां की श्रद्धालुओं की भक्ति का पता विपत्तियों में ही चलता है। विपत्तियां श्रद्धालुओं की भक्ति की परीक्षा भी है और अवसर भी है। भक्त प्रहलाद ने अपने पिता के द्वारा किए गए अत्याचारों को भगवान के ऊपर विश्वास रखते हुए सहन किया अंत में भगवान स्वयं प्रकट होकर अत्याचारी का अंत किया। हमें भी विपत्तियों में भगवान के परीक्षा को समझना चाहिए एवं भगवान पर विश्वास करना चाहिए राजा बलि की कथा सुनाते हुए दान की विशेष महत्व को बताएं दान करने से धन की शुद्धता होती है। आज के समय में लोग तरह-तरह के यत्न करके पैसा कमा रहे हैं। इस दौरान वह भी नहीं देख रहे हैं ।कि उसे धन का क्या प्रभाव पड़ेगा इसलिए जितना भी कमा रहे हो उसका कुछ हिस्सा जनकल्याण के कार्यो में खर्च करें। भागवत कथा अमृत तुल्य है। शास्त्री ने कहा कि 18 पुराणों में वेद के मंत्रों की व्याख्या भगवान वेद् व्यास ने की सत्य धाम व न्याय नीति की स्थापना के लिए श्रद्धालुओं को संघर्ष करना चाहिए भागवत कथा अमृत तुल्य है। वर्तमान समाज में द्वंद, संघर्ष कलह, कटुता, द्वेष बढ़ रहा है। जो जहर तुल्य है। उन दस प्रवृत्तियों को रोकने के लिए सात्विक भावना से सात्विक विचार से भागवत कथा सुनने व भागवत संकीर्तन की आवश्यकता है। जिससे समाज में सभी प्रकार की कुरीतियों का समन होगा और समाज व मानव को बचाया जा सकता है। महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।



# जलकुंभी, नाली व सेप्टिक के पानी से प्रदूषित हुआ तालाब, लोगों को निस्तार के लिए हो रही परेशानी

## चांपा के लच्छीबंध तालाब की हालत दयनीय, सीएमओ की लापरवाही का शिकार हुआ तालाब

■ किसी के साजिश के तहत तालाब को पाटा जा रहा, सीएमओ की भूमिका भी संदिग्ध...

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



कभी शहर का शान कहलाने वाला लच्छीबंध तालाब नगरपालिका सीएमओ की लापरवाही का शिकार है। पूरा तालाब जलकुंभी से पट गया है तो वहीं नाली और सेप्टिक के पानी से तालाब का पानी प्रदूषित हो गया है। कहा तो यह जा रहा है कि इस तालाब को एक साजिश के तहत जानबूझकर गंदगी से युक्त कराया जा रहा है, ताकि इस तालाब को अनुपयोगी घोषित कर इसका व्यावसायिक उपयोग किया जा सके। जबकि यह तालाब लोगों के निस्तार का एक बड़ा माध्यम है, लेकिन गंदगी और कूड़ेदान से तालाब का पानी पूरी तरह दूषित हो गया है। चांपा शहर के हृदय स्थल में स्थित लच्छीबंध तालाब लोगों के निस्तार का एक बड़ा माध्यम है। तालाब के विभिन्न घाटों में लोगों की निस्तार होती है, लेकिन इन दिनों नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही से पूरा तालाब कूड़ेदान और गंदगी का पर्याय बन गया है। पूरा तालाब जलकुंभी से पट गया है, जिसके चलते तालाब में पानी तक नजर नहीं आ रहा है। तालाब में कुछ जगहों से नाली और सेप्टिक का पानी भी प्रवाहित हो रहा है, जिसके चलते तालाब का पूरा पानी प्रदूषित हो गया है। नगर पालिका सीएमओ इस तालाब की साफ सफाई को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते यहां निस्तार करने वाले लोगों के मुंह से उनके लिए आह! ही निकल रहा है। पहले ही पूरे शहर और नदी के घाटों में गंदगी का आलम है। नगर पालिका के सफाई शाखा में नियमित और प्लेसमेंट मिलकर 50 से अधिक कर्मचारी है, जिन्हें हर माह लाखों रुपए सैलेरी मिलती है। चांपा की सफाई व्यवस्था में सरकार हर माह लाखों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही से शहर में गंदगी आलम है। कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएमओ सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता पूरी कर ले रहे हैं। सूत्रों का कहना है शहर के हृदय स्थल में स्थित इस तालाब को एक साजिश के तहत गंदगी संयुक्त कराकर किस नियुक्त अनुपयोगी घोषित किया जाएगा ताकि तालाब का व्यावसायिक उपयोग किया जा सके। इस तरह का दुस्साहस इसके पहले भी किया गया था लेकिन प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए तालाब पाटने के मामले को खारिज कर दिया था।

# हमर सुघ्घर ऑफिस अभियान... कलेक्टोरट परिसर में संचालित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने की सफाई

■ मुख्यालय सहित तहसीलों में भी की गई युद्ध स्तर पर कार्यालय की साफ-सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार हमर सुघ्घर ऑफिस अभियान के तहत् कलेक्टोरेट में संचालित सभी विभाग ने श्रमदान कर अपने-अपने कार्यालय और परिसार में साफ-सफाई किया गया। इस दौरान पर कलेक्टोरेट में संचालित राजस्व विभाग विभाग, जनसंपर्क विभाग, जिला कोषालय, भू-अभिलेख, क्रेड़ा विभाग, खनिज विभाग, मछली पालन, आदिम जाति कल्याण विभाग, अपर कलेक्टर कार्यालय सहित सभी विभागों के द्वारा आज युद्ध स्तर पर कार्यलय की साफ-सफाई की गई। इसी प्रकार जिले के सभी तहसीलों में स्थित कार्यालयों में भी आज स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर अधिकारी-कर्मचारियों ने साफ-सफाई की और स्वच्छता की शपथ ली। विदित हो कि कलेक्टर ने हमर सुघ्घर ऑफिस के उद्देश्य के बारे में विगत दिवस सभी विभाग प्रमुखों को जानकारी दिए थे। उन्होंने बताया था कि प्रतियोगिता के माध्यम से शासकीय कार्यालयों में सुशासन की स्थापना, कार्यालय को व्यवस्थित एवं सुंदर बनाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार, आम जनता एवं कर्मचारियों के लिए कार्यालय में सुविधाओं का विकास, अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण, कर्मचारियों के शारीरिक एवं स्वास्थ्य में सुधार, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं आम जनता को लाभ बेहतर सेवा के माध्यम से कार्यालय को आम जनता के लिए अनुकूल बनाना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने कार्यालय और कार्यालय परिसर को साफ-सफाई करके सुंदर रखने के लिए कहा था।

# चपले में कौमी एकता सप्ताह की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



नवीन शासकीय महाविद्यालय चपले में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कौमी एकता सप्ताह सांस्कृतिक एकता एवं महिला सशक्तिकरण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 22 नवम्बर को किया गया। महाविद्यालय के अधिकारी नोडल प्रो.जी एस राठिया एवं कस्तूरी राठिया, सरपंच ग्राम पंचायत चपले के मुख्य आतिथ्य में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.एम एल पटेल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया, उसके पश्चात महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डिम्पल अग्रवाल ने महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी, प्रमिला कंवर ने महिला सुरक्षा एवं शोषण पर सारगर्भित विचार व्यक्त किया, छाया सिदार ने घरेलू हिंसा एवं उत्पीड़न पर अपनी राय प्रकट की। इस कार्यक्रम में अन्य सहायक प्राध्यापक राजेश लहरें, सुब्रत मंडल,आशीष बरगाह ने अपने विचार रखे इस कार्यकम का सफल संचालन कार्यक्रम के अधिकारी एन एस एस प्रभारी एम एल पटेल ने किया, अंत में कार्यक्रम का आभार व्यक्त महाविद्यालय के नोडल जी एस राठिया के द्वारा किया गया कार्यक्रम में अन्य ग्रंथपाल जयश्री माझी,जगदीश पटेल एवं सुनीता संजय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कोटा को दी करोड़ों की सौगात

## वहीं स्थानीय विधायक की उपेक्षा से नाराज कांग्रेसियों प्रशासन की खिलाफ खोला मोर्चा



पायनियर संवाददाता ◄ करगी रोड कोटा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंच पर केक भी कटवाया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि दामाद ससुराल में लेने आता है, परंतु में आप लोगों को विकास की सौगात देने आया हूं और यदि खुश रहना है तो ससुराल वालों को खुश करना पड़ेगा और ससुराल कोटा में साफ सफाई की व्यवस्था सुधारने की जरूरत है। उन्होंने आगे ये भी कहा कि सरकार में उन्हें मंत्री बने 11 माह हुए है और अभी तक लगभग 8 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है। इससे पहले अरुण साव ने महामाया मंदिर में मत्था टेका। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्र एवं मितानिनों को साड़ी का वितरण किया। पत्रकारों द्वारा आवास में हो रही धांधली के सवाल पर बचते नजर आए।

### कांग्रेसियों ने किया जय स्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन



कोटा नगर में एक तरफ नगर पंचायत प्रांगण में मंत्री अरुण साव करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण कर रहे थे वहीं कुछ ही दूरी पर कांग्रेसियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की क्योंकि इतने पड़े प्रशासनिक लोकार्पण के कार्यक्रम में स्थानीय विधायक को नहीं बुलाया गया। कांग्रेसियों ने कड़े शब्दों में निंदा की। सी एम ओ हटाव और मुर्दाबाद के नारे लगे।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में कैरियर फेस्ट उड़ान 2024 का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





हमारे विद्यालय में छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी अभिरुचि के अनुसार भविष्य में कौन सा करियर चुनना है इस दिशा में भी विद्यालयीन छात्रों का सतत मार्गदर्शन किया जाता है। छात्र जीवन में ही उसके स्वर्णिम भविष्य की योजना बनाने में अभिभावकों के साथ मिलकर छात्रों के भावी जीवन की नींव रखी जाती है इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु समय-समय पर अनेक करियर से जुड़े सेमिनार का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में करियर फेस्ट 'उड़ान 2024' का आयोजन किया गया इसमें ख्याति प्राप्त 18 विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण से हुई तत्पश्चात् आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद कक्षा 12वीं के छात्रों ने हर एक विश्वविद्यालय के स्टॉल के पास जाकर अपनी रूचि के अनुसार अपने करियर तथा एडमिशन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल किये। कक्षा 10 तथा 11वीं के छात्रों ने भी अपने करियर से संबंधित जो जिज्ञासाएँ थी उन्हें विश्वविद्यालयीन प्रतिनिधियों से प्रश्नोत्तर माध्यम से हासिल किये। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर स्वयं सभी प्रतिनिधियों से उनके विश्वविद्यालय के भावी योजनाओं तथा अपने छात्रों के लिये क्या सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं, इसकी जानकारी प्राप्त किया। उन्होने अपने उद्बोधन में इतने भव्य आयोजन के लिये विद्यालय प्रबंधन तथा आये हुये देश के शिक्षाविदों को धन्यवाद ज्ञापित किया। और आगे भी छात्र हित के लिए इस तरह के आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया।

# रायपुर क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित

■ भाषण प्रतियोगिता में छात्रा कु. स्वाति यादव ने लहराया परचम, मिला प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में अध्ययनरत आठवीं की छात्रा स्वाति यादव ने राजमाता अहिल्या देवी होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्यादेवी होल्करः व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित मिडिल स्कूल स्तर की भाषण प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि आठवीं की छात्रा स्वाति यादव पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा 26 नवंबर 2024 को सिहावा अकादमिक भवन सभागृह बिलासपुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र रायपुर की ओर से प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित हुई है जो विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। ज्ञात हो कि इस विद्यालय की छात्रा कु.आस्था साहू (11वीं) ने भी रायपुर क्षेत्रीय स्तर पर कक्षा 9 वीं से 12वीं स्तर पर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर माता पिता परिवारजनों, रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रों, सहपाठियों ने स्वाति यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अमलडीहा की सेवा सहकारी समिति में नवनियुक्त अध्यक्ष का पदभार ग्रहण 26 नवंबर को

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



सेवा सरकारी समिति मर्यादित अमलड़िहा पंजीयन क्रमांक- 1847 में समिति के शासन द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल द्वारा पदभार ग्रहण एवं धान खरीदी कार्य का शुभारंभ 26 नवंबर को सुबह 11:00 बजे किया जायेगा, सेवा सरकारी समिति मर्यादित अमलडीहा ने समिति के अंतर्गत सभी किसान भाइयो को बतौर अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए इस पदभार ग्रहण कार्यक्रम एवं धान खरीदी कार्य के शुभारंभ अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया है, वहीं नव नियुक्त अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल ने भी कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हे समिति के अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी दी गई है,वे पूरी निष्ठा एवं सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करेंगे साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की मंशाअनुरूप किसानों को धान खरीदी केदो में किसी भी प्रकार की धान बेचने में समस्या ना हो तथा उनके भुगतान की प्रक्रिया भी सरल तरीके से संपन्न हो, इस दिशा में काम करेंगे।

## नेपाल अग्रवाल महिला मंच विराट नगर द्वारा 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक होगी अग्रभागवत कथा

**सक्ती।** भगवान पशुपतिनाथ की पुण्य पावन धरा नेपाल की अग्रवाल महिला मंच विराट नगर द्वारा आगामी 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक तीन दिवसीय अग्र भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है, इस आयोजन में व्यास पीठ पर प्रमुख कथा वाचक उज्जवल जी गर्ग (महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा स्वर्ण पत्र से सम्मानित) अपनी अमृतमय वाणी से कथा का रसपान करवायनगे,तो वहीं इस पूरे आयोजन का प्रमुख आकर्षण कोलकाता की विश्व विख्यात संजीव झांकियां होगी, एवं नेपाल देश में होने वाली इस अग्र भागवत कथा को लेकर नेपाल अग्रवाल महिला मंच विराटनगर द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है।


## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
### बीजापुर वनमंडल बीजापुर, जिला - बीजापुर (छ.ग.)

### // नीलाम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बीजापुर वनमंडल के बीजापुर / काष्ठागार / बांसागार के ईमारती काष्ठ, सागौन जलाऊ चट्टा एवं अगरबत्ती काड़ी का नीलाम दिनांक 02/12/2024 को प्रातः 10:00 बजे से बांसागार नीलाम हॉल में किया जावेगा। इच्छूक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम के पूर्व लाटों को भली भाँति देख लें।

| काष्ठागार का नाम | नया काष्ठ अनुमानित मात्रा | | | पुराना काष्ठ अविक्रीत | | योग:- | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रजाति | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| ईमारती काष्ट | | | | | | | |
| बीजापुर काष्ठागार | सागौन | 0.000 | 0 | 37.257 | 47 | 37.257 | 47 |
| | साजा | 0.000 | 0 | 6.919 | 38 | 6.919 | 38 |
| | बीजा | 0.000 | 0 | 2.779 | 10 | 2.779 | 10 |
| | निलगिरी | 0.000 | 0 | 0.771 | 0 | 0.771 | 0 |
| | अन्य | 0.000 | 0 | 2.388 | 7 | 2.388 | 7 |
| | योग :- | 0.000 | 0 | 50.114 | 102 | 50.114 | 102 |
| जलाऊ चट्टा | | | | | | | |
| | जलाऊ चट्टा | | | 80 चट्टा | | | |
| अगरबत्ती काड़ी | | | | | | | |
| | अगरबत्ती काड़ी (चौकड़ी) | | | लम्बाई 8 इंच | | 20 क्विंटल | |

टीप :-
01. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10% प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करें।
02. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कैलेण्डर वर्ष 2024 का पंजीयन एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
03. क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व जी.एस.टी. पंजीयन (GSTN) की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
04. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस एवं आयकर पेन/टिन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
05. नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

G-242504024/7

वन मंडलाधिकारी
बीजापुर वनमंडल, बीजापुर


# शासन के पैसे का दुरुपयोग, नशेड़ियों के काम आ रहा चांपा का हॉट बाजार, बिना उपयोग के हो रहा जर्जर

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





नगर पालिका में विकास कार्यों के लिए हर साल करोड़ो रुपए स्वकृति मिलती है। इससे नगर में तमाम निर्माण कार्य हो पाता है। वही कुछ गलत रणनीति के कारण नगर में कुछ ऐसे भी निर्माण कार्य हुए है। जो असफल साबित हुए है और सालों से निर्माण पूर्ण होने के बाद भी उपयोग नहीं हो पा रहा है। इससे लाखों रुपए किस तरह दुरुपयोग हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण चांपा नगर के गौरव पथ स्थित हाट बाजार निर्माण कार्य में देखा जा सकता है। जो लगभग 3 साल पूर्व बनकर तैयार है मगर वे कौड़ी काम के नहीं है। यह हॉट बाजार सिर्फ वर्तमान में नशेड़ियों के नशा करने का अड्डा बना हुआ है।बता दें कि नगर के गौरत पथ स्थित हॉट बाजार का निर्माण कराया गया था। जिसे पूर्ण हुए तकरीबन सालों हो गए है। मगर आज तक यहां न तो बाजार लगी है और न ही किसी तरह की कोई दुकानें सजी है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त निर्माण कार्य मे निर्माण के नाम पर लाखों रुपए किस तरह से दुरुपयोग किया गया है। दरअसर नगर में रविवार एवं बुधवार को साप्ताहिक बाजार लगती है।जहां बाजार लगाने के लिए पर्याप्त जगह नही हैं कही भी रोड में बैठकर बाजार लगाया जाता है। इसके बाद उक्त हाट बाजार का निर्माण हुआ, जिसका भी उपयोग नही हो रहा हैं।नगर में हॉट बाजार की आवश्यकता होने के चलते हाट बाजार का निर्माण कराया गया था। मगर जिस स्थान में उक्त हाट बाजार का निर्माण कराया गया है। उस स्थान में आज तक दुकानें नहीं लगी।वही इस दिशा में नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी कोई उचित कदम नही उठाया गया। इससे सालों पूर्व पूर्ण हुए हॉट बाजार में आज तक बाजार नहीं लगी है। इससे कारण उक्त हाट बाजार का उपयोग नशेड़ियों द्वारा किया जा रहा है। असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा एवं नशेड़ियों का बना अड्डा - हॉट बाजर में आज तक बाजार तो लगा नहीं देखा गया लेकिन अब वह जगह आसामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। शाम होते ही उक्त हाट बाजार पर असामजिक तत्व विचरण करते रहते है। नशाखोरी कर जाम छलकाते है और शीशी, बोतल को तोड़ फोड़कर फेंक देते है। इस ओर नपा सीएमओ का ध्यान नहीं - वार्ड नं. 7 स्थित हटरी बाजार की समस्या को कई लोगों ने नपा सीएमओ को कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया है। सब्जी दुकानदारों द्वारा आगे दुकान निकालकर संचालन कर रहे है।जिसमे लोगो को आने जाने में बहुत समस्या होती है। आए दिन जाम लगा रहता है।हटरी बाजार में सुबह से लेकर शाम तक लोगो का आना जाना लगा रहता है।इस गंभीर समस्या को नपा सीएमओ इतने हल्के में क्यों ले रहे है ये समझ से परे है। हटरी बाजार में साफ-सफाई की हालत एकदम पस्त है। साफ-सफाई को लेकर नगर पालिका को कई बार अवगत कराया है लेकिन समस्या ज्यो का त्यों है।इस ओर नपा सीएमओ का कोई ध्यान नही है। सड़कों में बाज़ार, प्रभावित यातायात व्यवस्था, शोपीस बनी दुकाने-शहर के परशुराम चौक, बैरियर चौक सहित कई जगह सड़क पर बाजार लगता है। जहां लोगों की भीड़ लगी रहती है। इस दौरान काफी गहमी रहता है। इस गहमा गहमी के कारण अक्सर यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इन्हीं लोगों को पौनी पसारी योजना से जोड़कर उन्हें सड़क के बजाय व्यवस्थित बाजार देना था, लेकिन पौनी पसारी योजना के तहत दुकान तो बनकर 2 साल से तैयार है, जो शोपीस साबित हो रही है और इधर शहर के विभिन्न जगहों में लगने वाले बाजार और गहमा गहमी के कारण प्रभावित यातायात की समस्या से शहर जनता जूझने मजबूर हैं।


## न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा तहसील व जिला-बेमेतरा (रा.)

### // ईश्तहार //

क्र./1900/प्र.1/तह./2024-25 रा.प्र.क्र......वर्ष 2024-25

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है जिसके माध्यम से आवेदिका सुनीता उईके पति द्वारिका उईके व अन्य 01 दोनों निवासी वार्ड नं. 10 सिघौरी तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम बेमेतरा प.ह.नं. 22 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित भूमि खसरा नं. 515/3 मकान नं. ई.डब्लू.एस. क्षेत्रफल 435.78 वर्गफिट भूमि जो राजस्व अभिलेखों आवेदकगणों के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदिका अपने सास व आवेदक क्रमांक 02 की मां जिसे हाट की समस्या होने से ईलाज हेतु अपने मकान को गैरआदिवासी व्यक्ति के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र माननीय कलेक्टर महोदय बेमेतरा जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। जो अनुविभागीय अधिकारी रा. बेमेतरा जिला बेमेतरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त भूमि के विक्रय के संबंध मे यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 11/12/2024 तक इस न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल, मोहरेंगा तहसील खरोरा जिला रायपुर छत्तीसगढ़

### // ईश्तहार //

जारी दिनांक 25/11/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक तिवारी पिता श्री शिरीष तिवारी निवासी खरोरा जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम माढ पटवारी हल्का नम्बर 32 राजस्व निरीक्षक मण्डल मोहरेंगा तहसील खरोरा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1224/5, 1240/1, 1240/2, 1240/4, 1245/3, 145/8 रकबा क्रमशः 0.081, 0.223, 0.218, 0.223, 0.506, 0.101 योग रकबा ----- हेक्टेयर भूमि को श्रीमान तहसीलदार खरोरा के आदेश दिनांक 18/10/2024 के परिपालन में दिनांक 02/12/2024 का समय 12.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा सीमांकन किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उल्लेलिखित तिथि को या पूर्व नियत समय तक हल्का पटवारी के कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
मोहरेंगा

# वनांचल क्षेत्र की गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, 155 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण 65 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com





जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद चिल्फी में गर्भवती महिलाओं और अन्य विशेषज्ञ स्त्री रोग बच्चा रोग विशेषज्ञ नेत्र जांच नाक कान गला जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर और निशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए सभी प्रकार के मरीजों की जानकारी सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव और बीएमओ डॉ. विवेक चंद्रवंशी ली। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। स्वास्थ्य शिविर बोकरखार महलीघाट आमा पानी झलमला बोड़लपानी शीतलपानी आसपास के गांवों से चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 102 महतारी वाहन और पुलिस विभाग के माध्यम से शिविर तक लाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं को शिविर में शामिल कर उनके स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई।

**विशेषज्ञों की देखरेख में जांच और उपचार-** शिविर में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई। इसके अलावा, सभी महिलाओं का सीबीसी, ब्लड प्रेशर, वजन, और स्क्रिनिंग जांच भी की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश साहू और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. वी. गोपाल कृष्णा की देखरेख में यह जांच पूरी की गई। शिविर मे डॉ मंजूषा यादव स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और स्त्री रोग से संबंधित अन्य मरीज को भी देखा गया। शिविर मे डॉ अनुष्का मिश्रा द्वारा बच्चों से संबंधित बीमारी का इलाज किया गया। शिविर मे डॉ हर्षित तुंवानी द्वारा मेडिसिन से संबंधित मरीज का इलाज शिविर में डॉ अदिति अग्रवाल के द्वारा सामान्य स्त्री से संबंधित इलाज शिविर में सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव के विशेष निगरानी में संपन्न किया गया शिविर मे विकास खंड से मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर विल्सन कुजूर आर एम ए अर्चना गोस्वामी और राकेश राठौर आर एच ओ अशोक नवरंग दशवंती कुशरे निशा शर्मा सुमिता सी एच ओ सावित्री परते एम एल टी विनोद चंद्रवंशी एम टी एस राधे टेकाम नेत्र सहायक अधिकारी प्रभात गुप्ता। स्टाफ नर्स मुकेश चंद्रवंशी आर एच ओ सकून नेताम सुषमा सेक्टर सुपरवाइजर बाबू लाल डाटा ऑपरेटर मोहित चंद्रवंशी बी ईटीओ माणिक चंद्रवंशी बीपीएम रूपेश चंद्रवंशी जिला स्तर से ऑडियो लॉजी अनिल बंजारे साइक्रिटिक नर्सिंग अनिल हीयाल पीपीएम निलेश टांडेकर एस टीएस भूपेंद्र भास्कर थे।

**पहले भी आयोजित हुए शिविर-**वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहले भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए गए हैं। 19 जुलाई को झलमला, 7 अक्टूबर को तरेगांव, और 8 अक्टूबर को रेंगखार में शिविरों का आयोजन किया गया। 24 नवंबर को बोडला में किया गया शिविर में रामप्रसाद बघेल भी उपस्थित होकर शिविर का जायजा लिया गया।

**गर्भवती माताओं से सीधा संवाद-**शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा माताओं से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के शिविर दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो रहे हैं।

**महिला और शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रयास-**राज्य शासन का यह प्रयास महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिविरों के माध्यम से न केवल जटिलताओं का समय रहते पता लगाया जा रहा है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्रों में इस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में सहायक, शिविर में 155लोग लाभान्वित हुए। शिविर में 65 गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी जांच किया गया।

# बावा मोहतरा स्कूल के छात्राओ ने अटल बिहारी बाजपेयी प्रश्नमाला में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

## प्रधान अध्यापक और शिक्षक शिक्षकाओ ने छात्राओं का बढ़ाया उत्साह

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 वे वर्ष गांठ पर राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली नई पीढ़ी को उनके राष्ट्र के प्रति योगदान से भिज्ञ कराने के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी द्वारा अटल प्रश्न माला पखवाड़ा का आयोजन चल रहा है उसी तारतम्य में बावा मोहतरा के छात्राओं ने अटल प्रश्न माला के आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया,उपस्थित प्रधानाचार्य रामकृष्ण साहू, राम अवतार वर्मा हंसवती गायकवाड, सरिता भारती, राम कुमार पात्रे, दिनेश सोनी, टी एस वर्मा, आर एस पांडेय, के बी एस ठाकुर, रामकुमार देवांगन और शिक्षकों ने भी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया, प्रश्न की शुरुवात छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी ने यह पूछते हुए की कि बेमेतरा के वर्तमान निर्वाचित विधायक दीपेश साहू किस राष्ट्रीय राजनैतिक दल के सदस्य हैं, जवाब सुरभि प्रमोद ने देकर पुरुस्कार अपने नाम किया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी सहित बैठे अध्यापकों ने भी सहज सरल प्रश्न पूछ अधिक से अधिक पुरुस्कार जितने का मौका छात्राओं को दिया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रतिभाओं को अवसर दे उनमें मंच पर आकर बोलने की घबराहट से छुटकारा दिलाना भी इसका एक उद्देश्य है, वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति, मोहतरा तालाब में रहे मगर के नाम से लेकर छत्तीसगढ़ की न्यायधानी, संस्कारधानी, राज्य स्थापना वर्ष जैसे सवालों के जवाब छात्राओं ने बखूबी दिए, कुमारी रेणुका, देवन्ती, तनिष्का, भूमिका रात्रे, लीला साहू, तमेश्वरी वर्मा, सेवती सिन्हा, ऋतु साहू, मोनिका सिन्हा, ज्योति सिन्हा, खुशबू सिन्हा, डिकेश्वरी वर्मा, पुष्पा निषाद, हिमानी साहू, दुर्गा निषाद, माधुरी ओमप्रकाश सहित उपस्थित छात्राओं ने क्विज कंपीटिशन में हिस्सा लिया।

# नई दिल्ली की टीम ने स्मार्ट मगरघटा स्कूल में बच्चों की भाषाई व गणित कौशल को जांचा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा विकासखंड नवागढ़ में संबोधी रिसर्च नई दिल्ली से आए प्रतिनिधि द्वय गिरधारी लाल यादव और कमल गोस्वामी के द्वारा बच्चों में भाषायी एवं गणितीय कौशल विकास स्तर हेतु जांच किया गया। जिसमें रोल मॉडल स्कूल व स्मार्ट शाला मगरघटा के कक्षा चौथी और पांचवीं के बच्चे शामिल हुए। नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस द्वारा उनकी आगुवानी की गई। साथ ही नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस से सर्वेक्षण से सम्बंधित प्रश्नों का जवाब लेकर रिकॉर्ड किया गया। विद्यालय में आयोजित होने वाले गतिविधियों का विडिओ अपने साथ लेते गये। सर्वे का मुख्य उद्देश्य बच्चों में महत्वपूर्ण सोच, कौशल, समस्या, समाधान क्षमताओं और संचार के कौशल के विकास को बढ़ावा देना है। यह समूह में काम करने शोध सामग्री खोजने और उसका मूल्यांकन करने और आजीवन सीखने के अवसर भी प्रदान कर सकता है। अरविंदो सोसायटी से अनुबंधित टीम एचडीएफसी के प्रतिनिधियों ने बच्चों के कक्षा अनुरूप प्रदर्शन से बहुत खुश हुए। भाषा विषय आधारित पठन और लेखन तथा गणित विषय के चारों संक्रियाओ की जांच की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक ओमकार प्रसाद ध्रुव, शिक्षक राधेश्याम सिंह बैस, तुलसी राम ध्रुव, विक्रम ध्रुव और बच्चों ने दिल्ली से आए अतिथिओ को अपने बीच पाकर बहुत खुश हुए और स्तर जांच हेतु अपने विद्यालय को योग्य समझकर चयन करने के लिए आभार सहित धन्यवाद दिया गया।

# विश्व शौचालय दिवसः भारत में स्वच्छ भारत अभियान की यात्रा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छता मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। स्वच्छता किसी से उधार ली गई आधुनिक अवधारणा नहीं है, बल्कि भारत की प्राचीन सभ्यता (सिंधु घाटी) में शौचालय निर्माण और अपशिष्ट प्रबंधन में उपयोग की जाने वाली वैज्ञानिक विधियों के ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। लेकिन सैकड़ों वर्षों की दासता ने भारत की सामाजिक व्यवस्था से स्वच्छता के महत्वपूर्ण मूल्य को छीन लिया। स्वच्छता के संबंध में अनेक विद्वानों एवं संस्थाओं ने अपने-अपने तरीके से समझाने का प्रयास किया है। मुख्य रूप से 'स्वच्छ' शब्द का अर्थ है- अत्यन्त साफ, विशुद्ध, उज्जवल एवं स्वस्थ। स्वच्छ शब्द में 'ता' प्रत्यय जोड़ने पर भाववाचक 'स्वच्छता' बनता है। स्वच्छता का तात्पर्य है-सब प्रकार से साफ-सफाई, निर्मलता एवं पवित्रता। मन-हृदय की, शरीर एवं वस्त्रों की, घर-बाहर, पानी-वायु-भूमि आदि की निर्मलता या सफाई रखना ही स्वच्छता है। स्वच्छ भारत मिशन, दुनिया की सबसे बड़ी स्वच्छता पहल, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में, 02 अक्टूबर, 2019 तक खुले में शौच मुक्त भारत को प्राप्त करने के लिए 2014 में भारत के प्रधान मंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गई थी। इस कार्यक्रम के कारण 10 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ, जिससे स्वच्छता कवरेज 2014 में 39% से बढ़कर 2019 में 100% हो गया, जब लगभग 6 लाख गांवों ने खुद को खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषणा की जबकि अध्ययनों से संकेत मिलता है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभियान ने महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य प्रभाव डाला, विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान दिया, इससे एसडीजी 6.2 (स्वच्छता और स्वच्छता) की उपलब्धि भी निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले हुई। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वतंत्रता संग्राम का एक अहम हिस्सा माना था। आजादी के बाद, स्वच्छता पर जोर देने की शुरुआत हुई, लेकिन यह प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं पहुँच पाई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास बहुत ही सीमित था।

# पुलिस प्रशासन ने दी कालेज के विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की जानकारी

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर में पुलिस प्रशासन सक्ति द्वारा साइबर क्राइम और यातायात नियमों की जानकारी दी गई, शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भूरसीडीह में आयोजित किया गया, जिसमें सक्ति पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर क्राइम और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। स्वागत कार्यक्रम में अविनाश सिंह का स्वागत प्रो यज्ञचरण राठिया और कमल महतो (ट्रैफिक अधिकारी) का प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े तथा अनवर अली थाना प्रभारी का स्वागत प्रो महेंद्र यादव द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया, कार्यक्रम में साइबर क्राइम के अधिकारी अविनाश सिंह और यातायात के अधिकारी कमल महतो और बाराद्वार थाना प्रभारी अनवर अली की टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला सक्ति के निर्देशानुसार शिविरार्थियों और ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।अविनाश सिंह (साइबर क्राइम अधिकारी) द्वारा साइबर क्राइम के तरीकों में व्हाट्सएप लिंक ,किसान सम्मान निधि लिंक, ओटीपी मांगना, ऑनलाइन सामग्री मांगना, वीडियो कॉल से ब्लैक मेल, कोई ऐप डाउनलोड करना, व्हाट्सएप या सामान्य मैसेज करके इनाम या लॉटरी लगने की बात कहते हुए धोखा देकर पैसा मांगना आदि विषयों पर गंभीरता से ग्रामीणों और छात्रों को बताया गया कि इनसे आपको सचेत रहना है और लोगों को जागरूक भी करना है।

# शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को केडिया डिस्टिलरी द्वारा न्योता भोज में मिष्ठान्न वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के मध्यबाजार चौक स्थित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को केडिया डिस्टिलरी संस्थान कुम्हारी द्वारा न्योता भोज के अंतर्गत मिष्ठान्न वितरित किया गया। केडिया डिस्टिलरी कुम्हारी के व्यवस्थापक अमित दीक्षित ने विद्यालय में अपनी उपस्थिति में बच्चों को मिष्ठान्न वितरण कराया इसके पश्चात् उन्होंने कहा कि शासकीय कन्या विद्यालय कुम्हारी के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्तमान शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि विगत माह विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया तब एक छोटी बालिका ने नन्हे हाथों से टोकरी बनाकर प्रदर्शित किया बाल सुलभ कल्पना ने अत्यंत प्रभावित किया। शिक्षकों के कलात्मक प्रशंसनीय योगदान की सराहना और करते हुए उपहार, मिठाईया प्रदान किया।

इस अवसर पर केडिया डिस्टलरी के कर्मचारी तथा समाजसेवी अश्विनी देशलहरे, भाजपा नेता फिंगेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 4 दिसंबर को, छात्रों की दक्षता का होगा मूल्यांकन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 इस वर्ष 4 दिसंबर को देशभर में आयोजित किया जाएगा। इसे इस बार परख (परख- प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण) नाम दिया गया है। सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के मूल्यांकन से संबंधित मापदंड स्थापित करना है। इस बार सर्वेक्षण कक्षा 3, 6 और 9 के छात्रों पर केंद्रित होगा, जो उनके पिछले कक्षाओं में अर्जित दक्षताओं पर आधारित होगा। परीक्षा में प्रश्न ओएमआर शीट के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रारूप में होंगे। यह सर्वेक्षण न केवल बच्चों की दक्षता का आकलन करेगा, बल्कि राज्यों की शैक्षणिक रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**राज्य रैंकिंग सुधारने का अवसर-**पिछले एनएएस 2021 के परिणामों में अंतिम स्थान पर रहने वाले राज्यों के लिए यह सर्वेक्षण अपनी रैंकिंग सुधारने का अवसर प्रदान करता है। राज्यों की रैंकिंग का उपयोग विभिन्न शैक्षिक योजनाओं में किया जाता है। ऐसे में इस बार सभी राज्यों का प्रयास है कि वे सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर शैक्षिक रैंकिंग में अपनी स्थिति मजबूत करें।

**शिक्षा प्रणाली में सुधार का प्रयास-**परख का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का समग्र मूल्यांकन करना है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों के मूल्यांकन से संबंधित मानकों और दिशानिर्देशों को स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस सर्वेक्षण में दक्षता आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका उत्तर ओएमआर शीट के माध्यम से बहुविकल्पीय प्रारूप में दिया जाएगा और छात्रों को ओएमआर शीट के अभ्यास के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभाव-**परख राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप एक अहम कदम है। यह पारंपरिक शिक्षा पद्धतियों से हटकर छात्रों के समग्र विकास और उनके ज्ञान के गहन विश्लेषण पर जोर देता है।

**प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की अपील-**सर्वेक्षण की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासन से अपील की गई है कि वे छात्रों को अधिक से अधिक अभ्यास करवाएं। यह न केवल बच्चों की दक्षताओं को निखारेगा, बल्कि राज्य की रैंकिंग में भी सुधार सुनिश्चित करेगा।

# एनएसएस कैम्प के छात्रओं को दी गई ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव एवं बैंकिग की जानकारी

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय रिजर्व बैंक की पहल से चलते वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम जिसमे ब्लाक भानुप्रतापपुर ग्राम घोड़ाबत्तर में चलते शा. उ.मा. विद्यालय भीरागॉव के छात्रा- छात्राओं द्वारा एनएसएस कैम्प में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांकेर जिला, जिला समन्वयक कौशल कुमार मांझी, भानुप्रतापपुर ब्लाक काउंसलर नीता धुर्व दुर्गकोंदल काउंसलर धनराज तारम उपस्थित रहे। जिसमें जिला समन्वयक कौशल मांझी के मार्गदर्शन में छात्रों को बताया गया कि बैंकिंग सेवा जिसमे बजट और बचत करना, बचत खाता के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,डिजिटल लेनदेन से होने वाले लाभ एव डिजिटल फ्राड धोकेबाजी से बचाव, साइबर क्राइम से अवगत कराया गया, साथ ही वित्तीय समावेशन के अंर्तगत धन का प्रबंधन बचत और निवेश सही और उचित स्थानो में प्राप्त करने की जानकारी के साथ एजुकेशन लोन के बारे में भी विस्तार रूप से छात्रों को अवगत कराया एवं भविष्य में बैंकिग के प्रति सतर्क एवं सावधानी बरतने को भी कहा गया साथ ही साथ कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी लकेश साहू एव दल नायक जोसेफ मांझी एवं दल नायिका अरुणा दुग्गा एवं 59 छात्र छात्राएं उपसिथत थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला बोईरडीह में व्यसन मुक्ति का कार्यक्रम हुआ संपन्न



**सक्ती।** शक्ति विकासखंड से लगे ग्राम-बोइरडीह की शा.प्रा. विद्यालय में 23 नवंबर को व्यसन मुक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया, निर्मला शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, शाला प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा, बच्चों नें उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और बच्चों नें नशा ना करने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, टोली के रूप में निर्मला शर्मा, नेहा गुप्ता शक्तिराज गुप्ता की उपस्थिति रही। आगामी समय में भी ऐसे कार्यक्रम के आयोजन की योजना बनाई गई।

## कलेक्टर दीपक सोनी ने किया शिविर का शुभारंभ, बच्चों से मुलाकात कर परिजनों का भी बढ़ाया उत्साह

# जिला अस्पताल में हुआ नि:शुल्क बाल हृदय रोग जांच शिविर, रायपुर से आये विशेषज्ञ ने की बच्चों के हृदय की जांच

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रदेश में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होती रहे इस हेतु शासन का लगातार प्रयास जारी है। इस कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर स्थानीय जिला अस्पताल में बच्चों में हृदय रोग की पहचान हेतु एक विशेष जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ पर स्वयं कलेक्टर दीपक सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए तथा ऐसे शिविर आयोजित करते रहने को कहा। साथ शिविर में आएं बच्चों से मुलाकात कर परिजनों का भी उत्साह बढ़ाया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में साल में एक बार तथा आंगन बाड़ी में साल में दो बार सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। उक्त परीक्षणों में कुछ बच्चों के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित होने की आशंका हुई जिनके आगे की जाँच के लिए यह विशेष जाँच शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में रायपुर के एक बड़े निजी अस्पताल की बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर किंजल बक्शी द्वारा बच्चों की जांच की गई। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के के टेम्भूरने के अनुसार बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के कारण उनमें थकान और सुस्ती बनी रहती है। ऐसे बच्चे सामान्य बच्चों की तरह खेल-कूद भी नहीं पाते उनमें सांस फूलने की स्थिति होती है। इलाज न मिलने पर कई प्रकार के खतरे बने रहते हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने बताया की आयोजित शिविर में 107 बच्चों का परीक्षण किया गया परीक्षण में ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी तथा रक्त जाँच की जाँच हुई। जाँच में 36 बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता पाई गई है जिसकी व्यवस्था की जा रही है। 20 बच्चों को चिरायु टीम की निगरानी में रखा गया है जिनकी समय-समय पर जाँच की जाती रहेगी। शिविर में भाटापारा के ग्राम मिरगी से अपनी 11 वर्षीय बच्ची को लेकर आये संतकुमार निषाद ने बताया कि बच्ची की जाँच गांव के स्कूल में चिरायु टीम द्वारा की गई थी जिसे अब आगे की जाँच के लिए अस्पताल लाएं हैं, सभी जाँच निःशुल्क हुई है तथा जरूरी दवाईयां भी दी गई हैं। स्वल्पाहार की भी व्यवस्था है। ऐसे ही ग्राम टेहका की 4 वर्षीय बच्ची के पिता राजकुमार दक्षिणे ने अस्पताल में प्राप्त सुविधा पर सन्तुष्टि ज़ाहिर की है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार के जांच शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहे हैं जांच के पश्चात ऐसे बच्चे जिन्हें सर्जरी की आवश्यकता है उनका उच्च संस्थानों में रेफर कर स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में ऑपरेशन करवाया जाता है जो पूरी तरह निःशुल्क होता है। जिला अस्पताल में आयोजित इस शिविर को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड की चिरायु टीम ने बहुत प्रयास किया जिससे हितग्राहियों को लाभ मिल सका। इसके साथ ही साथ शिविर में जिला अस्पताल के डॉक्टर सहित सभी स्टाफ ने अपना सहयोग दिया।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता कुरूद
www.dailypioneer.com

संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रास एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों नें रक्तदान करनें हेतु छात्र -छात्राओं को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ अरुण कुमार मिश्रा नें कार्यक्रम की सराहना करते हुए रक्तदान को सेवा का कार्य कहा एवं इस प्रकार के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक भाग लेनें की बात कही। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर नें कहा कि रक्तदान करके एक ओर जहाँ हम किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमारी सेहत को भी अनेकों लाभ होता है एवं साथ में आत्म संतुष्टि भी मिलती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित यूथ रेडक्रास, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर के वालेंटियर्स सहित कुल 61 लोगों नें रक्तदान के लिये अपना पंजीयन कराया। रक्त परीक्षण, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर परीक्षण के उपरांत कुल 27 नें रक्तदान किया। मौके पर जनभागीदारी समिति के सदस्य शशांक कृदत्त, अनुराधा साहू, खेमराज सिन्हा सहित सिविल अस्पताल कुरूद के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यु.एस. नवरत्न, रोहित पाण्डे, क्षितिज साहू, संतोष साहू, बेला सोनवानी नर्स, पी. आर. ध्रुव वाहन चालक, गीतेंद्र साहू लैब तकनीशियन, भारती साहू लैब तकनीशियन, पूजा गायकवाड़ रक्तदान काउंसलर आदि उपस्थित थें। एचडीएफसी बैंक धमतरी के द्वारा रक्तदाताओं को फल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# आयुक्त अवकाश में, निविदा अटकी... 10 करोड़ के डामरीकरण का शहर को इंतजार, बदहाल सड़कों से निजात चाहिए

## पैच वर्क का अटका काम शुरु नहीं हुआ, ठेकेदारों पर चेतावनी और नोटिस का असर नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम में 10 करोड़ से अधिक के डामरीकरण कार्य के टेंडर अटके हुए हैं। सोमवार को भी इन निविदाओं को नहीं खोला गया। बताया जा रहा है कि, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा दो दिनों के अवकाश पर हैं। उनकी वापसी के बाद ही निविदा के लिफाफे खोले जाएंगे। गौरतलब है कि, सितंबर माह में निगम क्षेत्र के 47 कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने 10 करोड़ से अधिक की स्वीकृति दी थी।

इन कार्यों के लिए ऑनलाईन टेंडर बुलाए गए हैं। इसमें डामरीकरण/बीटी रोड के 47 कार्य शामिल हैं। सबसे बड़ी स्वीकृति गौरव पथ के लिए है। गौरव पथ में रोड डामरीकरण कार्य के लिए 01 करोड़ 18 लाख की स्वीकृति मिली हुई है। वहीं वार्डों की स्वीकृति देखें तो वार्ड नंबर 19 वर्धमान नगर ममता नगर के लिए 87 लाख 55 हजार, कौरिन भाठा में 56 लाख, विवेकानंद चौक से आरके नगर की सड़क के लिए 49 लाख 51 हजार, वार्ड क्रं. 45 में पुलिया और डामरीकरण के लिए 46 लाख 56 हजार, वार्ड क्रं. 31 के लिए 35 लाख मिले हैं। कई और वार्डों के काम भी इसमें शामिल हैं। मोतीपुर क्रासिंग से मुक्तिधाम तक की सड़क के लिए भी 25 लाख 98 हजार की स्वीकृति है। डामरीकरण का कार्य जिला अस्पताल परिसर में भी होना है। यहां डामरीकरण के लिए 32 लाख 66 हजार की स्वीकृति है।

**स्वीकृति में 18 कांग्रेसी वार्ड शामिल नहीं** - सितंबर माह में डामरीकरण/बीटी रोड निर्माण के लिए इस स्वीकृति में शहर के कई वार्ड शामिल नहीं है। इन 47 कार्यों की स्वीकृति में शहर के 18 कांग्रेसी वार्डों को जगह नहीं मिली है। जबकि इन वार्डों में भी सड़कों को लेकर शिकायत है। वार्ड नं. 01, 02, 06, 07, 11, 12, 13, 14, 15, 21, 22, 30, 33, 34, 35, 47, 49 और 51 के लिए कोई स्वीकृति नहीं है। हालांकि, कुछ भाजपा पार्षदों के वार्डों को भी इस स्वीकृति में कुछ हासिल नहीं हुआ है। जबकि महापौर, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, पार्षद चंपू गुप्ता, ऋषि शास्त्री सहित कुछ कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों के लिए लाखों के डामरीकरण और बीटी रोड निर्माण के कार्य का प्रस्ताव किया गया है।

### सड़कें बदहाल, डेढ़ करोड़ का पैचवर्क भी अधूरा

शहर की सड़कें सालों से बदहाल है। वर्ष 2022 में सड़कों की मरम्मत के लिए आए डेढ़ करोड़ के कार्य अब तक अटके हुए हैं। कुछ ही सड़कों में डामरीकरण के बाद यह कार्य शुरु नहीं हो सका है। इसके चलते नागरिकों को साफ, समतल सड़क नसीब नहीं हो सकी। ठेकेदारों को लगातार चेतावनी के बाद भी इस काम में ढिलाई बरती गई है। 10 करोड़ की स्वीकृति से डामरीकरण के कुछ कार्य ऐसे भी हैं जहां पहले पैच वर्क किया जा चुका है। लेकिन उसकी गुणवत्ता इतनी खराब रही कि कुछ ही दिनों में सड़क से डामरी उखड़ गया। डामर में मिलाई जाने वाली बजरी के उखड़ जाने से सड़क में धूल और चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

टेंडर की आखिरी प्रक्रिया जारी है। जल्द ही निविदाओं की स्वीकृति के आदेश हो जाएंगे। वर्कऑर्डर जारी करने में देर नहीं होगी।
**-यूके रामटेके,** ईई, नगर निगम

# ग्लेजिंग यूनिट के लिए आबंटित भूमि पर अतिक्रमण



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में कुम्हारों के लिए ग्लेजिंग यूनिट हेतु आरक्षित व चिन्हांकित भूमि में अतिक्रमण को लेकर कुंभकार समाज ने आक्रोश जाहिर करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम कार्यालय में पहुंचे कुम्हार समाज ने आबंटित भूमि से कार्रवाई नही होने पर मेनरोड में चक्का जाम की चेतावनी प्रशासन को दी है। कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों ने मौके पर मीडिया को बताया कि नगर के करियाटोला वार्ड, हल्का नं 24, रानिमं डोंगरगांव नगर क्षेत्र में स्थित भूमि खसरा नं. 168/2, रकबा 0.282 हेक्टेयर भूमि खण्ड स्थित है। उक्त शासकीय भूमि को 14 अगस्त 2023 को न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के निर्देशानुसार पार्षद, इंजीनियर, ठेकेदार, कोटवार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में नाप कर ग्लेजिंग यूनिट हेतु भूमि चिन्हांकित कर सुरक्षित रखा गया था। उक्त स्थल पर ग्लेजिंग यूनिट का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। कुम्हारों ने बताया कि उक्त निर्माणाधीन ग्लेजिंग यूनिट के सामने एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि हमारे समाज द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से अनेकों मर्तबा मना किया गया था। अतिक्रमणकारी को बताया गया है कि अतिक्रमित स्थल ग्लेजिंग यूनिट में आने जाने का मार्ग है तथा यूनिट का अन्य सामान भी रखा जाना है। इसके बावजूद अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद है। कुम्हारों ने अतिक्रमण नही हटने की स्थिति में स्टेटहाइवे में चक्का जाम की चेतावनी प्रशासन को दी है। इस मौके पर नंदलाल पाड़े, मनोहर पाड़े, निर्मल पाड़े, राजकुमार पाड़े, बालमुकुंद, पारस कुमार, दुर्गेश कुमार, कृष्णकुमार, संतराम, देवशरण, वासुदेव, घनश्याम, सुरेश कुमार, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सँतोष कुमार, गुलशन व गोविंद सहित कुम्हार समाज के अनेक सामाजिकजन शामिल थे।

# सार्वजनिक स्थान और सड़कों में निर्माण सामग्री न रखें

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों, खोमचे, फल व सब्जी दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण,पालीथीन का उपयोग एवं सड़े गले खाद्य पदार्थों को नष्ट करने स्वास्थ्य अमला एवं शहर में निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने व मलमा मण्डप शुल्क वसूलने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम की टीम गठित की है। गठित टीम समझाईस दे रही है, अपालन पर कार्यवाही भी कर रही है। इसी कड़ी में मोहारा रोड में बिल्डींग मटेरियल रखने पर हटाने समझाईस देकर जुर्माना वसूला गया। साथ ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा सडक में मुरूम रखने पर, मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी। आयुक्त के मुताबिक कतिपय लोगों के द्वारा अपने आवास व दुकानों के सामने सडक पर बिल्डींग मटेरियल व मलमा तथा दुकानों का समान रखकर अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है, कार्यवाही के तहत मोहारा में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुरूम रखने पर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी तथा रेती, गिट्टी आदि मटेरियल वालों को उठाने समझाईस देकर जुर्माना वसूला गया।

# 7 दिनों में उपार्जन केंद्र फुल, आज से ट्रांसपोर्टर उठाएंगे धान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बंपर धान की आवक के 7 दिन बीत जाने के बाद आज से उपार्जन केंद्रों से उठाव की तैयारियां की जा रही है। मार्कफेड ने इस बार ट्रांसपोर्टर्स से परिवहन के लिए अनुबंध किया है। राइस मिलरों ने बकाया भुगतान और मिलिंग कमीशन में कटौती के चलते धान उठाव को लेकर हाथ खींच लिए हैं। मार्कफेड अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार से डीओ कटने शुरु हो जाएंगे और परिवहन भी चालू कर दिया जाएगा। विपणन अधिकारी हिना खान ने बताया कि, परिवहन के लिए तैयारियां और कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है। मंगलवार से उपार्जन केंद्रों से उठाव शुरु हो जाएगा। गौरतलब है कि, इस बार धान पहले संग्रहण केंद्रों तक पहुंचेगा। पिछली बार मिलर्स ने ही धान का बड़ी मात्रा में शुरुआत से उठाव कर लिया था। मिलर्स के पीछे हटने से परिस्थितियां बदल गई है।



### 7 दिनों में 31 हजार ने बेचा धान

अब तक अविभाजित राजनांदगांव जिले में 31 हजार 866 किसानों ने धान बेचा है। राजनांदगांव जिले में 19484 किसानों ने करीब 939739 क्विंटल धान बेचा है। 217 करोड़ रुपए के इस धान से 67 करोड़ 45 लाख रुपए की लिकिंग वसूली हुई है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 9385 किसानों से 508867 क्विंटल धान खरीदा गया है। 117 करोड़ की धान खरीदी पर 42 लाख रुपए की लिकिंग वसूली की गई है। इसी तरह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 2997 किसानों ने 141712 क्विंटल धान की बिक्री की है। 32 करोड़ 80 लाख की इस धान खरीदी में 8 करोड़ 98 लाख की लिकिंग वसूली की गई है।

### 72 घंटों के भीतर खाते में आ रही राशि

शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंल के मान से धान खरीदी की जा रही है। धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में नई सुविधा की शुरूआत की गई हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम लगाये गए हैं। माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन 10 हजार रूपए अधिकतम आहरण की सीमा निर्धारित है। जिले के किसानों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से शीघ्र राशि मिल जाने पर खुशी है। शासन की नई व्यवस्था ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से किसान धान बिक्री के लिए टोकन प्राप्त कर रहे हैं।

## क्वीक न्यूज

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### छात्रावास के लिए किराए के भवन की आवश्यकता

**राजनांदगांव।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित 100 सीटर शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर कौरिनभाठा राजनांदगांव के संचालन के लिए सुविधायुक्त किराए के भवन की आवश्यकता है। सुविधायुक्त भवन को किराए पर देने के इच्छुक निजी भवन मालिक 3 दिसम्बर 2024 तक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में विभागीय उप अभियंता से संपर्क कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### निवेश की राशि लौटाने सहारा रिफण्ड पोर्टल लांच

**राजनांदगांव।** सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को निवेश की राशि लौटाने के लिए सहारा रिफण्ड पोर्टल लांच किया गया है। निवेशक स्वयं अथवा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से पोर्टल में अपना पंजीयन कर निवेश राशि की वापसी के लिए दावा प्रस्तुत कर सकते है।

# छत्तीसगढ़ सब जूनियर बालिका हॉकी टीम नेशनल के लिए सिकन्दराबाद रवाना

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



26 नवंबर से 06 दिसम्बर तक सिकन्दराबाद (तेलंगाना) में सबजूनियर बालिका नेशनल हॉकी प्रतियोगिता के लिए राज्य कि सब-जूनियर बालिका हॉकी टीम राजनांदगाव से रवाना हुई। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में चयनित खिलाड़ियों का चयन टीम के कोच और अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित प्रशिक्षण शिविर से किया गया है। उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 18 खिलाड़ियों चयनित हुए हैं। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मुख्य आतिथ्य तथा अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे विशेष उपस्थिति में उक्त प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया द्वारा की गई पहल के तहत अल्फा एक्स नाइन की हॉकी स्टिक तथा छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा प्लेयिंग किट तथा अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया है।

**झारखंड से होगा पहला मुकाबला :** इस अवसर पर हॉकी कोच शकील अहमद, किशोर धीवर, अनीश अहमद, खेमराज सिन्हा,कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे। राज्य की सबजूनियर बालिका हॉकी टीम का पहला मैच 27 नवम्बर को हॉकी झारखंड के साथ खेला जायेगा। चैंपियनशिप में राज्य की सबजूनियर बलिका हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ीयों में नौरीन हयात, विशाखा, वसुंधरा मंडावी, स्यामली राय, सोनम राजभर, आराधना राजभर, दुबी रावत, परमेश्वरी, दामिनी खुशरो, जिज्ञाशा कस्यप, मधु सिदार, अंजलि एक्का, नैना, काव्य सिंह ठाकुर, सुधा साहू, फातिमा जरीन, स्मिता कुजूर, ट्वींकल प्रजा शामिल है। मृणाल चौबे (कोच), अमिताभ मानिकपुरी सहायक कोच व अवंतिका पाठक मैनेजर के रूप में शामिल है।

# साय सरकार किसानों की हितैषी : सचिन सिंह बघेल



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड छुरिया अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित छुरिया हेतु उपायुक्त सहकारिता विभाग द्वारा संजय कुमार सिन्हा को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए जाने पर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल भी मौजूद रहे। संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि, साय सरकार के नेतृत्व में जो कार्य किसानों के हित में हो रहा है, इससे किसान भाई सब खुश है। पूरे देश में सबसे अधिक दाम 3100 रुपए में धान की खरीदी हमारे प्रदेश में हो रही है। टोकन काटने में कुछ दिक्कतें आ रही है, उसे जल्द ठीक किया जाएगा। 40 प्रतिशत टोकन ऑफ लाइन सोसायटियों के माध्यम से काटने की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम को रविंद्र वैष्णव,चंद्रिका प्रसाद डड़सेना,अजय पटेल,संजय सिन्हा ने भी संबोधित किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, सुरेंदर सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, खिलेश्वर साहू, शेखर भरतद्वाज, पद्मभूषण साहू, रोहित सिन्हा, कामता साहू, राजेश्वर ध्रुवे, धन्ना यादव, मनीष जैन, जिला सहकारी बैंक मैनेजर पारस राम जुरेसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नवयुगल ने सगाई में रिंग के साथ भेंट किया हेलमेट

# बाईक एक्सीडेंट में साहू बंधुओं ने पिता को खोया

- नवयुगल द्वारा हेलमेट लगाकर बाईक चलाने अपील

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



सड़कों पर हो रही हादसों के रोकथाम में अब कई युवा अपने ढंग से अंदाज़ में समाज सेवा करते नजर आ रहे हैं। कोई सड़को पर रेडियम पॉइंट लगाता है तो कोई जानवरों को सड़को से हटाता है, कोई समाज फ्री एंबुलेंस सर्विस तो कोई फ्री में दवाई उपलब्ध कराता है। इसी क्रम में नगर के एक सगाई कार्यक्रम में नवयुगल ने एक दूसरे को हेलमेट भेंटकर लोगो को हेलमेट लगाकर ही बाईक चलाने का संदेश दिया।

दरअसल नगर के करियाटोला वार्ड में साहू परिवार में सगाई समारोह आयोजित हुआ। वर पक्ष बीरेंद्र साहू सचिव ग्राम पंचायत भानपुरी जारवाही डोंगरगढ़ से वधु पक्ष ज्योति साहू करियाटोला वार्ड डोंगरगांव नगर पहुंचा था। सगाई के अंतिम पड़ाव में वर वधु के मध्य रिंग पहनाने की रस्म अदायगी के दरम्यान बीरेंद्र व ज्योति ने हेलमेट संगवारी धर्मेंद्र साहू से प्रेरित होकर रिंग पहनाने के साथ ही एक दूसरे को हेलमेट भेंटकर बाईक चलाने के समय हेलमेट अवश्य लगाने की अपील करते हुए समाज को संदेश दिया। इस वाकये को समारोह में मौजूद समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व पत्रकारगण सहित अधिकारी कर्मचारी वर्ग ने भी बेहतर निरूपित कर इसके अनुशरण करने पर जोर दिया।

**सन्देश के पीछे पिता को खोने का दर्द :** उल्लेखनीय है कि सगाई समारोह के वर बीरेन्द्र, मोहित व धर्मेंद्र तीन भाई हैं। धर्मेंद्र साहू स्थानीय डोंगरगांव नगर के समाजसेवी हेलमेट संगवारी हैं। बीरेंद्र धर्मेन्द्र साहू के छोटे भाई हैं। ये तीनों अपने पिता स्व पंचराम साहू को एक्सीडेंट में खो चुके हैं। धर्मेंद्र अपने पिता के हेलमेट नही पहने होने से सड़क दुर्घटना में निधन होने के बाद से सड़को पर लोगो को हेलमेट पहनने जागरूक करने के साथ साथ लोगो को हेलमेट भी दान करता है।

# सायबर ठगों ने लिंक से ओटीपी हासिल किया लाखों की रकम पार की.. अब बिहार से पकड़ाए

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




व्यापारी से 9 लाख की ऑनलाईन ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने झारखंड-बिहार सीमा से गिरफ्तार किया है। सायबर क्राइम को लेकर एमएमएसी जिले की पुलिस स्पेशल ऑपरेशन चला रही है। इसी बीच अंबागढ़ चौकी में दर्ज शिकायत पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के मुताबिक 14 अक्टूबर को अंबागढ़ चौकी के व्यापारी दिलीप गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि विभिन्न नंबरों से उनके खाते से 9 लाख 90 हजार रुपए ठग लिए गए हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस ने विशेष टीम बनाई। घटना के सबंध में सभी पहलुओं पर सुक्ष्म जांच की गई। मोबाईल टावर लोकेशन के माध्यम से प्रकरण के अज्ञात आरोपियो के बारे में पता साजी के बाद टीम को झारखंड-बिहार की ओर रवाना किया गया था। बिहार-झारखड में आरोपी मोबाईल धारक की तलाश की गई। बिहार के जमुई जिले में पुलिस के सहयोग से ग्राम रांगाटाड मे रेड मारकर ऑनलाईन ठगी करने वाले बिपीनदास (19) और संदीप कुमार दास (21) को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने पर बताया दोनों एक और सहयोगी रविदास के साथ मिलकर ठगी को अंजाम दिया है। आरोपी युवक अपने अन्य सहयोगियों के साथ में झारखड एवं बिहार से लगे बॉर्डर पर सक्रिय रहकर ऑनलाईन ठगी के अपराध करते हैं। ठग फर्जी तरीके से जारी सिम और फर्जी लिंक एप बनाकर वारदात को अंजाम देते हैं। आरोपियों द्वारा लोगों के नम्बरो पर लिंक भेजा जाता है। लिंक को खोलने वाले का मोबाईल हैक हो जाता है। इसके बाद उस नंबर पर आने वाले बैंक से सबंधित ओटीपी को आरोपियों के पास पहुंचने लगते हैं। इसी के जरिए बैंक के खातों से रकम पार कर ली जाती है।

# भ्रष्टाचार : वन विभाग के द्वारा बनाया गया तालाब पहली बरसात में बहा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com





कबीरधाम जिले में भ्रष्टाचार करने में वन विभाग मशहूर हो गया है। चाहे निर्माण कार्य हो या फिर जंगल की सुरक्षा और रक्षा। लगातार वनों की क्षेत्रफल में कमी देखी जा रही है। बिना तकनीकी जानकारी के वृहद मात्रा में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो समय से पहले खराब होता दिखाई देता हैं। रेंगाखार वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम लहबर में बहने वाली छुईहा नाला में ग्राम पंचायत के तालाब को वन सुरक्षा समिति के माध्यम से गहरीकरण किया गया जिसमें लाखो रुपए व्यय किया गया। जो पहली बरसात में बह गया है। जबकि ग्राम पंचायत बम्हनी पूर्व में उक्त तालाब पर दो बार खर्च कर चुका था।

**पहली बरसात में बहा तालाब**

कबीरधाम वन मंडल के रेंगाखार वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम लहबर में बहने वाली छुईहा नाला में वन विभाग पंचायत के तालाब में भ्रष्टाचार करते हुए लाखो रुपए व्यय का बिल वाउचर लगाकर राशि आहरण कर लिया जबकि पूर्व में ग्राम पंचायत बम्हनी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत दो बार राशि व्यय कर चुका हैं बावजूद गड़बड़ी करने की नीयत से वन सुरक्षा समिति को मोहरा बनाते हुए वन अफसर राशि आहरण कर लीपापोती कर दिया। जो पहली बरसात में ही बह गया।

**चौदह लाख से अधिक राशि का व्यय**

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम लहबर में वन सुरक्षा समिति ने चौदह लाख अड़सठ हजार रुपए तीन तालाब में व्यय किया। तालाब और उसके स्थिति को देखने से लाखो के बजाए हजारों रुपए का ही व्यय दिखाई देता हैं। कुछ राशि व्यय कर बाकी राशि को ओहदे के अनुसार गटक लिया है जिसके चलते तालाब पहली बरसात में ही बह गया।

**छुईहा नाला तालाब में दो बार पंचायत ने किया व्यय**

प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त तालाब का निर्माण ग्राम पंचायत बम्हनी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण किया। नियमानुसार तीन साल बाद गहरीकारण में फिर लाखो रुपए बहाया। जिस समय तालाब का निर्माण हुआ उसी साल तालाब बहा बावजूद ग्राम पंचायत बम्हनी ने पुनः गहरीकरण के लिए राशि स्वीकृत कर कार्य कराया फिर बरसात में बहा। ऐसा स्थिती को देखते और जानते हुए भ्रष्टाचार की नीयत से वन विभाग सुरक्षा समिति के माध्यम से खाना पूर्ति करते हुए राशि व्यय किया फिर पहली बरसात में बह गया।

**बारीकी जांच की आवश्यकता**

छुईहा नाला में दो तालाब है दोनों तालाब की दूरी महज दो सौ मीटर ही है। उक्त नाला पर बने तालाब जब बार बार टूटकर बह जाता हैं ये सारी जानकारी होने के बावजूद विभाग सरकारी धन का दुरूपयोग करने में लगे हुए हैं। इसे अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

# तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू की अध्यक्षता में स्थानीय साहू सदन बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा


पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



तहसील साहू संघ दल्लीराजहरा की आवश्यक बैठक तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू की अध्यक्षता में स्थानीय साहू सदन में रखी गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई, एवं विषयांतर्गत उचित एवं सकारात्मक सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम 08 दिस 2024 को जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी गई। 24 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन एवं विज्ञापन दाताओं से विज्ञापन के साथ शुल्क जमा करना होगा। जिला/प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार निर्धारित संबद्धता शुल्क सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य है। सभी सामाजिक बंधुओं को इसका परिपालन करना आवश्यक है। परिक्षेत्रीय अध्यक्षगणों से प्राप्त सूची के आधार पर जो व्यक्ति कर्मा जयंती एवं निःशुल्क आदर्श विवाह के समय संबद्धता एवं सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया था उन्हें बैठक में उपस्थित होने कहा गया था। उपस्थित सदस्यों के समस्या एवं शिकायतों का निराकरण किया। जो व्यक्ति उपस्थित नहीं हुए उनके उपर परिक्षेत्रीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए समाज से अस्थाई रूप से उसकी सदस्यता समाप्त करते हुए एवं उनके गृह ग्राम में सूचित करने कहा गया। अंतर्जातीय प्रकरणों में जिला के निर्देशानुसार जो व्यक्ति अपने पुत्र - पुत्री का विवाह किसी अन्य समाज में करना चाहते हैं और अपनी सहभागिता के साथ आमंत्रण पत्र प्रेषित करना सामाजिक स्तर पर निषेध माना जाएगा। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गणों से प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्रवाई किया जा सकता है। शीतल साहू जी के द्वारा तीज मिलन और किचन शेड का लोकार्पण समारोह के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। आयोजित कार्यक्रम के समन्वय समिति द्वारा प्राप्त आमंत्रण की जानकारी दी गई। साव (उप मुख्यमंत्री) का 27 नवम्बर को डौंडी आगमन हो रहा है उसकी जानकारी एवं सामाजिक बंधुओं को अपनी सहभागिता प्रदान करना है। हीरा सिंग साहू शहीद चौक एवं ज्ञानू साहू चिखलाकसा के समाज से अस्थाई रूप से पृथक होने की सूचना दी गई। खिलावन साहू के विषय पर अतिशीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है। किशोरी साहू पूर्व जिला अध्यक्ष की धर्मपत्नी के लिए मृतक आत्मा की शांति हेतु मौन श्रद्धांजलि दी गई।

# हरगुन कौर एवं जसराज सिंह का कॉमनवेल्थ कराते चैम्पियनशिप के लिये सबजूनियर वर्ग में भारतीय टीम मे चयन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ के खिलाड़ी हरगुन कौर मनचन्दा एवं जसराज सिंह मनचन्दा का कॉमनवेल्थ कराते चैम्पियनशिप के लिये सबजूनियर वर्ग में भारतीय टीम मे चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 27 नवम्बर से 1 दिसंबर तक डरबन, साउथ अफ्रीका मे आयोजित किया जाना है। इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) पुरुष वर्ग के 10 वर्ष आयु वर्ग में +30 कि.ग्रा. में तथा हरगुन (10 वर्ष) महिला वर्ग के 12 वर्ष आयु वर्ग में -40 कि.ग्रा में भारतीय टीम का प्रतिवितिधित्व करेंगी। यह प्रतिस्पर्धा कॉमनवेल्थ कराते फेडरेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कोच तुषार परगनिहा ने जानकारी दी की हाल ही में वुहान, चीन में आयोजित एशियन यूथ कराते टूर्नामेंट में हरगुन एवं जसराज ने सब जूनियर वर्ग मे शानदार प्रदर्शन किया था। इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) पुरुष वर्ग के 10 वर्ष आयु वर्ग में 40 कि.ग्रा. में भारतीय टीम का प्रतिवितिधित्व करते हुए चीन को 7-2,मकाउ को 6-1 तथा सेमीफाइनल मे मकाउ के ही खिलाड़ी को 7-0 से हराते हुए फाइनल मे जगह बनाई। फाइनल मे जसराज का मुकाबला मलेशिया के खिलाड़ी से हुआ जिसमें वह आखिर क्षणों तक 2-0 तक आगे रहे किन्तु मुकाबला मलेशिया के नाम रहा और जसराज सिंह को रजत पदक हासिल हुआ। हरगुन ने छत्तीसगढ़ में आयोजित विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण पदक तथा जसराज ने 11 स्वर्ण पदक के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनो ने रजत पदक तथा लगातार दो वर्षो में वेस्ट जोन प्रतियोगिताओं मे दोनों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस अवसर पर कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान भरत शर्मा, छत्तीसगढ़ कराते-डु एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हिया नायडू तथा महासचिव अमल तालुक जीदार एवं रायपुर कराते एसोसिएशन की महासचिव हर्षा साहू ने समस्त पदाधिकारियों की ओर से बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

# स्पर्धा में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का दबदबा




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर के द्वारा तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा' का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोलंबिया ग्लोबल स्कूल, शिव शक्ति बैडमिंटन अकादमी और वेंकेटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में कराया गया। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, स्विमिंग, बास्केटबॉल, लॉन टनिस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रस्साकशी, शतरंज, वॉलीबॉल और कबड्डी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर जिले से कई शासकीय व निजी विद्यालयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में रायपुर के अग्रणी स्कूल, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के खिलाडियों ने कई पदक जीते। रस्साकशी बालक वर्ग में आशीष साहू, सुधांशु सिंग, अयाजुद्दीन, अथर्व शुक्ला, अंश वर्मा, यशवर्धन साहू, एहतेशाम कादरी, रुद्राक्ष वर्मा, सक्षम सचदेव ने स्वर्ण पदक, वॉलीबॉल बालिका वर्ग में सिद्धि श्री, गीतिका महतो, खुशी खंडेलवाल, अभिश्री नाग, मुस्कान वर्मा, हिमानी नाकरानी, सौम्या शेरवानी ने कांस्य पदक, खो-खो बालिका वर्ग में दीक्षा साहू, श्रीयशी सिंग, तिष्ठा बघेल, राहिणी प्रसाद, कृतिका राय, साक्षी निषाद नेलिशा कौशल, सिमरथ कौर तलूजा, एम. सौम्या ने रजत पदक, बैडमिंटन एकल बालक वर्ग में वेदांत राजू कदम ने कांस्य पदक जीता। गोला फेंक बालिका वर्ग में अनन्या सिंग ने स्वर्ण पदक जीता, रिले रेस बालक जूनियर वर्ग में चिराग कौशल, नमन वर्मा, मयंक साहू, अर्णव सिंह राजपूत ने स्वर्ण पदक जीता, रिले रेस बालक वर्ग सीनियर में आफताब आलम, अंशुमन वर्मा, खुमेश वर्मा और देव वैष्णव ने कांस्य पदक जीता, रिले रेस सीनियर बालिका वर्ग में अफसाना खातून, एम. सौम्या, सिमरथ कौर तलूजा और साक्षी निषाद ने स्वर्ण पदक जीता। चिराग कौशल ने 200 मीटर रेस जूनियर बालक में स्वर्ण पदक, नमन वर्मा ने 200 मीटर रेस जूनियर बालक में कांस्य पदक, मयंक साहू ने लॉन्ग जम्प जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक व 100 मीटर रेस जूनियर बालक वर्ग में कांस्य पदक, अर्नव सिंग राजपूत ने लॉन्ग जम्प जूनियर बालक वर्ग में कांस्य पदक, राशि महोबिया ने 200 मीटर रेस बालिका जूनियर वर्ग में रजत पदक, देव वैष्णव ने 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक, साक्षी निषाद ने लॉन्ग जम्प बालिका जूनियर वर्ग में रजत पदक, अफसाना खातून ने 100 मीटर रेस बालिका सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, उपाध्यक्ष विजय जादवानी, सचिव हरजीत सिंह हूरा, कोषाध्यक्ष एवं डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा, शाला के प्राचार्य आईविन स्मिथ व समस्त शिक्षको ने खिलाड़ियों को बधाई दी व भावी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड, मजबूत थीम के साथ देश की परिवर्तन यात्रा में भाग लेने का अवसर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना न्यू फंड ऑफर कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड लॉन्च किया है। यह ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स्कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 25 नवंबर 2024 को खुल रही है, जबकि 09 दिसंबर 2024 को बंद होगी। कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड का उद्देश्य ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन), लॉजिस्टिक्स और संबंधित गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में मुख्य रूप से निवेश करके लॉन्गप टर्म में हाई रिटर्न हासिल करना है। इस थीम में ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सर्विसेज और कुशल व सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन के लिए इनोवेटिव समाधानों में शामिल बिजनेस के साथ-साथ इन सेक्टर का समर्थन करने वाली वित्तीय कंपनियों से जुड़े बिजनेस भी शामिल हैं। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह का कहना है कि कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड के लॉन्च के साथ, हम निवेशकों को भारत के तेजी से बदलते ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम में निवेश का अवसर प्रदान करते हैं। यह ग्रोथ वाहन मालिकों की संख्या में बढ़ोतरी और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी के साथ ही कोयला या तेल जैसे प्राकृतिक ईंधन इंजन से इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलाव सहित कई फैक्टर्स द्वारा संचालित है। भारतमाला और गतिशक्ति जैसी प्रमुख सरकारी पहल, लॉजिस्टिक के क्षेत्र में व्यापार के अवसरों का और विस्तार करेंगी।

# सैमसंग आर एण्ड डी इंस्टिट्यूट, नोएडा और आईआईटी बॉम्बे ने डिजिटल हेल्थ, एआई और दूसरी उभरती टेक्नोलॉजीज में शोध को बढ़ावा देने के लिये एमओयू किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



सैमसंग आर एण्ड डी इंस्टिट्यूट, नोएडा (एसआरआई-नोएडा) ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (आईआईटी बॉम्बे) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके द्वारा सैमसंग ने उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच सहयोग के लिये अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस एमओयू के तहत एसआरआई-नोएडा और आईआईटी बॉम्बे मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल हेल्थ और दूसरे महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्रों में नई खोज करेंगे। पाँच साल की इस भागीदारी में शोध की संयुक्त परियोजनाएं होंगी, जो आईआईटी बॉम्बे के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को सैमसंग के इंजीनियरों के साथ मिलकर काम करने का मौका देंगी। इस तरीके से विद्यार्थियों के लिये नये रास्ते खुलेंगे और उद्योग के लिये उनकी तैयारी भी बढ़ जाएगी। इसके अलावा, सैमसंग के इंजीनियरों के लिये उभरती टेक्नोलॉजीज जैसे कि डिजिटल हेल्थ और एआई में आईआईटी बॉम्बे के प्रशिक्षण तथा प्रमाणन के विशिष्ट प्रोग्राम होंगे। इस एमओयू पर एसआरआई-नोएडा के प्रबंध निदेशक क्युनग्युन रू और आईआईटी बॉम्बे में शोध एवं विकास के एसोसिएट डीन प्रोफेसर उपेन्द्र वी. भंडारकर ने हस्ताक्षर किये। आईआईटी बॉम्बे में हुए आयोजन में कोइटा सेंटर फॉर डिजिटल हेल्थ (केसीडीएच) के शिक्षक सदस्य, जैसे कि केसीडीएच के प्रमुख प्रोफेसर रणजीत पादिनहतीरी, प्रोफेसर निर्मल पंजाबी और डॉ. राघवेन्द्रन लक्ष्मीनारायणन उपस्थित थे। एसआरआई-नोएडा के प्रबंध निदेशक क्युनग्युन रू ने कहा, यह साझेदारी उद्योग की विशेषज्ञता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक दमदार संगम है, जो नये शोध, नवाचार एवं प्रतिभा विकास के दरवाजे खोल रही है।

# उपमन्यु चटर्जी की पुस्तक लोरेंजो सर्चेज फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ ने साहित्य के लिए 7वां जेसीबी पुरस्कार जीता

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्पीकिंग टाइगर बुक्स द्वारा प्रकाशित उपमन्यु चटर्जी द्वारा लिखित लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को साहित्य के लिए 2024 जेसीबी पुरस्कार के विजेता के रूप में घोषित किया गया है, और 25 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम जेसीबी इंडिया मुख्यालय, बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया था। प्रतिष्ठित ट्रॉफी, जो दिल्ली के कलाकार जोड़ी, ठुकराल और टैगरा द्वारा बनाई गई एक मूर्ति है, जिसका शीर्षक 'मिरर मेल्टिंग' है, उपमन्यु चटर्जी को प्रदान की गई। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जेसीबी के चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की ओर से जेसीबी इंडिया के सीईओ और एमडी दीपक शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए, दीपक शेट्टी ने कहा, साहित्य के लिए जेसीबी पुरस्कार की परिकल्पना लॉर्ड बैमफोर्ड द्वारा भारतीय साहित्य की भारतीयता का जश्न मनाने के लिए की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस पुरस्कार ने कुछ सबसे विविध कार्यों को आकर्षित किया है और यह वर्ष भी कुछ अलग नहीं है। उन्होंने इस मौके पर पूरे जेसीबी परिवार की ओर से उपमन्यु चटर्जी की लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को बधाई दी। शेट्टी ने कहा कीक्षेत्रीय भाषाओं में समकालीन भारतीय साहित्य में पाठकों को देने के लिए बहुत कुछ है। प्रकाशक उच्च-गुणवत्ता वाले अनुवादों का समर्थन करने और उन्हें बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ताकि ये कार्य पुराने और युवा दोनों पाठकों के लिए उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप प्लेटफार्मों के माध्यम से पहुंच योग्य हों। लेखन और साहित्य उपभोग दोनों के प्रति भारत का विकसित दृष्टिकोण भविष्य में कुछ रोमांचक पढ़ने के अनुभवों का वादा करता है।

# परिवहन संघ के द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर अनशन एवं प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर में पिछले पांच दिनों से स्थानीय माइंस आफिस के सामने राजहरा परिवहन संघ के द्वारा अनशन एवं प्रदर्शन विभिन्न मांगो को लेकर किया जा रहा है। स्थानीय तौर पर लगभग सभी लोगों का समर्थन परिवहन संघ को मिल रहा है। दल्ली भाजपा मण्डल ने दल्ली राजहरा के विकास, रोजगार व बीएसपी से आयरन ओर परिवहन पर अपना समर्थन परिवहन संघ की मांग को दिया। वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर एवं मण्डल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने संघ के मांगो को जायज बताते हुए आगे भी सहयोग करने की बात कहीं। प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, जिला मंत्री राजेश दसोड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर राजू कुकरेजा, भूपेंद्र श्रीवास, बंटी चोपड़े, सुरेन्द्र बेहरा, पार्षद राजेश कांबले, निलेश श्रीवास्तव, शंकर साहू रामेश्वर साहू, सुरेंद्र बेहरा, सुमित जैन, श्याम जायसवाल, हरीश बाघ, मेवालाल, नदीम, अमन सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीईओ ने लगाई कड़ी फटकार

# प्रार्थना समय पर दो शिक्षिकाएं ऑफिस में ही बैठी रही

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासन द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी को क्रियान्वन करने की दिशा में जिले के आला अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में आज सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू व जितेंद्र गोयल के द्वारा जिले में चल रहे परख सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत माक टेस्ट अभ्यास परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला राखी, विकास खंड साजा समय सुबह 10:10 बजे पहुँचे। प्रार्थना स्थल में बच्चों की उपस्थिति बहुत ही कम पाई गई। शाला में दर्ज 101 बच्चों में से मात्र 67 बच्चे ही उपस्थित थे। प्रधानमंत्री पोषक आहार योजना मध्यान्ह भोजन में भी मीनू का पालन नहीं किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन में प्रतिदिन अचार, पापड़, मिठाई देने हेतु निर्देश दिया गया। पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी अवकाश पर थी। उनका आवेदन भी पाया गया और उनका अवकाश रजिस्टर में भी दर्ज था। प्रार्थना के समय दो शिक्षिका प्रार्थना स्थल में न रहकर ऑफिस में बैठी थी।पूछने पर कार्यो का बहाना बनाएं। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उन दोनों को कड़ी फटकार लगाई। एक शिक्षिका किरण कुंजाम बिना किसी सूचना के व आवेदन के शाला में अनुपस्थित रही। उनके शाला में अनुपस्थित रहने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवकर विकासखण्ड साजा 10:50 को पहुंचे। शाला के प्रधान पाठक केदारनाथ साहू सहित सभी चारों स्टाफ उपस्थित थे। खाने की छुट्टी समाप्त होने के बाद भी सारे बच्चे बाहर में घूम रहे थे। पिरियड के समय शाला के बच्चे बाहर खेलते नजर आए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्टॉफ को कड़ी फटकार लगाई। शाला समयानुसार नियमों का कड़ाई से पालन करने, सर्वांगिण शिक्षा सत्र का उद्देश्य, डेली डायरी, अपार आई डी, परख सर्वेक्षण, उल्लास कार्यक्रम, मध्यान्ह भोजन के लिए लाभान्वित बच्चों की संख्या भी कम पाई गई। यहाँ पर भी बच्चों कि उपस्थिति कम पाई गई। कुल 81 बच्चे ही उपस्थित थे। डीईओ ने इस उपस्थिति को बढ़ाने, नियमित उपस्थिति का शिक्षकों को कड़ाई से अनिवार्य रूप से पालन करने निर्देशित किया। अगली बार इस प्रकार की परिस्थिति पुनः निर्मित होने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

# सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्ली यंत्रीकृत खदान जियोलॉजी (सेम्पलिग) विभाग के ठेका कर्मचारी बसंत पाल के 60 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर विभाग प्रमुख सौरभ कुमार डीजीएम ने शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किये और अपने उद्बोधन में उन्हें स्वास्थ्य रहने की शुभकामनाएं दिये। प्रवीण कुमार मराठे एजीएम, ने विभाग के तरफ से उपहार भेंट कर उनके काम करने की तरीका का प्रशंसा किया तथा सुरेश कुमार जेना शिफ्ट इन्चार्ज ने उनके हाउस कीपिंग करने की तारीफ की। इस अवसर पर विभाग के समस्त चार्ज मेन मिलाप कुर्रे, रोहित साहू, राकेश कुमार कश्यप, अरुण कुमार वैद्य तथा ठेका कर्मचारी जीवन लाल साहू, बंसी लाल, नारायण, विल्सन पाल, पन्ना लाल, हुमन लाल, अश्वीन, चिन्नामल कुंडू, मंशा राम, रुम लाल, प्रभा सांडिल्य, विमल, गौतम एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

# श्री बालाजी

## मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED

**1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज**

# अब मात्र ₹ 100/-

## के पंजीयन - शुल्क पर साल भर पाए

# निःशुल्क ओ.पी.डी

**सारे जाँच प्रचिलित मार्केट दरो से आधी कीमत (50%) पर**

**गंभीर से गंभीर बीमारियों का आयुष्मान कार्ड से इलाज**

**ICU भर्ती व सारे ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से**

**निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन***

गर्भवती महिलाओं के लिए

**नि: शुल्क डिलीवरी*** (नॉर्मल एवं सिजेरियन)

**ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा**

**मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02**

* नियम एवं शर्तें लागू, ** गवर्नमेंट रिजर्व पैकेज के अतिरिक्त

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403